निर्गणोपासक कबीर की साधना और संगीत

डॉ0 रोमा अरोरा
एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यक्ष संगीत विभाग
राजा मोहन गर्ल्स पी0जी0 कालेज, फैजाबाद।

भक्ति की परंपरा विश्व साहित्य के प्राचीनतम ग्रंथ 'ऋग्वेद' से प्रचलित हैं। हमारे पूर्वज, प्रकृति की लयबद्ध गति तथा उसकी विमुग्धकारी छटाओ से प्रभावित थे। यह विदित है कि भक्ति, आ संस्कृति का मूल है। वैदिक काल से आज तक इस पर विस्तृत रूप से विचार हुआ है। यह कभी साहित्यिक और कभी आध्यात्मिक दृष्टि से विद्वानों की आलोचना– प्रत्यालोचना का विषय रही है। साहित्यिक क्षेत्र में तो भक्ति से संबंधित अनेक मत–मतांतर हैं, परंतु आध्यात्मिक क्षेत्र में इसकी श्रेष्ठता और महत्ता निर्विवाद है। आध्यात्मिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धियां ही साहित्य मर्मज्ञों के लिए भी आकर्षण केंद्र बनी और अंत में रस शास्त्र में इसे महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ । पतंजलि दर्शन के अनुसार निष्काम कर्म करना तथा समस्त कर्म परमात्मा को ही समर्पित कर देना भक्ति है।[1] महर्षि नारद ने कहा–ईश्वर के प्रति प्रेम ही भक्ति है।[2] शांडिल्य के अनुसार ईश्वर के प्रति अनुरक्ति ही भक्ति है।[3] विद्वानों ने गहन अध्ययन के पश्चात भक्ति की चार अवस्थाएं मानी है।[4] ज्ञान, वरण, प्राप्ति और अनुभव। गुरु की कृपा से ज्ञान प्राप्त होता है वहीं ज्ञान ईश्वर और भक्ति के बीच परस्पर वरण की स्थिति पैदा करता है। वहीं से भक्त निष्काम भाव से धर्म का अनुष्ठान और भक्ति का संपादन करता है, यही प्राप्ति की अवस्था है। सेवा, जो भक्त की अंतिम परिणति है– उसे अनुभव कहा गया है। भक्तों का अंतिम लक्ष्य ईश्वरानुभूति का है। कबीर भक्ति को सर्वश्रेष्ठ कहते हैं। जो व्यक्ति भक्ति नहीं करता उसका जीवन व्यर्थ है, उसे जन्म लेते ही मर जाना चाहिए, ऐसा कबीर का मत है।[5] कबीर की भक्ति–साधना की कई अवस्थाएं है। साधना की प्रथमावस्था में कबीर जिज्ञासु भक्त की भांति भाव–भक्ति के द्वारा हरि–गुण आदि का वर्णन करते दिखाई देते हैं। दूसरी अवस्था निष्काम–भक्ति की साधना है जिसमें कबीर भावों की निर्मलता के द्वारा भक्ति की योजना करते दिखाई पड़ते हैं और तीसरी अवस्था में वह प्रेम लक्षणा–भक्ति के सहारे भगवान का सानिध्य प्राप्त करने हेतु भक्ति करते दिखाई पड़ते हैं।[6] कबीर की भक्ति कुछ ऐसी है कि उसे किसी प्रचलित परिभाषिक शब्दावली से पूर्ण रूपेण व्यक्त नहीं किया जा सकता। कबीर के समय सिद्धनाथ और जैन संप्रदाय के भक्त साधकों की बानियाँ और उपासना पद्धतियां थी। कबीरदास, प्रारंभ में तो इन संप्रदायों से बहुत अधिक प्रभावित थे, किंतु अनुभव ज्ञान की परिपक्वता के साथ उन्हें यह मार्ग अपूर्ण प्रतीत हुआ। निर्गुण ब्रह्म के उपासको ने जीव और ब्रहम की एकता के सिद्धांत को प्रतिपादित किया और जीव तथा ब्रह्म के ऐक्य में इहलौकिक जीवन की सार्थकता मानी। कबीर दास इसी निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे। उन्हें ज्ञानमार्गी की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। उन्होंने निर्गुण और सगुण के भेद को जानने के लिए ज्ञान को उपयोगी माना । कबीरदास के अनुसार ज्ञान के द्वारा भ्रम, अंधविश्वास और निरर्थक कर्मकांड की मोटी तहों को छेद कर धर्म के सच्चे रूप को पहचानने की अंतर्दृष्टि आती है।[7]

संतो भाई, आई ज्ञान की आंधी रे।

भ्रम की टाटी सबै उडाणी, माया रहै न बांधी।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 3 | ISSN : 2581-6306

वेदों में प्रतिबिम्बित संगीत

डॉ0 रोमा अरोरा
एसोसिएट प्रोफेसर–संगीत गायन,
राजा मोहन गर्ल्स पी0जी0 कालेज, अयोध्या, उत्तर प्रदेश।

Article Info
Volume 4, Issue 3
Page Number : 149-154

Publication Issue :
May-June-2021

Article History
Accepted : 01 June 2021
Published : 15 June 2021

शोध सारांश – भारत की सांस्कृतिक उपलब्धियों का वाङ्मय एवं सबसे प्राचीन, नियमित, सुसंबद्ध संगीत हमें वैदिक काल में ही मिलता है। वैदिक युग का प्रारम्भ आर्यों के आगमन से ही माना जाता है। इस काल में संगीत की बागडोर ब्राह्मणों के हाथ में थी। वे ही वेदाध्ययन कर धार्मिक संस्कार सम्पन्न कराते थे। ब्राह्म ऋत्विज संगीत शिक्षा भी दिया करते। गायन, वादन तथा नृत्य तीनों का विकास वैदिक युग में हुआ। वेदचतुष्टयी में गीत के अनेक प्रकार स्तोम, स्त्रोत, गाधिन, गायत्रिन, साम आदि का उल्लेख मिलता है। इस काल में वीणा वादन के अतिरिक्त शंख, मेरी दुंदुभि, तूणव, वाण आदि प्रचलित थे। वैदिक वाङ्गमय में वर्णित उदात्तः अनुदात्त एवं स्वरित के आधार पर ही पाणिनी ने सप्तस्वरों को व्यहृत किया। इस काल में आर्यों ने संगीत को धर्म के आवरण में लपेट कर गंगाजल के समान पवित्र कर दिया।

बीज शब्द– नाद, ब्रह्मानन्द, सहोदर, गीर, गातु, सामगान, अर्चिक, गाथिक सालिक।

यह सर्वज्ञेय है कि शब्द हमारे चतुर्दिक विद्यमान रहता है। शब्द का पर्याय है नाद, जो संगीत का आधार है। नाद के बिना स्वर गीत–नृत्य कुछ भी सम्भव नहीं है। मतंग ने नाद की महिमा का वर्णन वृहद्देशी में इस प्रकार किया है–

"न नादेन बिना गीत, न नोदन बिना स्वराः।

न नादेन बिना नृत्तं तस्मान्नदामकं जगत्।।[1]

संगीत मानव के अन्दर सृष्टिकाल से ही रहता है। पं0 शारंगदेव ने प्राणिमात्र के सम्पूर्ण जगत को नादाधीन माना है[2] वस्तुतः नाद और जीव एक ही है। नाद के दोनों रूप आहत और अनाहत ये मानव देह में स्थित रहते हैं। आहत नाद से स्वर की उत्पत्ति होती है। इसमें मन को एकाग्र तथा जीवन को आनन्द प्रदान करने की अपूर्व क्षमता है। अनाहत नाद जो कानों को सुनाई तो नहीं पड़ता परन्तु इसमें आत्मानंद की ऐसी क्षमता है जिसका प्रमाण नानक, कबीर, सूर आदि है। इनके अनुसार यद्यपि अनाहत नाद लोक रंजक नहीं है परन्तु मुक्ति दायक है।

Copyright: © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 GISRRJ | Volume 2 | Issue 5 | ISSN : 2582-0095

स्वामी हरिदास का भारतीय संगीत को अवदान

डॉ0 रोमा अरोरा
एसोसिएट प्रोफेसर–संगीत गायन, राजा मोहन गर्ल्स पी0जी0 कालेज, अयोध्या,उत्तर प्रदेश।

शोध–सारांश– आध्यात्मिक संगीत साधना के क्षेत्र में भारतवर्ष के सन्तों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। भगवद्भक्ति एवं संगीत का सम्बन्ध अनवरत रूप से वैदिककाल से चला आ रहा है। वैष्णव सम्प्रदाय के आचार्यों एवं संतों में स्वामी हरिदास में इष्ट साधना हेतु संगीत को माध्यम बनाया। स्वामी हरिदास एक महान् कवि, संगीतकार एवं वाग्गेयकार के रूप में प्रसिद्ध थे। भक्ति, माधुर्य एवं संगीत का अनूठा समन्वय उनको कवियों में प्राप्त है। ब्रजभाषी स्वमी जी द्वारा वर्णित राग–रागिनियों में निबद्ध अनेक पद स्वामी हरिदास के ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं। स्वामी हरिदास का सांगीतिक अवदान (योगदान) भारतीय संगीत की अमूल्य निधि के रूप में प्राप्त होता है।

बीज शब्द– उदात्त, परम्परानुमोदित, चतुर्विधि तथा लास्य, अवदान।

भारत देश आध्यात्म प्रधान देश है। अतः आध्यात्मिक साधना के क्षेत्र में संगीत का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। यह चेतना की धारा वैदिक युग से वर्तमान युग पर्यन्त चली आ रही है।

उत्तर मुस्लिम काल में भावनाओं और प्रवृत्तियों के परिवर्तन होने के कारण प्राग्वैदिक एवं वैदिक काल के संगीत में उपलब्ध भगवदाराधना के उदात्त और दिव्य भाव का ह्रास होने लगा था। ऐसे समय में भारतीय ज्ञान धारा के प्रहरी साधु–सन्त और सन्यासियों ने यथार्थ रूपेण आत्म बलिदान करके धरोहरों की रक्षा की। किन्तु कुछ सामाजिक कारणवश विभिन्न संत सम्प्रदायों के संगीतकारों का क्रमब(इतिहास न बन सका। हिन्दू और मुसलमानों के साधकों के मिलन से, देश में धर्म की नई जागृति उत्पन्न हुई, जिनके व्याख्याता कबीर, दादू और नानक जैसे संत हुये।[1]

ईसा की चौदहवीं शताब्दी में अनेक ईश्वर भक्त संत–संगीतज्ञों ने जन्म लिया था। इस काल में भक्ति आन्दोलन अपने चरम उत्कर्ष पर था। इसी समय निर्गुण संत भक्ति, सूफी भक्ति, प्रेम लक्षणा कृष्ण–भक्ति तथा मर्यादा मार्गी–राम भक्ति की प्रेरणा से हिन्दी के सर्वोच्च साहित्य का निर्माण हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप शिल्प, संगीत तथा अन्य ललित कलाओं को भी पूर्ण विकसित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।[2] सगुण भक्ति की दो धारायें राम भक्ति तथा कृष्ण भक्ति और निर्गुण भक्ति की दो धारायें ज्ञान मार्गी तथा प्रेम मार्गी, इन चारो भक्तियों के संतों ने अपने धर्म प्रचारार्थ संगीत की राग–रागनियों का आश्रय लिया। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि जब भारतीय संगीत की पवित्रता और उसके आत्मिक सौन्दर्य को नष्ट करने के प्रयत्न हुये तभी उत्तरी भारत में भक्ति आन्दोलन का वेग बढ़ा।

भारतीय संगीत वैदिककाल से ही आध्यात्मिक धरातल पर आसीन रहा है क्योंकि योग की अपेक्षा संगीत को ब्रह्मचिन्तन का सुगम साधन स्वीकार किया गया है। अतः भगवत भक्ति और संगीत का सम्बन्ध अनवरत रूप से चला आ रहा है। ब्रज में स्थापित सभी वैष्णव सम्प्रदायों के आचार्यों ने भी भगवत् वन्दना के लिये संगीत का

...192618 | Received: 01 Sep 2019 | Accepted: 15 Sep 2019 | September-October-2019 [2 (5) : 94-97]

"भक्तिकालीन गायन शैलियां"

डॉ0 रोमा अरोरा
एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यक्ष संगीत विभाग
राजा मोहन गर्ल्स पी0जी0 कालेज, फैजाबाद।

मानव सदा वैचित्र्य पिपासु रहा है। प्राचीन विषयों में नवीनता लाने की सदैव चेष्टा पाई गई है। संगीत में हम इस भावना का स्पष्ट प्रभाव देखते हैं, जिसके फलस्वरूप गायन की विभिन्न गायन शैलियों का उद्भव हुआ।

वैदिक काल में ऋक्, पाणिका और गाथा जैसे गीतों का उल्लेख पाया जाता है। साम के उपरांत जातिगा तत्पश्चात प्रबंध शैली प्रचार में आई। भरत काल में ध्रुवा गीतों का तथा मतंग काल में प्रबंध गायन का वर्णन मिलता प्रबंध गान से पूर्व हमें ध्रुवा गीतों की चर्चा शास्त्रों में मिलती है।

क्रमानुसार गीत की परम्परा का अध्ययन करने पर विदित होता है कि ऋचा से छंद गान, छंद गान से प्रबंध उत्पत्ति हुई। आचार्य भरत के 'नाट्य शास्त्र' के पश्चात 13वीं शताब्दी से पूर्व संगीत शास्त्र का कोई उल्लेखनी प्रमाणिक ग्रंथ हमें नहीं मिलता। 12वीं शताब्दी में महाकवि जयदेव का 'गीत–गोविंद' मिलता है, जो प्रबंध युग सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इस ग्रंथ का मुख्य वर्णन विषय गीतों (अष्टपदियों) में है।

गीत गोविंद के गीतों में रागों और तालों का उल्लेख पाया जाता है। जिन रागों का उल्लेख हुआ है, वह है मालव, गुर्जर, गुजरी, वसंत, रामकली, कर्णाट, देशाख्य,देशवराटी, गुण करी, देशांक, भैरव और विभास। गीत के स अंग– उदग्राह, मेलापक, ध्रुव, अंतरा और आभोग में मिलते हैं। 13वीं शताब्दी मे पंडित शारंगदेव कृत संगी रत्नाकर,संगीत शास्त्र का प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। इसके पश्चात 15वीं शताब्दी में पंडित लोचन कृत 'रा तरंगिणी' है जिसमें कवि लोचन ने छंद शास्त्र के साथ साथ संगीत का विवेचन किया है।

काव्य निर्गिति में छंद एक आवश्यक तत्व है। भक्ति काल में काव्य रचना पद–शैली के आधार पर हुई है। भक्ति संगी का स्वरूप प्रबंधों के रूप में पाया जाता है। इसीलिए राग रागिनियों से उसका घनिष्ठ संबंध है। भक्त कवियों ने अप पदों में काव्य और संगीत का सुंदर समन्वय किया है। वास्तव में उनकी रचनाओं में भजन– कीर्तन आदि तत्कालीन शैलियां अत्यधिक समृद्ध हुईं।

भक्तिकालीन कवि वीरगाथा काल के काव्य, उनकी संगीत शैली से भली भांति परिचित थे। अलाउद्दीन खिलज के काल में अमीर खुसरो ने भारत और फारस के संगीत को मिश्रित कर के कई नए अविष्कार किए। उन्होंने कौर ग़ज़ल, तराना, नक्श, नशीद, यसीत, निगार, तिल्लाना, सुहेला आदि शैलियों के लिए काव्य रचनाएं लिखीं। खुसरो समय जो मिश्रित गायन पद्धति प्रचलित हुई, उसी का विकसित रूप आज की ख्याल गायन शैली है। ख्याल के सा टप्पा, ठुमरी आदि गायन शैलियां भी मुसलमानी शासन काल में ही प्रचलित हुई। उच्च श्रेणी के कलाकारों को ध्रुप शैली ही मान्य थी।

अयोध्या की संगीत परम्परा

डॉ. रोमा अरोरा

संगीत एक अन्विति है। प्राचीन संस्कृत वाङ्गमय में संगीत का व्युत्पत्तिगत अर्थ 'सम्यक् गीतम्' रहा है, जिसमें गीत, वाध तथा नृत्य तीनों का समावेश है। भारतीय परम्परानुसार संगीत का उद्गम भी अन्य कलाओं की भाँति वेदों से हुआ है। वेद का वीजमंत्र है- 'ओऽम्'। अ उ म तीन प्रमुख शक्तियों का द्योतक है अर्थात् अकार, उकार, मकार - क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिशक्ति का पुंज ईश्वर है। ग्रंथों में कहा भी गया है-

"आकारों विष्णु रूदिष्ट उकारास्तु महेश्वरः। मकारोणोच्यते ब्रह्म प्रणावेनमयो मतः।।"

इसी बीज मंत्र से सृष्टि की उत्पत्ति हुई है। इसी से नाद, नाद से स्वर और स्वर से संगीत की रचना हुई। संगीत के सप्त स्वर इसी के अन्तर्विभाग हैं। संगीत की शास्त्रीय पद्धति भारत भूमि पर कब अवतरित हुई, इस विषय में अनेक मत-मतांतर हैं, किन्तु यह अवश्य कहा जा सकता है कि इतिहासकाल के वहुत पहले यह मूर्त रूप ले चुकी थी। ऋग्वेद स्वयं इसका प्रमाण है। ऋग्वेद की ऋचायें विशेष पद्धति में, अनुशासन पूर्वक गाई जाती थी। अतः निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि भारत में संगीत परम्परा वैदिककाल से चली आ रही है।

अयोध्या, भारतीय संस्कृति का प्राचीनतम् केन्द्र माना जाता है। पुराणों और महाकाव्यों में 'अयोध्या' परम् ऐश्वर्ययुक्त, इक्ष्वाकु नरेश की राजधानी के रूप में वर्णित है, जिसका कोना-कोना निरन्तर वेद ध्वनि तथा संगीत के स्वरों से गुंजायमान रहता था।[1] संगीत विषयक समुन्नति एवं प्रसाद के सर्वत्र दर्शन होने के कारण हम अनुमान लगा सकते हैं कि कला के रूप में संगीत को सामाजिक प्रतिष्ठा भी सर्वप्रथम इसी धरती पर मिली होगी। महाकाव्य 'रामायण' द्वारा भारत की प्राचीन परम्परा का परिज्ञान होता है, जिसकी उद्भावना आदि कवि महार्षि वाल्मीकि के द्वारा हुई। रामायण का निर्माण गेयकाव्य के रूप में हुआ। रामायण के आधार पर स्पष्ट होता है कि अयोध्या नगरी में प्रातः कालीन ईश्वरीय स्तुति का गान होता था तथा लोक गाथाएं व राजस्तुति भी गाई जाती थी। विद्वानों के अनुसार इसकाल में संगीत की प्रतिष्ठा वैदिककाल की ही भाँति थी। संगीतकला को राज्याश्रय प्राप्त था, यह तथ्य रामायण की निम्न उक्ति से स्पष्ट होता है- "नाराजके जनपदे प्रभूत नटनर्तकाः" अर्थात् विना राज्याश्रय के नाट्य तथा नृत्य आदि ललित कलाओं का विकास संभव नहीं।

पुराणों से स्पष्ट होता है कि अयोध्या में संगीत का एक स्वस्थ वातावरण था किन्तु ऐतिहासिक प्रमाण अयोध्या की किसी पुष्ट परम्परा की ओर संकेत नहीं देते। गुप्त साम्राज्य के पतन के साथ अयोध्या पर जो दुर्दिन की छाया पड़ी वह फिर मिट नहीं सकी। आने वाली शताब्दियाँ बहुत अशान्तिपूर्ण तथा उथल-पुथल से भरी थीं, जिसका प्रभाव संगीत पर भी पड़ा। यह कहना अतिश्योक्ति न होगी कि तुलसीदास जी की मानस पंक्तियों के कारण ही आज भी अयोध्या का पुनर्निर्माण हो सका है। महाकवि तुलसीदास के प्रभाव से दक्षिण में जन्मी भक्तिधारा जव अयोध्या पहुँची तो उसके साथ ही इष्टोपासना का ललित आधार भक्ति प्रधान संगीत भी यहाँ पहुँचा। तुलसी के मानस से अयोध्या नगरी के सांगीतिक वातावरण की जानकारी मिलती है। भगवान राम के विवाहोत्सव पर सखियों द्वारा मंगलाचार गान तो हुआ ही, साथ ही देव दुन्दुभियाँ बजने लगीं गंधर्व व अप्सराओं द्वारा गान और नृत्य होने लगा। ऐसा उल्लेख रामयण में भी मिलता है। वनवास के समय भगवान राम व सीता के समक्ष वन नर्तकियों द्वारा विनोद नृत्य किया जाता था। जव हनुमान ने रावण के अन्तमहल

एसोसियट प्रोफेसर, संगीत विभाग, राजामोहन गर्ल्स पी.जी. कालेज, अयोध्या।

संगीत शिक्षा के विविध आयाम

डॉ० रेमा अरोरा
एसोसिएट प्रोफेसर–संगीत गायन,
राजा मोहन गर्ल्स पी०जी० कालेज, अयोध्या,उत्तर प्रदेश।

शोध–सारांश– संगीत शिक्षा, गुरू–शिष्य परम्परा के माध्यम से मौखिक रूप से, प्राचीन काल से ही चली आ रही है। संगीत गुरूमुखी विद्या है। प्राचीनकाल में संगीत शिक्षण पद्धति मन्दिरों में, दरबारों में सीना बसीना तालीम के माध्यम से होती थी। अपनी मौलिक विचारधारा, रीति, शैली आदि के अनुरूप शिक्षण–पद्धति क्रमश सम्प्रदाय, मत (मठ), प्रबन्धगान के अन्तर्गत बानो, तदन्तर घरानों के रूप में विकसित हुई। शालेय शिक्षण का प्रचलन प्राचीन एवं मध्ययुग में भी यत्र–तत्र देखने को मिलता है। वर्तमान समय संस्थागत संगीत शिक्षण का है जिसके कारण ही आज संगीत घर–घर में गूँज रहा है।

बीज शब्द– आयाम, शालेय शिक्षण, प्रबन्ध ज्ञान, वाग्गेयकार, कलावन्त, घराना।

संगीत शिक्षा की परम्परा अपने देश में प्राचीन काल से चली आ रही है। प्रत्येक विद्या के शिक्षा ग्रन्थों का नाम मिलते हैं; जिनमें नारद द्वारा रचित "नारदीय शिक्षा" एवं प्रमुख ग्रन्थ है।

संगीत शिक्षा या शिक्षण के इतिहास पर दृष्टिपात करने से संगीत–शिक्षण प्रणाली का ऐतिहासिक स्वरूप स्पष्ट होता है।

भारतीय संस्कृति में गुरू का स्थान सर्वोच्च माना गया है–

"गुरूर्ब्रह्मा, गुरूर्विष्णु गुरूर्देवो महेश्वरः।
गुरूः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरूवे नमः।।"

वैदिक काल से मध्ययुग तक संगीत–शिक्षा, गुरु–शिष्य परम्परा द्वारा दी जाती रही है। प्रशिक्षण देने के दो रूप प्रचलित रहे–

प्रथम–पिता द्वारा पुत्र को प्रशिक्षण।

द्वितीय–गुरु द्वारा शिष्य को प्रशिक्षण।

संगीत शिक्षा गुरु मुखी शिक्षा है। गुरु से शिष्य एवं शिष्य से प्रशिष्यों को यह विद्या मौखिक रूप से देने की परम्परा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। उस समय स्वर लिपिब(करने की व ध्वनि अंकित करने की कोई तकनीक उपलब्ध नहीं थी, जिससे सबक संग्रहीत किया जा सके। सब कुछ मौखिक परम्परा द्वारा ही सीखना–सिखाना था, फिर चाहे मन्दिर–संगीत हो या दरबारी संगीत।

संगीत में गुरु–शिष्य परम्परा शास्त्र एवं कला के अन्तर्गत शिवमत, ब्रह्ममत, भरतमत, हनुमन्मत आदि सभी संगीत एवं नाट्य के स्वतन्त्र सम्प्रदाय थे। जिनकी अपनी पृथक–पृथक मान्यतायें थी। ... ग, मतंग तथा अभिनवगुप्त 'भरतमत' के अनुयायी थे। प्राचीन प्रबन्ध–गान की शुद्धा, भिन्ना गौडी, ... एवं साधारणी गीतियाँ, ध्रुवपद की गौरहारी, डागुर, नौहार एवं खंडार बानी ;वाणियाँद्ध तथा ग्वालियर, आगरा, जयपुर, पटियाला, किराना इत्यादि घरानों का विकास गुरु–शिष्य परम्पराओं के आधार पर हुआ। तात्पर्य यह है कि 'मत', 'सम्प्रदाय', 'वाणी' या 'घराने' कला के प्रति एक विशिष्ट दृष्टिकोण से

...92688 | Received : 15 Nov 2018 | Accepted : 30 Nov 2018 | November-December-2018 [1 (4) : 104-109]

रामायण एवं मानस में ललित कलाएँ

▪ डॉ रोमा अरोरा

भारतीय संस्कृति का प्रधान अंग ललित कलाएं हैं। रामायण और मानस में इन कालाओं का विवरण एवं चित्रण व्यापकरूपेण किया गया है। दोनों महाकाव्यों में कलात्मक विवेचन करने के पूर्व कला का स्वरूप अथवा कला का महत्वज्ञान अनिवार्य है।

कला को परिभाषित करना सरल नहीं है किन्तु सहजरूप में कहा जा सकता है कि जिसमें लालित्य हो, सूक्ष्मता हो, माधुर्य हो, जो मनुष्य के भावजगत को स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त कर सके, तथा जो परम्परागत रूप में अक्षुण्ण रह सके, वह कला है। मानव हृदय की भावनाओं को जब सुन्दरता से प्रस्तुत किया जाय, जिससे आत्मा प्रसन्न हो और हृदय अलौकिक आनन्द से परिपूर्ण हो जाय, वह कला ललितकला कहलाती है। कला का सम्बन्ध नियमों से नहीं है। कला असीमित है अर्थात् मनुष्य की भावनाओं का जहाँ तक विस्तार है, वह सब कला का विषय है। इस दृष्टि से कला के दो विभाग होते हैं-

(१) उपयोगी कला (२) ललित कला।

ललित कला के अन्तर्गत वास्तु कला, मूर्ति कला, चित्रकला, संगीत तथा काव्य कला है। यह श्रेणी इन कलाओं के आधार तत्वों पर निर्भर है।

रामायण और मानस भारतीय संस्कृति की धरोहर के रूप में है। ये दोनों महाकाव्य, काव्य कला के प्रकाश-स्तम्भ तो हैं ही किन्तु अन्य चार कलाओं का सांस्कृतिक रूप भी हमें रामायण और मानस में दृष्टिगोचर होता है।

रामायण व मानस में वास्तुकला :

रामायण युग में यज्ञमण्डपों का सूक्ष्म चित्रण मिलता है। इस युग में यज्ञादि की प्रधानता थी। ये मण्डप केवल साधारण वर्ग ही नहीं वरन् शिल्पशास्त्रियों के संचालन में निर्मित कराये जाते थे। व्यापक यज्ञशालाओं के निर्माण का चित्रण भी रामायण में मिलता है। राजा दशरथ की नगरी अयोध्या के भवन, उपवन, सार्वजनिक स्थानों में शिल्पकला का आर्दश स्वरूप रामायण में दर्शाया गया

भारतीय सूफी संगीत

• डॉ0 रोमा अरोरा

विश्व में आन्तरिक उपासना के प्रत्येक मत में संगीत रचा–बसा है। ऋषियों, संतो, फकीरों सभी ने संगीत से प्रेम किया और उस परम शान्ति को प्राप्त किया जिसे निर्वाण अथवा समाधि कहते हैं। संगीत–साधना है ही इतनी प्रभावशाली कि इसके प्रभाव से आत्मिक सौन्दर्य में वृद्धि होने के साथ–साथ अन्तर्दृष्टि खुलने की भी संभावना बढ़ जाती है और साधक को पूर्णता प्राप्त होती है।

सूफी–संतों ने आहत नाद की उपासना करते हुये परमात्मा की प्राप्ति के लिये सदैव अपने हृदय के प्रेम को व्यक्त किया है। सूफी संत परमात्मा को परम सत्य मानते हुये उसे परम सौन्दर्य और कल्याणकारी भी मानते हैं।

शताब्दियों पूर्व अरब में पैगम्बर हजरत मुहम्मद द्वारा इस्लाम धर्म प्रवर्तन के पूर्व ही निस्पृह दरवेशों और फकीरों का एक वर्ग चला आ रहा था जो 'सूफ़ी' कहलाता था। इस वर्ग का एकमात्र उद्देश्य था, ईश्वर की प्राप्ति। अतः वे धन–वैभव, घर–परिवार आदि के प्रति उदासीन रहकर केवल ईश्वर चिन्तनरत रहते थे। परमेश्वर के प्रति सच्चा अनुराग तथा उनके मिलन में एक रस हो जाना ही उनके जीवन का आदर्श था।

सूफ़ी का अर्थ है – सफाई वाला। जिसने अपने हृदय रूपी पात्र को गंदगी और विकारों से शुद्ध कर लिया, मन के मैल को धो डाला, पात्र को स्वच्छ किया, वही 'सूफ़ी' कहलाता है।

'सूफ़ी' शब्द 'सूफ' से बना है, जिसका अर्थ है ऊन या मोटा पशमीना। यह शब्द सर्वप्रथम केवल उन व्यक्तियों के लिये प्रयुक्त हुआ जो सादा जीवन एवं संतोषी वृत्ति वाले होते थे तथा एक खास ढंग के साधारण वस्त्रों द्वारा लोगों को आकर्षित करते थे। ईश्वर प्राप्ति हेतु साधनागत मार्ग पर चलने वाले सूफी का लक्ष्य पवित्रता, उपासना, तल्लीनता तथा आत्मसमर्पण का धर्म अपनाना होता था जिसे **सूफ़ी** मत कहा गया। काव्य, संगीत, नृत्य के माध्यम से सूफी संतों ने अपनी प्रेममयी वाणों को विभिन्न रागों में निबद्ध करके जनता में भी आपसी प्रेम व श्रद्धा का भाव पैदा किया।

सूफी सम्प्रदाय और उसके उपसम्प्रदाय अनेक हैं, जिनमें से चिश्तिया, कादिरिया, सुहरवर्दिया और नक्शवर्दिया प्रमुख हैं। सूफी संगीत को प्रचलित करने का श्रेय अधिकाशंतः चिश्तिया वर्ग को दिया जाता है। हजरत ख्वाज़ा मोइनुद्दीन चिश्ती, जो अजमेर के ख्वाजा/गरीब नवाज़ के नाम से प्रसिद्ध हैं, वह सर्वाधिक बुजुर्ग हैं। हदीस के विद्वान शेख अब्दुल हक मुहदिदस देहलवी ने अपने ग्रंथ 'अखबारूल– अखयार' में काजी हमीदुद्दीन नागौरी (जिनका संबंध शेख सुहरवर्दी से है) के वृतान्त में लिखा है कि उनके पंथ में वज्द (उन्मादना) और समाअ (सूफी भक्ति संगीत) दोनों बहुत प्रचलित थे। इनके पश्चात निजामुद्दीन औलिया ने भी इसे अपनाया और बहुत प्रचार किया। उस समय संगीत की मजलिसें चलती थीं, साधक प्रायः घूमते रहते थे। इस्लाम धर्म में प्राचीनकाल से ही दो वर्ग चलते रहे। एक इस्लामी कर्मकाण्ड के आलिमों का वर्ग, जिन्हें 'फकीह' कहते हैं, जो 'समाअ' को वर्जित ठहराता रहा। ये विद्वान लकीर के फकीर रहे। वे धर्म की मिथ्या रूढ़ियों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते थे परन्तु सूफी, धर्म की उन बातो से आगे बढ़ जाते, जो उनके अनुभवजन्य ज्ञान की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। इन्हीं कारणों से सूफियों और मुल्लाओं में सदैव बैर–भाव रहता आया है।

सूफी साधना के अन्तर्गत एक पारम्परिक चीज़ आती है, जिसे 'ज़िक्र' कहते हैं। साधारणतः इसे स्मरण, गुण–कथन, कीर्तन आदि कहा जा सकता है। 'जिक्र' सूफी साधना का एक अनिवार्य अंग है। 'ज़िक्र' करते–करते अलौकिक रहस्य में लीन होकर सुध–बुध खो देना ही सूफी सगीत की विशेषता है। कहा जा सकता है कि अहं रहित, उन्मनी अवस्था का संगीत ही सूफी संगीत है। सूफी सगीत के अन्तर्गत ईश्वर नाम–स्मरण, चिन्तन, कीर्तन आदि के अतिरिक्त इस्लाम के पाँच कर्तव्य भी अनिवार्य है, जिनमें कलमा, नमाज, रोजा, हज और जकात अर्थात दान प्रमुख हैं। जप व ध्यान के अतिरिक्त पीरों–मुर्शिद का भी गुणगान रहता है। सूफी संगीत में 'जिक्र' गेय रचनाओं के रूप में प्रयुक्त होता है, जिन्हें 'ज़िक्र–गीत' कहा जा सकता है। ज़िक्र गीतों का प्रचलन भारत में भक्ति आन्दोलन के बहुत पहले से रहा। जब हिन्दू–मुस्लिम संस्कृतियों में घनिष्ठता बढ़ी तब ऐसी रचनाएं मिलने लगीं जिनमें वैष्णवों का भक्ति मार्ग, नाथ एवं सिद्धों का योग–मार्ग और सूफियों

Research Link - 74, Vol - IX (3), May - 2010, Page No. 142-144
RNI No. MPHIN/2002/7041, ISSN No. 0973-1628

सौन्दर्य दर्शन - एक सांगीतिक दृष्टि

प्रस्तुत शोधपत्र में सांगीतिक दृष्टि से सौन्दर्य दर्शन को लेकर विचार किया गया है। सौन्दर्य का अनुभव व्यापक और महत्वपूर्ण है। सौन्दर्य से जो आनन्द प्राप्त होता है, उसे 'रस' कहा गया है। भरतमुनि ने सौन्दर्य को मानव जीवन के अति निकट बताया है। उन्होंने कुछ इस तरह से, और इतना सूक्ष्म अध्ययन, चिंतन और सिद्धांत दिये हैं, जिसे पाश्चात्य सौन्दर्य दर्शन भी स्वीकार करता है। हीगेल ने भी सौन्दर्य शास्त्र को ललित कलाओं के दर्शन के रूप में स्वीकार किया है। दरअसल बोसांके के अनुसार सौन्दर्य शास्त्र, सुन्दर का दर्शन है और सुन्दर आनन्द देता है।

श्रीमती रोमा अरोरा

संभवतः जीवन के साथ ही जीव में आनन्द की भावना भी जागृत हुई अथवा हम यह भी कह सकते हैं कि आनंद की भावना से ही जीवन का आविर्भाव हुआ।

शैशवावस्था में देखा गया सौन्दर्य, प्रौढ़ होते-होते बदल जाता है। शिशु का अनुभव सरल व शुद्ध होता है उसमें किशोर के स्वप्न, युवावस्था की वासना और वृद्ध की दार्शनिकता का मिश्रण नहीं होता।

इसके पश्चात् जीवन की जटिलता के साथ ही, वस्तु के गुणों और आकारों के अनुभव में एक व्यञ्जकता का आविर्भाव होता है। प्रत्येक ध्वनि, रंग, रेखा और उनके आकारों का आध्यात्मिक अर्थ निकलने लगता है। किसी से शीतलता, किसी से गंभीरता, किसी से उल्लास, माधुर्य प्रेम आदि का अनुभव होने लगता है। इसी प्रकार संगीत ध्वनि से भी प्रेम, वैराग्य, वीरता आदि का अनुभव होने लगता है।

सौन्दर्य का अनुभव व्यापक और महत्वपूर्ण है। इससे हृदय सरस और जीवन उर्वर होता है। बुद्धि को नवीन चेतना और कल्पना की सजीवता प्राप्त होती है। सौन्दर्य से जो आनंद उत्पन्न होता है, उसे हम 'रस' कहते हैं कोई वस्तु स्वतः सुन्दर नहीं होती जब तक आनंद का अनुभव नहीं है, और आनंद तक तब नहीं है जब तक वस्तु सुन्दर नहीं होती। सुन्दर वस्तु मूर्तिमती अनुभूति है, और अनुभूति स्वयं वस्तु के सौन्दर्य से स्वरूप पाती है।[1]

महर्षि भरत के अनुसार हम जिस अनुभव विशेष को 'रस' कहते हैं, उसका हमारे मानवीय जीवन से निकटतम् संबंध है, और जीवन का वह भाग, जिससे 'रस' का संबंध है, वह हमारी कामनाएं, वासनाएं अथवा पशु-प्रवृत्तियाँ हैं, जो हमारे मन में नित्य अनुस्यूत रहती हैं।

भरत ने 'रस' के मूल की गवेषणा करने में जिन स्थाई प्रवृतियों का पता लगाया, उन्हें आज का पाश्चात्य सौन्द्रर्य दर्शन स्वीकार करता है। सौन्दर्यशास्त्र अथवा नन्दनशास्त्र के दार्शनिक दृष्टिकोण को देखें तो स्पष्ट होता है कि हीगेल ने सौन्दर्यशास्त्र को ललित कलाओं के दर्शन के रूप में स्वीकार किया है। बोसांके के अनुसार सौन्दर्यशास्त्र सुन्दर का दर्शन है।[2]

सौन्दर्यशास्त्र का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इसे दर्शन का अंग मात्र मानना अथवा मनोविज्ञान के अंग – रूप में स्वीकार करना समीचीन नहीं है।

भारतीय विचारकों ने सौन्दर्यशास्त्र के संबंध में जो विचार व्यक्त किये है, वे बहुत कुछ पाश्चात्य विचारकों के विचारों पर ही आश्रित हैं, उनमें मौलिकता नहीं है। के.एस. रामस्वामी के अनुसार सौन्दर्यशास्त्र, कला में अभिव्यक्त सौन्दर्य विज्ञान है।[3] इस विचार पर क्रोचे का प्रभाव स्पष्ट है। डॉ. कान्तिचन्द्र पाण्डेय के अनुसार सौन्दर्यशास्त्र ललित कलाओं का विज्ञान और दर्शन है।[4] उन्होंने क्रोचे और हीगेल के मतों को मिला दिया है। पाश्चात्य जगत में सौन्दर्यशास्त्र का विकास कलाओं के दर्शन के रूप में हुआ है और बहुत दिनों तक यह दर्शनशास्त्र का भी अंग रहा है। बाउमगार्टेन ने इसे दर्शनशास्त्र के बंधन से मुक्त कराकर स्वतंत्र शास्त्र के रूप में प्रतिस्थापित किया। इतना होते हुये भी यह दर्शन के प्रभाव से मुक्त नहीं हुआ है। हॉं, इतना अवश्य है कि 20वीं शताब्दी में आकर यह बहुत अधिक व्यापक हो गया है और सभी प्रकार के कला – रूप इसकी विवेचना के विषय हो गये है।

सौन्दर्य तत्व को भारतीय दर्शन में 'रस' कहा गया है। स्पष्ट शब्दों में इसे आत्मा और आनंद का समानार्थक मान लिया है। मेरे विचार से जब हम 'रास का दर्शन' की बात करते है, तो कला के प्रमुख तत्वों पर दृष्टि डालनी आवश्यक हो जाती है। ऐसी स्थिति में कला के संवेगात्मक मूलक संवेगात्मक' तत्व पर चर्चा करनी भी आवश्यक होती है, क्योंकि सौन्दर्य संवेगात्मक तत्व है, हमारा आनंद

वरिष्ठ प्रवक्ता, संगीत (गायन), राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, फैजाबाद (उत्तरप्रदेश)

पाश्चात्त्य देशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत

□ (श्रीमती) रोमा अरोरा

हमारा देश भारत, अध्यात्म-प्रधान देश रहा है। भारतीय संस्कृति की आत्मा आध्यात्मिक स्वर एवं धार्मिक अभिव्यंजना से अनुप्राणित रही है। आध्यात्मिक विकास भारतीय जीवन का लक्ष्य सहस्राब्दियों से रहा है। भारतीय संस्कृति का अध्यात्म केवल एक ही व्यक्ति की गवेषण-चेष्टा नहीं, वरन् विश्व में व्याप्त सामूहिक समष्टिगत आत्मा की खोज है।

भारतीय संगीत सदैव एक विशेष भावना पर केन्द्रित रहता है और अपने सुरों के माध्यम से संगीतकार उसी भाव को विकसित कर व्याख्यायित एवं संपोषित करता है।

भारतीय संगीत अति प्राचीन काल से अपनी बौद्धिक एवं कलात्मक उत्कृष्टताओं के कारण जिज्ञासा एवं रुचि का विषय रहा है। संगीत भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग होने के कारण वह अपनी आध्यात्मिकता; सहजता एवं भाव-प्रवणता से समय-समय पर पाश्चात्त्य विद्वानों को आकर्षित करता रहा है। भारतीय संगीत, साहित्य और कला, देश की सीमाओं को नहीं मानते।

'पाश्चात्त्य देशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत' विषय पर जब हम दृष्टिपात करते हैं तो पाते हैं कि ब्रिटिश शासन-काल में जब विद्वानों ने भारतीय दर्शन में रुचि ली, तब संगीत को भी अछूता नहीं छोड़ा।

19वीं सदी के प्रारम्भ में बाँदा रियासत के नवाब की सेना में नियुक्त विदेशी अधिकारी कैप्टिन विलर्ड को भारतीय संगीत से गहरा लगाव था। उनका पूरा नाम कैप्टिन ऐन0 ऑगस्टस विलर्ड था। उन्होंने दरबारी संगीतज्ञों एवं कलाकारों से प्रत्यक्ष सम्पर्क कर हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का गहन अध्ययन किया और इस प्रकार भारतीय संगीत को गहराई से आत्मसात् किया। इस आधार पर उन्होंने अँग्रेज़ी में एक ग्रन्थ लिखा, जिसका नाम है—'Music of Hindustan'। इस ग्रन्थ में समग्र भारतवर्ष की संस्कृति की झलक मिलती है, जो वस्तुतः बहुमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है।

बड़ौदा के सूफ़ी सन्त-संगीतज्ञ हज़रत इनायत ख़ाँ ने 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में पाश्चात्त्य देशों में भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार-हेतु विशेष प्रयास किया। यद्यपि यह कार्य उस समय अत्यन्त दुष्कर था, क्योंकि भारतीय संगीत को केवल लोक-संगीत का दर्जा प्राप्त था। सन् 1911 से 1925 तक उन्होंने वहाँ अपने भाइयों के साथ रहकर अनेक शास्त्रीय कार्यक्रम तथा वार्तामालाएँ प्रस्तुत कीं। उनका कार्य-क्षेत्र बहुत विशद था। तत्कालीन राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह अत्यन्त सफल कार्य था।

सन् 1925 से 1935 के दशक में पं0 उदयशंकर का नाम उल्लेखनीय रहा।

देश की स्वतन्त्रता के उपरान्त जब राजनीतिक स्थिरता आई तो भारत में संगीत का विशेष विकास हुआ। सन् 1960 के आस-पास पाश्चात्त्य जगत् में भारतीय संगीत का ज्वार-भाटा-सा आया, जोकि समय के साथ-साथ परिपक्व होते हुए आज पाश्चात्त्य समाज में सम्माननीय स्थान प्राप्त कर चुका है। इस संघर्षपूर्ण सफल प्रयास में पं0 रविशंकर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। शनैः-शनैः ही सही, परन्तु पाश्चात्त्य युवा पीढ़ी ने उनके संगीत में विशेष रुचि दिखाई। तत्कालीन युवा पीढ़ी हिप्पी-आन्दोलन से प्रभावित थी, जिन्होंने

वैश्विक महामारी: तनाव प्रबन्धन में संगीत-योग

डॉ. रोमा अरोरा, एसोसिएट प्रोफेसर,अध्यक्ष संगीत विभाग,
राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, अयोध्या (उ.प्र.)

आज की तनाव पूर्ण जीवन शैली के असन्तुलन को सन्तुलित करने में सबसे अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त माध्यम भारतीय संगीत है; ऐसा कहना अतिश्योक्ति न होगा। स्वामी विवेकानंद जी के शब्दों को अनुवाद रूप में उद्धृत करना चाहूंगी, जो स्वयं भी एक प्रशिक्षित गायक थे और उस्ताद अहमद खां के शिष्य "संगीत का मनुष्य के मन पर इतना प्रबल प्रभाव है कि क्षण भर में वह मन को एकाग्र चित्त कर देता है। आप देखेंगे कि मन्द बुद्धि, अज्ञान, नीच, पाशविक वृत्ति के लोग, जो अपने चित्त को क्षण भर के लिए भी स्थिर नहीं रख सकते,आकर्षक संगीत सुनने पर तुरंत सम्मोहित हो एकाग्र चित्त हो जाते हैं।"

संगीत द्वारा अस्वस्थता व मानसिक असंतुलन के उपचार भारतीय मनीषियों को भलीभाँति विदित था। अतःसंगीत द्वारा रोगों की उपचार प्रक्रिया भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है किन्तु दुर्भाग्य वश भारतवासी जब तक किसी विज्ञान, अवधारणा आदि को पाश्चात्य चोला नहीं पहनाते, तब तक उसे मान्यता नहीं देते।

यह सर्वज्ञ है कि संगीत और योग समानांतर ही हैं। जिस प्रकार योग एक विज्ञान है उसी प्रकार संगीत एक वैज्ञानिक यौगिक क्रिया है। योग से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। संगीत के प्रधान होने के कारण हम उसके प्रयोग से स्वयं को ही नहीं अपितु किसी अस्थिर, असंतुलित प्राणी को स्वस्थ व एकाग्रचित्त कर सकते हैं। संगीत और योग के रूप में भारत ने, विश्व को विशिष्ट उपहार दिया

संगीत का वैज्ञानिक आधार है क्योंकि संगीत मस्तिष्क और नाडिग्यो को शान्त करता है,मानव शरीर समस्त प्रणालियों .और अवयवों को शक्ति व स्फूर्ति देता है और मन को सक्रिय करता है। स्नायुओं में सुख की भातिं मधुर स्पन्दन का संचार करता है। एक महत्वपूर्ण बात मैं अवश्य कहना चाहूगी कि इस का सांगीतिक सुख, स्पन्दन, एकाग्रता, शान्त मन, ये सब भारतीय संगीत में ही संभव है

पार्श्वगायन की विकास यात्रा

रोमा अरोड़ा

यह अटूट सत्य है कि समस्त ब्रह्माण्ड संगीतमय है क्योंकि सर्वप्रथम ब्रह्मा के हृदय का उल्लास ही गीत बनकर ब्रह्माण्ड में गूंजा और सृष्टि की रचना हुई। धरती रची, आसमान रचा, सूरज, चाँद, सितारे, नदी, पर्वत, झरने———कितना कुछ रच डाला। समस्त ब्रह्माण्ड स्वर व लयबद्ध हो गया। महासागरों के ध्रुपद, झरने के ख्याल, नदियों की रागिनी, हवा की ठुमरी, कोयल का पंचम, चिड़ियों के तराने———सृष्टि का कण–कण संगीत में डूब गया। संगीत के नाद में सृष्टि के सारे रंग समाहित हो गए। जीवन की प्रत्येक अनुभूति में संगीत निहित हो गया। सृष्टि के चारो ओर जो भी घटित हो रहा है, वह सब संगीतमय है। समस्त सौरमंडल को यदि हम वाद्यवृंद (Orchestra) कहें तो अतिश्योक्ति न होगी। इसी प्रकृति के पार्श्व संगीत ने मनुष्य को प्रेरित किया, और अन्य कलाओं का भी उदय हो गया।

विषयानुसार सर्वप्रथम प्रश्न होता है कि भारतीय सिनेमा में आज जो पार्श्वगायन का प्रारूप है–वह कहाँ से आया? जिसमें फिल्म की कहानी के साथ गाने गाए जाते हैं।

यह सर्वज्ञ है कि गीत–संगीत, संस्कृत–नाट्य परंपरा का अभिन्न अंग है। 20वीं सदी में जब सिनेमा गतिशील हो रहा था तब भारत में नाट्य उपलब्ध था। मुंबई में जहां पारसी थियेटर और मराठी रंगमंच अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से जनता का हृदय जीत रहा था, वही बंगाल में 'जात्रा' का प्रचलन था। बहुत बाद में 'साउंड' आई, तो नए प्रारूप की प्रेरणा–यही संगीतमय नाट्य बने। यही नहीं, रंगमंच के इन रूपों में काम कर रहे कलाकारों को भी एक नया आयाम मिला।

भक्तिकालीन कवियों की संगीत द्वारा ईश उपासना

श्रीमती रोमा अरोरा
शोध प्रयोजन, संगीत विभाग
राजा मोहन गर्ल्स पी०जी० कालेज
फैजाबाद

जीवन का परम साध्य है - अखंड आनन्द, जिसकी प्राप्ति का सुख ही मोक्ष है मोक्ष धाम पहुँचने का सबसे सरल माध्यम अथवा मार्ग है 'भक्ति'। भक्ति आर्य-संस्कृति का मूल है। वैदिक काल से लेकर आज तक इस पर विस्तृत रूप से विचार हुआ है। यह कभी साहित्यिक और कभी आध्यात्मिक दृष्टि से विद्वानों की आलोचना कभी प्रत्यालोचना का विषय रही है। साहित्यिक क्षेत्र में तो भक्ति से संबंधित अनेक मत-मतान्त हैं, परन्तु आध्यात्मिक क्षेत्र में इसकी श्रेष्ठता और महत्ता निर्विवाद है, बल्कि आध्यात्मिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धियां ही साहित्यकारों के लिए भी आकर्षण केन्द्र बनी और अन्त में रसशास्त्र में इन्हे महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ। 'नारदीय भक्तिसूत्र' के अनुसार

अथातो भक्ति व्याख्या स्यामः। सा त्वस्मिन परमप्रेमरूपा ॥

अर्थात् भक्ति परम प्रेम-रूप है। 'शाण्डिल्य भक्तिसूत्र' के अनुसार ईश्वर में अनुरक्ति ही भक्ति है - अथातो भक्ति जिज्ञासा, - सा परनुरक्तिरीश्वरे।

अस्तु देवर्षि नारद ने भक्तिसूत्र में भक्ति को ज्ञान, कर्म, योग से अधिक श्रेयस्कर बताया है।1 क्योंकि शरणागति से भगवत् भक्ति और भगवत् कृपा से ही ज्ञान प्राप्त हो सकता है। भक्ति आर्य संस्कृति का मूल है किन्तु भक्ति संगीत का प्राचीन ग्रन्थ 'सामवेद' है। वैदिक काल में पंचभूत आत्मा अग्नि तथा नक्षत्रों की पूजा करने का विधान था, अतः वेदों में लिखे गये श्लोकों के वर्ण्य विषय भी इन्हीं आराधना से सम्बद्ध है। संभवतः संगीत की महत्ता को स्वीकार करने के कारण ही इन स्तुतिपरक मंत्रों को संगीतात्मक स्वरूप प्रदान किया गया होगा। 'सामवेद' इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसे उपासना काण्ड का वेद कहा जाता है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने वेदों में संगीताधिकारी 'सामवेद' को अपना ही स्वरूप बताया है।2

आत्मचेतना की जागृति के लिए स्वर साधना से मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव होता है। मानव जीवन का चरम लक्ष्य 'मोक्ष', 'आत्मसाक्षात्कार', अथवा 'ईश्वर-सानिध्य' प्राप्त करना माना गया है।3 आध्यात्मिक साधना के क्षेत्र में संगीत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

प्रागवैदिक एवं वैदिक काल में संगीत में उपलब्ध भगवदाराधना का उदात्त व दिव्य भाव सर्वत्र व्याप्त था। मुगलकाल में मुसलमानों की प्रवृत्तियों और भावनाओं में परिवर्तन होने के कारण संगीत के दिव्यत्व का ह्रास होनेलगा। ऐसे समय में भारतीय ज्ञानदारा के प्रहरी साधु-सन्त और सन्यासियों ने यथार्थरूपेण आत्म-बलिदान करके धरोहरों की रक्षा की, जिससे देश में नई जागृति उत्पन्न हुई।

ईसा की चौदहवीं शताब्दी से सोलहवीं शताब्दी में अनेक ईश्वर भक्त संत-संगीतज्ञों ने जन्म लिया। इस काल में भक्ति आन्दोलन अपने चरम उत्कर्ष पर था। इसी समय पूर्ण संत भक्ति, प्रेममार्गी, सूफी भक्ति, प्रेमलक्षणा कृष्ण भक्ति तथा मर्यादा मार्गी-राम भक्ति

56.

"रागों एवं तालों के अप्रचलित प्रकार"

श्रीमती रोमा अरोरा

'अप्रचलित' अर्थात् अछोप'। संगीत के क्षेत्र में 'अछोप' का संबंध अप्रचलित से जोड़तें है। यद्यपि इन दोंनों शब्दों का अर्थ ही लगता है किन्तु सूक्ष्मता से देखने पर दोनों में अंतर स्पष्ट किया जा सकता है। 'अप्रचलित' का शाब्दिक अर्थ है-'जो प्रचार में नहीं है'। 'अछोप' का शाब्दिक अर्थ शब्द कोष में-'नंगा, तुच्छ, नीच'[1] है। वास्तव में यह तथ्य विचारणीय है, परन्तु इस भ्रान्ति को सुलझाने के लिए सर्वप्रथम हम यहाँ यह विचार करेगें कि क्या प्रचलित राग-ताल कुछ समय बाद अप्रचलित हो जाते है या किसी खास कोटि के राग-तालों को अप्रचलित कहा जाता हैं।

मेरे विचार से जिन रागों का क्षेत्र सीमित होता है तथा जिनके संकीर्ण स्वरूप से कारण मधुरता एवं राग गायकी में सहजता का अभाव रहता है, ऐसे राग अपने रचनाकाल में ही अप्रचलित बने रहते है। जैसे-भंखार, मेघरंजनी, देवरंजनी, षट् इत्यादि। इस प्रकार ऐसे राग जो परम्परागत शास्त्रीय नियमों का तिरस्कार करते हैं अछोप रागों की कोटि में आते है। परम्परावादी विद्वान ऐसे रागों को अछूत मानते है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि पूर्वोत्तर भारत के मिथिला क्षेत्र में शूद्र को साधारण भाषा में 'अछूत' या 'अछोप' ही कहा जाता है।[2] इसके अतिरिक्त मालकौंस, कल्याण, भैरव, तोड़ी, बिहाग, बसन्त, दरबारी, इत्यादि राग सर्वगुणसम्पन्न होने के कारण सैकड़ों वर्षो से प्रचलित रागों की श्रेणी में गिने जाते है तथा भविष्य में भी प्रचलित बने रहेगें। वर्तमान के राग कलावती, भीम, गोरखकल्याण प्रचार में अधिक है, परन्तु हम इन्हें कल्याण, भैरव आदि की श्रेणी में नही रख सकते, क्योंकि कलावती इत्यादि राग, संगीतज्ञों के एक खास वर्ग में प्रचलित है, और कल्याण, भैरव इत्यादि राग सैकड़ों वर्षो से सर्वसाधारण से लेकर संगीत के उत्तम कलाकारों में

---

1. संपादक : कालिका प्रसाद : वृहत् हिन्दो कोष, पृ. 24
2. पं रामाश्रय, संगीत : अप्रचलित राग-ताल अंक (जनवरी-फरवरी 1983) पृ. 24

Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal)
Vol. 15, No. 12 1, December 2024

Impact Factor : 7.0
ISSN : 0976-6650

Khushwant Singh and Depiction of Cynicism and Savagery Generated by the Atrocities during the Partition of India and Pakistan

Dr. Kavita Singh
Associate Professor, Dept. of English, Raja Mohan Girls P.G. College, Faizabad, Ayodhya

Abstract

Khushwant Singh, Sikh novelist, Journalist and diplomat, is one of the new wave of young Indian novelists to emerge after independence in 1947. His novels and short stories express a sophisticated attitude to the life of India. He represents the younger generation of Indian writers whose literary careers have grown entirely since 1947 in an atmosphere free from British rule and the tension of nationalish revolt. Sophistication implies the ability to explore the truth and to face the truth fearlessly, the ability to be satirical and critical towards India and the freedom struggle. It means too the shifting of interest noted by R.K. Narayan from public to private life, from political to psychological analysis. Khushwant Singh turns a relentless eyes on complex reactions to such catastrophes as the second World War and bloody partition of India and Pakistan.

Keywords : Independence, sophisticated, nationalish revolt, satirical, critical, freedom struggle partition, political, psychological, relentless.

Aim of the Study

Is to depict the atrocities shown at the time of Partition of India and Pakistan. It throws light on cynicism and savagery committed on both sides during the partition of India and Pakistan in 1947. It will illustrates how Khushwant Singh presents three events with detachment and objectivity.

Introduction

Khushwant Singh is not inclined to flatter or to romanticize the events of partition of India and the cruelty shown at the time. He has produced a couple of novels, some short stories, criticism and a book on the history of the Sikhs. The life of his own people, the religious, an ethnic community of Sikhs in Punjab, provides a consistent thread through his work. His outlook to Sikh and Sikhism also illustrates his sophistication in its combination of sympathy with criticism. [1]

'Train to Pakistan' (1956). Singh's first novel, reflects the barbarism during the partition of sub-continent between India and Pakistan in 1947.

The novel is placed in a village which Singh calls Mano Majra situated exactly on the Pakistan-India border in the monsoon season on 1947. The village is a railway Junction. Otherwise, it has no political and military importance. Its population of Sikhs and Muslims, landlords and tenant farmers, live in easy comradeship.

The only violence is from decoits and the novel opens with a decoit raid on the village moneylender. The relative placidity of Mano Majra is soon disturbed by violence on a much greater scale. Two trainloads of multilated corpses reveal to the horrified villagers that the Sikhs and Hindus are being massacred in Pakistan.[2] The Muslims of the village are rounded up and evacuated for their own safety and the Sikhs promise to look after their property. But the atmosphere of solidarity has been destroyed. Sikh soldiers hand over the Muslim's property to decoits; and a young Sikh fanatic organises a revenge raid on a refugee train bound for Pakistan.

2:29 Vo WiFi 67%
ems_resear...
nazonaws.com

सामाजिक चिन्तन (ISSN 2348-2222): An International Peer-reviewed Refereed Research Journal **Pub. by:** SARDI, Vns, U.P. (INDIA)
Impact Factor : 5.540, Vol. XI, No. XXII, **July- December** 2024, Page No. 17-18

K.S. Venkataramani : Gandhian Economics and Politics

Dr. Kavita Singh*
*Associate Professor, Raja Mohan Girls P.G. College, Faizabad, Ayodhya

Abstract : K.S. Venkataramani is perhaps the earliest novelist to have come under the magic spell of Gandhian ideology. His novels, Murugan the Tiller (1927) and Kandan the Patriot (1932) deal with Gandhian economics and Gandhian politics respectively. Murugan the Tiller is a novel of Indian rural life. It is a fervent plea for the return to the village. Murugan, from whom the novel takes its name, is a humble, sincere tiller of Ramachandran's ancestral land.

Keywords : Gandhian, Economics, Politics, Rural life, Fervent, Village etc.

Introduction : Ramachandran (Ramu) fails twice in the B.A. examination and comes back to his village Alvanti. His wife and mother-in-law, however, keep on trying to wean him away from the dull and dreary life of the village. Floods aggravate the situation and Ramachandran goes back to the town and becomes a clerk. Events in the meanwhile transpire in such a way that Murugan becomes the master of Ramachandran's land. Falling on evil ways Murugan becomes a dacoit and is arrested along with his gang by Ramachandran who by now has become Police Chief on special duty. Ramachandran takes permission from the Government to reform the criminals. With their help he reclaims the barren land, builds a dam and starts a model community with three acre holdings each. The three acre holding brings him so much peace and contentment that Ramachandran rejects even collectorship.

Though Murugan remains in the background, he greatly influences Ramachandran's outlook on life. "Ramu saw the simple world of the starving millions through the strange, hollow, rattling eyes, and trusty and loyal soul of Murugan."[1] Ramu finds Murugan's words full of wisdom, clarity and piety. He is impressed by his lack of ambition and dislike for town life. Murugan is regarded as the "first instalment of Ramu" even by the local people. In the true Gandhian spirit Murugan tells Thoppai that evil is in the system and not in the man. It is only the system that makes one exploit the other.

Like Murugan's Ramachandran also hates the sin, but not the sinner. He is a great reformer. Talking about the robbers he tells his boss, Mr. Cadell that hunger is the root cause of all evils. Like Gandhi he is a champion of female education and looks forward to 'swaraj' for fulfilling his ambition. The impact of Gandhian ideology is evident when he finds urbanization being depicted as the main source of social and economic evils. The author finds fault with the existing system where one in ten lives upon the rest of the nine and where 'simple living and high thinking' exists no more.

Ramu seems to be modelled on Gandhi though Gandhi is not at all brought into the picture, perhaps because of the conditions prevailing at that time. He advocates agrarian economy for India. His plan of transforming the robbers into farmers by getting everyone a three acre holding reminds us of the Tolstoy Farm, set up by Gandhi in South Africa. He preaches truth in thought, word and deed. Displaying his firm faith in Gandhian principle of non-violence, he says, "The purest deed is the one that never compels another to act."[2] Again, like Gandhi he advocates action without the desire for reward and tells Kedari, his friend that simplicity is the essence of a happy life. "Mind-power which has no roots in moral and humane ideals, in character and simplicity, is combustible and self-destructive. It will destroy others and itself. There must be a change."[3] In the same vein he regards brain power as a good servant, but a bad master and advocates spinning both as a means of earning and a source of peace of mind. Gandhian plea for return to the village is amply illustrated in not only Ramu's but even Kedari's acceptance of the village life. The novel is in fact a treatise on Gandhian economics and the entire locale pervades with experimentation, elucidation and popularization of Gandhian economics. Venkataramani dedicates **Kandan the Patriot (1932)** to "the unknown volunteer in India's fight for freedom". He describes it as new India in the making and gives a graphic picture of the Gandhian Age without introducing Gandhi personally. In the words of Prof. K.S. Srinivasa Iyengar the novel depicts the "excitement of a modern Heroic age with Gandhiji making men out of clay and heroes out of common humanity."[4] The novel reverberates with the battle cries of Civil Disobedience, prohibition, 'swaraj' and 'satyagraha'. It is, in fact, the first attempt to judge the practicability and application of Gandhian ideology in the field of politics. Kandan gives up the I.C.S. because of his disappointment in love as Rajeshwari (Rajee) prefers Rangan to Kandan. He comes to his village Tillayadi instead of going to Natal, the place where he was born and where his father had left him a home and beautiful orchards. His father, Nallappan, was the first of the followers of Mahatma Gandhi and the very man who played quite an important

supporting...
nazonaws.com

उन्मेष Unmesh - ISSN 2394-2207

Impact Factor : 5.01
Vol. : XI, No. I,
November, 2024-April 2025
Pg. No. 33-35

Sigfried Sassoun and His Anti - War Sentiments

Dr. Kavita Singh*

*Associate Professor of English, Raja Mohan Girls P.G.College, Ayodhya U.P.

Abstract : Siegfried Sassoon was one of the prominent English war poets who is known for his anti-war sentiments. Unlike Georgian poets he looked upon war as an evil and exposed the seamy side of war.As he himself was a soldier he saw and suffered the drudgeries of a soldier's life in trenches. He was an English war poet, writer and soldier. He was one of the leading poets of the first world war who presented the horror of war and scoffed at the false patriotic feelings of those soldiers who stare in the face of war with bravery and enthusiasm without a tinge of fear or odd.He was pitched forked into the trenches, from a well-to-do background of culture and sportsmanship. For Sassoon war was one of the grimmest and most brutalising types of conflict man had ever had to endure. Hencehe found all the glories attached to it shattered to pieces.

Keywords - anti-war, pitch-forked, drudgeries, slaughtered, misery, brutalising, pathetic, grimmest, shattered.

Introduction : In the early months of the war, Sassoon served as an officer but being invalid he resigned his commission and for a time conducted a propagandist campaign. His poetic temperament reacted rebelliously against the cruelty and senselessness of war, and found its most ample expression in his verses. The pathetic feelings for the slaughtered youth and a sense of misery springing from survivors shattered in mind and body became a burden that he could hardly endure. His reaction was to pitchfork the true vocabulary, implements and events of trench war into poetry.

In general his mood was to convey the bitter truth. He was out to tear off any mask from the ugly face of reality as well as to wreak his anger on the heartless and the hypocrites. Much of his anger is directed against the pointlessness of war and against the senior officers who did not seem to realise the death and destruction at the front: Nichols had not failed to convey the horrorofthe battlefield but by Sassoon a more varied scene was drawn more vividly in detail that could leave none unaware, not merely of the guns and the slaughter but of the unwholesome air, the rotten naked corpses, the mud and the rats, the wiring parties in the darkness, the foul dugouts, the mutilated and nerve-shattered survivors, the agony and ignominy of death.[1]

In the early days of the war Sassoon dwelt in the world of romantic fantasy and, like Ralph Hodgson, sang of courage, heart and will / And gladness in a fight / of men who face a hopeless hill / with sparking and delight. His earliest war pieces do not lack a sober sense of heroism; they exhale heroic fervour and seem to be steeped in romanticism like poems of Brooke and Grenfell:

Everyone suddenly burst outsinging
And I was filled with such delight
As prisoned birds must find in freedom
Wildly winging across the white orchards and
dark green fields, on, on, and out of sight.
Everyone's voice was suddenly lifted
And beauty came like the setting sun
My heart was shaken with tears and horror
Drifted away... O, but everyone
Was a bird; and the song was wordless.
The singing will never be done.
(Everyone Sang)

But gradually the emphasis shifted away from the 'heroic' and the glamour of war as high adventures ceased to operate. Sassoon was moved by the horror and the gruesomeness of the slaughter in the trenches. His poetic sensibility was deeply touched, and consequently we find a different atmosphere when we enter the field of his later poems. There is no looking back to 1914 and the glamour of the old poetic tradition:

When I'm asleep, dreaming and lulled and warm –

They come, the homeless ones, the noiseless dead.
While the dim charging breakers of the storm

2:30
supporting...
nazonaws.com

Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal)
Vol. 16, No. 3.1, March 2025

Impact Factor : 7.0
ISSN : 0976-6650

Odour of Gandhian Ideology in the Novels of Bhabani Bhattacharya

Dr. Kavita Singh
Associate Prof., Dept. of English, Raja Mohan Girls P.G. College, Ayodhya

Abstract

All the novels written by Bhabani Bhattacharya deal with some contemporary problems or the other because he believes that a novelist can always find plenty of material in the happenings of the day. This is particularly true of our country which has passed and is still passing through a very significant phase in her history. Though some critics are of the opinion that writing about the contemporary events may give a journalistic touch to a piece of writing, Bhattacharya feels otherwise. He says that an immediate and acute problem of the time does bring about a spontaneous reaction in the creative artist and this may result in an excellent, realistic piece of fiction, emanating from inner compulsion. Bhabani Bhattacharya's first novel, 'So Many Hungers'(1947) was published two months later after India attained freedom. The hunger for food and for freedom is the main theme of the novel. Blessed with a well-developed sensibility, Bhattacharya could not remain unaffected by the epoch-making events of the country. The emotional stirrings he felt were a sheer compulsion to creativity. Consequently, the Bengal Famine of 1943 and the Quit India Movement 1942 play a very prominent role in the novel. There are two main strands of plot, the young scientist Rahoul and his family, representing in miniature the struggle for freedom and the poor Kajoli and her family, depicting the sad tale of millions of people who became victim of a man-made hunger. Non-violence, Role of women, Ahimsa, fearlessness, social reawakening all these philosophies of Gandhi Ji are reflected in the novels of Bhabani Bhattacharya.

Keywords : Realistic, sensibility, emotional stirrings, Bengal Famine, Quit India Movement, struggle for freedom, man-made hunger, non-violence, Ahimsa, fearlessness, role of women.

Aim of the study

वैदिक युग में भाईयुक्त कन्या का पैतृक-सम्पत्ति से भाग प्राप्त नही होता था। (न जामये तान्वो रिक्थ मारैक्) ऋ 3.31.2) किन्तु भाई के अभाव में जब पुत्री अपने पुत्र द्वारा माता-पिता का पिण्डदान करवाती थी तो वह अपने पिता की सम्पत्ति की अधिकारिणी होती थी। (अभ्रातेव पुंस एति प्रतीचि गर्तारुमिव सनये धनानाम्) (ऋ. 1. 124. 7)

किन्तु जो कुमारी पुत्री अविवाहित रहकर पिता के घर में जीवन-यापन करती थी वह पिता के सम्पत्ति की अधिकारिणी होती थी। (अमाजूरिव पित्रोः सचा सती समानदा सदसस्त्ववामि में भगम्) (ऋ. 2. 17. 7)

Correspondence:
डॉ. (श्रीमती) सुषमा शुक्ला
एसोसिएट्ट प्रोफेसर,संस्कृत विभाग,
राजा मोहन गर्ल्स पी.जी.कालेज,
फैजाबाद, अयोध्या, उ.प्र.

20

80

2.भगिनी :

किन्ही सूक्तों में स्त्री देवता एवं पुरूष देवता के मध्य भगिनी स्वरूप का भी चित्रण प्राप्त होता है। (ऋ.1/123/5.) सगोत्र विवाह का निषेध होने के कारण ऋग्वेद में यमी (यम) भाई से विवाह का प्रस्ताव रखती है। इस पर यम ने स्पष्ट रूप से कहा कि तुम मुझसे भिन्न किसी शक्तिशाली समर्थ पुरूष को पति रूप में प्राप्त करने की इच्छा करो। (उप बर्बृहि वृषभाय बाहुमन्यमिच्छ-स्वसुभगेयतिंमता) (ऋ.10/10/10)।

हुए चित्रित किया गया है। अतः संहिताओं में नारियों की समुन्नत - अवस्था को देखने के पश्चात् संहितेतर साहित्य अर्थात् - ब्राह्मण, आरण्यक एवं उपनिषद् साहित्य में नारियों की स्थिति का अवलोकन करने पर ब्राह्मण साहित्य में पत्नी तथा स्त्री-विषयक ऐसे अनेक संदर्भ प्राप्त होते हैं। जिनमें नारियों की गरिमा परिलक्षित होती है। पत्नी पति की अर्धांगिनी मानी गयी है। (अर्धो वा एष आत्मनः यत् पत्नी) (तैति. ब्रा. 3/3/3/5) शतपथ ब्राह्मण के अनुसार ईश्वर केवल पति द्वारा समर्पित हवि को स्वीकार नहीं करता है, वरन् दम्पति की

मानवाधिकार एवं नारी की सामाजिक स्थिति

—डॉ० सुषमा शुक्ला

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य को कुछ शक्तियाँ तो प्रकृति-प्रदत्त है किन्तु कुछ शक्तियाँ अधिकार के रूप में समाज या राज्य से प्राप्त करनी पड़ती है। इन्हीं शक्तियों या अधिकारों को हम मानवाधिकार के रूप में ग्रहण करते हैं। लास्की के अनुसार— ''अधिकार सामाजिक जीवन की वे परिस्थितियाँ हैं जिनके अभाव में सामान्यतया कोई भी व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का विकास नहीं कर पाता है।''

मानव ने जब धरती पर सर्वप्रथम आँखें खोलीं तो उसे माँ के रूप में नारी की गोद ही मिली। अतः जब मानवाधिकार की बातें होती हैं तो नारी के अधिकार की चर्चा करना प्रथमतः महत्वपूर्ण हो जाता है। नारी के यही अधिकार ही आज के युग में महिला सशक्तीकरण के मुख्य आधार हैं। क्योंकि किसी भी देश के सांस्कृतिक विकास का निर्माण नारियों पर ही अधिक केन्द्रित होता है। तभी तो 'नेपोलियन बोनापार्ट' ने कहा था 'तुम मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूँगा।' अतः नारियों के अधिकार या शक्तियों की जब बात आती है तो हम सर्वप्रथम वैदिक युग पर दृष्टिपात करते हैं क्योंकि विश्व की प्राचीनतम 'सारस्वत कृति और ज्ञान-प्राप्ति के मूल उद्गम वेद ही हैं। यह सर्वविदित है। वेदों में प्राचीन भारतीय समाज का तत्कालीन स्वरूप भी उन्हीं में चित्रित है। समाज के दो प्रधान घटक नर एवं नारी का चित्रण भी उन्हीं में किया गया है। आज की आधुनिक नारियों का स्वरूप तो हमारे समक्ष है ही, किन्तु उनका प्राचीनतम रूप क्या था। इसकी जानकारी हमें वैदिक वाङ्मय का अवलोकन करने पर ही ज्ञात हो सकता है। वैदिक-साहित्य का अनुशीलन करने पर तत्कालीन समाज में नारी के महत्वपूर्ण स्थान का बोध होता है। वैदिक वाङ्मय में नारी कहीं भगिनी, कहीं पुत्री, कहीं पत्नी एवं कहीं माता के रूप में दृष्टिगोचर होती है। परन्तु अब के अतिरिक्त वह साहित्य में ऋषिका जैसे गुरुतापूर्ण पद पर भी आसीन दृष्टिगोचर होती है। नारी के लिए प्रयुक्त दुहितृ, योषा-मातर-जनिनी, जाया-पत्नी-अम्बा-अदिति-काम्या-चन्द्रा आदि शब्द उसके वैशिष्ट्य को द्योतित करते हैं।

वेदकालीन नारी का प्राचीनतम रूप हमें ऋग्वेद में मिलता है। ऋग्वेद में नारी की श्रेष्ठ स्थिति का परिचय मिलता है। इस काल की कन्याओं का बालकों की भाँति ही उपनयन आदि संस्कार होते थे वे सन्ध्यावन्दन की विधि भी पूरी करती थी। बाल-विवाह की प्रथा न होने से यौवनावस्था में पदार्पण करने के पूर्व ही उनको शिक्षा-प्राप्ति का पूर्ण अवसर प्राप्त था। उस समय अनेक विदुषी नारियों (ऋषिकाओं) ने अनेक सूक्तों की रचनाएँ भी की। ब्रह्मवादिनी घोषा ने दशम मण्डल के 39वें एवं 40वें सूक्तों का साक्षात्कार किया था। इन्द्रदेव की पत्नी इन्द्राणी ने ऋग्वेद के दशम मण्डल के सूक्त की रचना की। अपाला एवं रोमशा के साथ सूर्यपुत्री सूर्या ने भी मंत्रों की रचना में योगदान किया। ऋग्वेद के 151वें सूक्त की ऋषिका पुलोमपुत्री शची कही गयी है। अपने पति अगस्त्य के साथ लोपामुद्रा ने 179वें सूक्त का दर्शन किया। तत्कालीन नारी अपनी उपार्जित उपयोगी विद्या से सन्तान, परिवार निकट के पर्यावरण एवं समाज को पूर्ण लाभ प्रदान करती थी। नारी का वैदिक कालीन समाज में अत्यधिक सम्मान था और उसे पारिवारिक संगठन में पूर्ण स्वतन्त्रता थी। संहिताओं में नारी की पारिवारिक स्थिति अधोलिखित रूपों में देखी जा सकती है—

*रीडर, संस्कृत विभाग एवं परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कालेज फैजाबाद

(1) पुत्री— यद्यपि वैदिक-संहिताओं में स्त्रियों के मातृ एवं पत्नी रूप को ही उत्कृष्ट-रूप में चित्रित किया गया है, किन्तु उनमें 'मम पुत्राः शत्रुहणोऽथो मे दुहिता विराट्' (ऋ- 10/159/3)। इस मन्त्र में दुहिता के महनीय महत्व की उद्घोषणा है। अथर्वा ऋषि ने अथर्ववेद में कन्या के यश एवं वर्चस्व को स्वीकार किया है— ''ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्'' अर्थात् कन्या स्वयं पति का वरण कर सकती है (अथर्व.-10/3/20, 12/1/25, 11/5/18)।

(2) भगिनी— किन्हीं सूक्तों में स्त्री-देवता एवं पुरुष-देवता के बीच भगिनी स्वरूप का चित्रण किया गया है (ऋ. 1/123/5)।

(3) पत्नी— वैदिक-संहिता में नारी परिवार की केन्द्र-बिन्दु मानी गयी है। 'गृहिणी गृहमुच्यते' की भव्य भावना का मूल-वैदिक साहित्य में परिलक्षित होता है। वैदिक परिवार का मंगल, सौभाग्य और कल्याण सब कुछ पत्नी पर निर्भर करता था।

(4) माता— मातृत्व-रूप में वैदिक महिला पूजनीया थी। 'मधुमेयं पृथिवी महीनम्' (ऋ 1/14/33) तथा माताभूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः (अथर्व. 12/1/12) के द्वारा मातृरूप में उसकी पग-पग पर संस्तुति की गयी है।

संहिताओं के मनन-चिन्तन से ज्ञात होता है कि वैदिकयुगीन नारियाँ सुशिक्षित एवं ज्ञान सम्पन्न होती थीं। वेद-विद्याओं में पारंगत होने के साथ-साथ वे स्त्रियाँ यज्ञादि कर्मों में निपुण, शास्त्रार्थ में पटु एवं मन्त्र-द्रष्टा होती थी। वेद में अनेक मन्त्र-द्रष्टा ऋषिकाओं की चर्चा है जिनमें विश्ववारा, आत्रेयी (ऋ. 5/28), अपाला (ऋ. 8/91), घोषा कक्षीवती (ऋ. 10/39-40) इत्यादि प्रमुख थीं।

ब्राह्मण साहित्य का अवलोकन करने पर हम पाते हैं कि ब्राह्मण-संहिता में पत्नी तथा स्त्री-विषयक ऐसे अनेक संदर्भ प्राप्त होते हैं जिनसे नारियों की गरिमा परिलक्षित होती है। नारी 'सावित्री' संज्ञा से समलंकृत की गयी है। (स्त्री सावित्री- जै. ब्राह्मण 4/27/17) ऐतरेय ब्राह्मण 'जाया' को 'गार्हपत्य अग्नि' के रूप में स्वीकार करता है (जाया गार्हपत्यो अग्निः (ऐ.ब्रा. 8/24) पत्नी पति की अर्धाङ्गिनी मानी गयी है (अर्धो वा एष आत्मनः यद् पत्नी, तैत्ति. ब्रा. 3/3/3/5) शतपथ ब्राह्मण के अनुसार ईश्वर केवल पति द्वारा समर्पित हवि को स्वीकार नहीं करता है, वरन् दम्पति की दी हुई हवि ही उसे स्वीकार्य होती है (श.ब्रा. 5/1/6/10)। शतपथ ब्राह्मण में एक आख्यान के माध्यम से बहुपत्नीत्व की आलोचना की गयी है (श.ब्रा. 5/2/2/10, 13/4/1/7) संहिता एवं ब्राह्मण साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि ब्राह्मणकालीन नारियाँ अधः स्थिति को प्राप्त हो रही थी। (कृपणं दुहिता, ऐ.ब्रा. 7/3) जहाँ स्त्री को सबला कहा जाता था वहीं श.ब्रा. 2/5/2/36 में उसे 'अवीर्या वा स्त्री' कहा गया है। ब्राह्मण ग्र. में स्त्रियों को दायभाग का अनधिकारी कहा गया है (तै. ब्रा. 6/5/8/2)।

इसके विपरीत उपनिषद् कालीन नारियों की समुन्नत अवस्था का परिचय मिलता है। बृहदारण्यक उपनिषद् भारतीय इतिहास के उस महत्वपूर्ण युग का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें नारियाँ दार्शनिक-सभाओं में भाग लेती थी और जीवन के आध्यात्मिक-तत्वदर्शन सम्बन्धी विषयों पर शास्त्रार्थ करती थी। ब्रह्मवादिनी नारियाँ उपनिषद् युग की विशिष्टता के रूप में जानी जाती है। दो ऐसी ही ब्रह्मवादिनी नारियाँ विदुषी के रूप में प्रस्तुत हुई हैं। उनमें से एक उस युग के महान् तत्ववेत्ता याज्ञवल्क्य ऋषि की धर्मपत्नी 'मैत्रेयी' एवं दूसरी उनकी

National Journal of
Hindi & Sanskrit Research

ISSN: 2454-9177
NJHSR 2020; 1(30): 143-145
© 2020 NJHSR
www.sanskritarticle.com

डॉ. सुषमा शुक्ला
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,
राजा मोहन गर्ल्स पी.जी.कालेज,
फैजाबाद, उ.प्र.

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में संगीत (वैदिककाल)

डॉ. सुषमा शुक्ला

सम्यक् प्रकार से गाया हुआ गान संगीत कहलाता है। (सम्यक् प्रकारेण गीयते इति संगीतः।) सामान्यतः यह गान कला का बोध करता है किन्तु शास्त्रीय दृष्टि से संगीत से अभिप्राय गान, वाद्य एवं नृत्य तीन कलाओं के समुच्चय से है गीत वाद्य तथा नृत्यं त्रयं संगीतम् उच्यते। संगीत रत्नाकर के अनुसार गीत, वाद्य तथा नृत्य इन तीनों के समुच्चय को संगीत कहते है। गायन का सम्बन्ध वाद्य से है और इन दोनों का अर्थात् गीत एवं वाद्य का संबंध नृत्य से है। अतः इन तीनों के समाहार को संगीत कहना ही उपयुक्त है।

संगीतकला का विकास वैदिककाल में पूर्णतया दृष्टिगोचर होता है। ऋग्वेद के प्रत्येक मंत्र का जहाँ ऋषि, देवता व छन्द का उल्लेख है वहाँ उसके स्वर का भी उल्लेख अवश्य ही प्राप्त होता है। इसका कारण यही था कि मंत्र समीचीन स्वर तथा वर्ण से विहीन होने पर अनिष्ट का उत्पादक माना जाता था।

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो व मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।।

अतः वर्णोच्चारण का संगीत तथा साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान है। वर्णोच्चारण के प्रमुख रूप से निम्न तीन स्थान माने गये है। उरस्, कण्ठ तथा शिरस्। इन्हीं तीनों से उद्भूत होने वाले स्वरस्थान 'सवन' कहलाते हैं। इन्हीं को क्रमशः संगीत में मन्द्र, मध्य एवं तार संज्ञा से जाना जाता है। (पा. शि. 7/8) वेद के पुरुष सूक्त में कहा गया है कि 'उस सर्वहुत यज्ञ में चाएं व सामगीत उत्पन्न हुए।' 'तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः च सामानि जज्ञिरे।' ऋग्वेद 10/90/9 पुरुष सूक्तका। पुरुष सूक्त परमात्मा के मुखारविन्द से उद्भूत है। अतः सामगीत की उत्पत्ति परमात्मा से हुई है। सामवेद का उपवेद गान्धर्ववेद है। संगीत कला का विकास गान्धर्वा द्वारा हुआ था अतः उसे गान्धर्वविद्या तथा उसके ग्रन्थ को गान्धर्व वेद भी कहा गया है। वैदिक साहित्य में गीतों के भी उल्लेख मिलते हैं। जिस समय सात स्त्रियां मिलकर इन्द्र के लिए सोमरस निकालती थी उस समय स्त्रियां गीत गाती थी। (ऋ. 10/146/2, 3/66/8) सामगीत दैवी गीत होते थे जो कि संगीत शास्त्र के अनुसार गाये जाते थे। पद्यात्मक गीतों को 'गाथा कहा जाता था'। (ऋ. 1/167/6)

गाथा नामक गीत सोमरस निकालते समय गाये जाते थे। गाथा गाने वालों को 'गाथिन' कहा जाता था। ऋग्वेद में गाथपति, गाथानी शब्दों का भी उल्लेख मिलता है। गाथा गाने के अर्थ में 'ऋजुगाथा' शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में मिलता है। ऐतरेय, ब्राह्मण में ऋक् व गाथा के अन्तर को समझाते हुए कहा गया है कि 'ऋक' 'दैवी' तथा 'गाथा' 'मानषी' है। दानस्तुतियां भी दान करने वालों की प्रशंसा में पायी

Correspondence:
डॉ. सुषमा शुक्ला
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,
राजा मोहन गर्ल्स पी जी कालेज

सामंजस्य श्रेयस्कर माना गया है (पृ. उपनिषद 3,22) 'ऋक' गीत का बहिरंग है और साम उसी का अन्तरंग है- छान्दो 3/1/5 छान्दोग्य के अनुसार साम का आधार स्वर है तथा स्वर का आधार है प्राण। (छन्दो 8/4)

ऋग्वेद में संगीत के विभिन्न वाद्ययन्त्रों का भी उल्लेख प्राप्य है। 'दुन्दुभि' का वर्णन अनेकशः हुआ है। जिसका उपयोग युद्ध और शान्ति के समय होता था। (ऋग्वेद 1/28/5) इन्द्र के युद्धों में दुन्दुभि का बजाया जाना उल्लिखित है। 'कर्करी' बासुरी के समान एक वाद्ययन्त्र था। वीणा के समान एक अन्य वाद्य था जिसको 'क्षोणी' कहते थे। यह मरुतों के पास होता था (ऋग्वेद 2/35/13) ऋग्वेद के एक मंत्र में 'वाण' बजाये जाने का उल्लेख है। 'वाण' के दो अर्थ सम्भावित थे। एक बांसुरी तथा दूसरा वीणा। सायण ने इसका अर्थ 'वीणा विशेषम्' किया है। आघाति नामक एक वाद्य का भी उल्लेख है जिसे यज्ञों के अवसर पर बजाया जाता था। मैक्डानल व कीथ आदि विद्वान 'आघाति' का अर्थ मृदंग मानते है। जिसे नृत्य के समय बजाया जाता था। वैदिककाल में नृत्यकला का भी पूर्ण विकास दृष्टिगोचर होता है। वैदिक युग में स्त्री व पुरुष दोनों ही नृत्य करते थे। अथर्ववेद में पृथिवी सूक्त में मातृभूमि की वन्दना करते हुए गान के साथ नृत्य की महत्ता का भी वर्णन किया गया है। 'यस्या गायन्ति भूम्यामर्त्याश्चैत्सवा'।। गीत, वाद्य एवं नृत्य से प्राप्त आनन्द को अलौकिक माना गया है। कठोपनिषद् में यमराज नचिकेता को संगीत के दिव्यानन्द का प्रलोभन देते हुए कहते हैं-

ये ये कामा दुर्लभा मर्त्यलोके सर्वान्कामान्छन्दतः प्रार्थयस्व।

का चित्र भी अंकित था। (विष्णु पु. 2/10/20)।

कुछ उदाहरणों से प्रतीत होता है कि कन्याएँ गायन एवं वादन तथा नृत्यकला में प्रवीण होती थीं। कौपीतकि ब्राह्मण में एक कुमारी गन्धर्व-गृहीत अग्नि-होत्र में पारंगत बताई गयी है (कौ. ब्रा. 2/9) तैत्तिरीय संहिता और मैत्रायणी संहिता में कन्याओं की संगीत-नृत्य में अभिरुचि का भी वर्णन किया गया है। शतपथ ब्राह्मण में मिलता है कि स्त्रियाँ सामगान करती थीं तथा उनमें मन्त्रों के शुद्धोच्चारण तथा स्वरों के उचित आरोह एवं अवरोह की सामर्थ्य होती थी।

नचिकेता द्वारा मृत्यु के अनन्तर क्या होता है? यह तृतीय वर मांगने पर यमाचार्य नचिकेता को अनेक प्रकार का प्रलोभन देते हुए सांसारिक भोग-ऐश्वर्यों की ओर खींचते हुए कहते हैं-'मृत्युलोक में जो भी दुर्लभ कामनाएँ हैं सबको बेखटके भोग। ये स्त्रियां हैं, रथों सहित गाजे-बाजे सहित। ऐसी स्त्रियां मनुष्यों को प्राप्त नहीं हो सकतीं। मैं इन्हें तुझे दूँगा। इनके साथ सुख भोग परन्तु हे नचिकेता 'मरण' के विषय में प्रश्न मत कर।

ओ३म् का उच्चारण इन पञ्च तत्वों में 'आकाश' तत्व की वृद्धि करता है जिससे में आकाश तत्व की प्रधानता होने लगती है। जिससे व्यक्ति के शरीर के गुंजन कक्ष पुष्ट होते हैं जिससे हमें अपने कण्ठ के मूल नाद ही नहीं बल्कि सहायक नादों की भी स्पष्ट अनुभूति होने लगती है एवं हम उन्हें एक-दूसरे से पृथक-पृथक बोलने, सुनने एवं समझने में सक्षम होने लगते हैं। आकाश तत्व ही ध्यान, एकाग्रता का भी मूल साधन है। आकाश तत्व की अतिशय वृद्धि हमें सहस्रासार

Generative summary
Continue
By using AI tools, you agree to the Generative AI User Guidelines.

काव्य रघुवंश में भी रघु दिग्विजय में
दृष्टव्य है। हमारी भारतीय संस्कृति
से ओतप्रोत है एवं भारतीय संस्कृति
, जीवन-मूल्य, स्वरूप, त्याग, तपस्या,
य, अहिंसा, परोपकार, मानवता का
तिनिधित्व करते हैं - 'यत्र विश्वं
भी होगी। वेदों में वर्णधर्म सम्बन्धी
ट की व्यवस्था से जुड़ना और परस्पर
न की वैश्विक परिकल्पना का मूर्त रूप

वार, जाति, राष्ट्र, दलित आदि रूप
। यज्ञीय भावना से ओत-प्रोत दायित्व
सर्वत्र दृष्टव्य है। यही यज्ञीय भावना
ी ऋषि परम्परा समस्त मानव जाति के
ी है वैदिक देवता राष्ट्रीयता की इसी

ामयाः
भाग भवेत्।

वैदिक देवता एवं राष्ट्रीयता

डॉ० सुषमा शुक्ला*

हमारा संस्कृत साहित्य ज्ञान की अक्षुण्ण धारा से ओत-प्रोत है। चाहे [illegible] लौकिक साहित्य हो अथवा वैदिक साहित्य। इसी ज्ञान की धारा के प्रवाह में [illegible] संस्कृत साहित्य में राष्ट्र प्रेम का स्वरूप द्रष्टव्य होता है, वह राष्ट्र प्रेम जो [illegible] भारतीय संस्कृति के स्वरूप को पूर्णतया स्पष्ट करता है। हमारे भारतीय [illegible] 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत हैं। ऋग्वेद के समस्त देवता राष्ट्रहित के लिए अपने-अपने विभिन्न स्वरूप एवं कार्यों के द्वारा देश-प्रेम [illegible] द्योतित करते हैं। इसीलिए ऋग्वेद के 'अग्निसूक्त' में होमकर्ता प्रार्थना करता है कि [illegible] अग्नि देव! लोक में जिस प्रकार पिता अपने पुत्र के लिए सुलभ रहता है तथा सभी प्रकार के विनाशों से बचाता हुआ उसका सर्वविध कल्याण करता है, उसी भाँति आप भी हमारे लिए सुगमता पूर्वक प्राप्त होने वाले तथा कल्याणकारी बनो।

"स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव। सचस्वा [illegible] स्वस्तये।।"-1/1/1

ऋग्वेद में इन्द्र देवता अपने विशिष्ट कार्यों एवं यश के कारण ही राष्ट्रीय देवता बन गये हैं। इन्द्र के लिए ऋग्वेद में आता है कि 'जिसने चलायमान पृथिवी को स्थिर किया, जिसने चलते-फिरते पर्वतों को स्थिर किया, जिसने विस्तृत आकाश का मापन किया। जिसने भूलोक को स्थिर किया वही इन्द्र है।'

"यः पृथिवीं व्यथमानामदृंह.........स जनास इन्द्रः।।", 2/12/2

* [illegible], संस्कृत विभाग, राजा मोहन सर्न्मे पी.जी. कॉलेज, फैजाबाद, उ०प्र०

वेदों में प्रमुख देवता इन्द्र ही माने गये हैं। इनके विविध नाम हैं। धन प्रदान करने के कारण 'मघवा' तथा सैकड़ों कार्यों को करने की क्षमता रखने के कारण इन्हें 'शतक्रतुः' कहते हैं। दैत्यों के नगरों का विध्वंस करने के कारण 'पुरन्दर' उपाधि प्राप्त करते हैं। विशिष्ट गुणवत्ता के कारण ही इन्द्र आर्यजनों के 'जातीय' तथा 'राष्ट्रीय देवता' बन गये हैं। इन्द्र की ही तरह 'विष्णु' देव भी सर्वाधिक क्रियाशील एवं इन्द्र की सहायता करने वाले देवता के रूप में जाने जाते हैं। 'त्रिविक्रम' शब्द से तीनों लोकों को मापने वाला कहा गया है। (9/154) ऋग्वेद में वाक्सूक्त के अन्तर्गत आध्यात्मिक मन्त्रों में वाक्देवी की राष्ट्रीय भावना का पूर्णतया दर्शन होता है - 'अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां' (10/125/3) इस संसार में जो भी प्राणी भोग करता है, वह सब वाक् के द्वारा ही करता है, जो देखता है, श्वास लेता है, वचन सुनता है, वह सभी वाक् देवी के द्वारा ही करता है।

मया सो अन्नमत्ति यो विपश्यति, यः प्राणिति य ईं शृणोत्युक्तम्, 1/10/125/4

अमन्तवो मां त उपक्षियन्ति श्रुधि, पुरुष सूक्त में उस परम पुरुष से सभी वसन्त आदि ऋतुओं का प्रादुर्भाव हुआ। सूर्य चक्षु है, वायु प्राण है, अग्नि मुख है और चन्द्रमा मन है।

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः उरूतदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत्। (10/90/12)

यह पुरुष सूक्त ही अखिल सृष्टि का उत्पादक एवं नियामक है। ऋग्वेद का संज्ञान सूक्त (10/151) मानव जाति को एक उत्तम शिक्षा प्रदान करने वाला सूक्त है जो सर्वजन हितकारी सर्वमंगलकारी होकर राष्ट्र में ऐक्य-भाव दाता है।

संगच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।।(10/154/2)

❖ भारतीय परिवारों का परिवर्तित प्रतिमान
डॉ0 मदन मोहन सिंह 356-362
❖ विक्रमांक देवचरित, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य
डॉ0 सुषमा शुक्ला 363-367
डॉ0 महेन्द्र पाठक

विक्रमांक देवचरित, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

डॉ0 सुषमा शुक्ला
एसोसिएट प्रो0, संस्कृत विभाग, राजा मोहन गर्ल्स पी .जी. कालेज, फैजाबाद

डॉ0 महेन्द्र पाठक
प्रो0 का0 सु0 साकेत, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या

कश्मीर निवासी महाकवि बिल्हण ने अपनी प्रतिभा द्वारा भारतीय इतिहास दर्शन को एक नयी गति दी। कल्हण एवं बिल्हण की कृतियों का अनुशीलन करने पर स्पष्ट होता है कि बिल्हण का निम्ना कथन सद्यः सत्य है–

यत्र स्त्रीणां मसृण घुसृणालेपनोष्णा कुचश्री,
स्ताः कस्तूरी परिमल मुचः षट्टिका रा□ाणाम्।
नौ पृष्ठस्थाः शिशिर समये ते वितस्ता–जलान्तः,
स्नानावासाः प्रचुरमपि च स्वर्गसौख्यं दिशन्ति□

अर्थात–केसर एवं कविता कश्मीर के अतिरिक्त अन्यत्र नहीं उपजती है। कश्मीर के शासक गोपादित्य के बिल्हण के प्रपितामह मुक्तिकलश को मध्य प्रदेश से लाकर अपने यहाँ सम्मान दिया था।[1] इनके पितामह एवं पिता का नाम क्रमशः पाठक का मत है कि ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य में कश्मीर भूमि की शान्ति अनन्त के आक्रमण एवं कश्मीर के आन्तरिक संघर्ष के कारण भंग हो गयी थी। अतः अशान्तिमय वातावरण में बिल्हण को कश्मीर में उपयुक्त आश्रयदाता का अभाव खटकता रहा। इस प्रकार ज्ञानार्जन के उपरान्त बिल्हण ने अर्थ एवं प्रतिष्ठा के निमित्त सम्पूर्ण भारत की साहित्यिक यात्रा सम्पन्न की। अपने प्रवास के मध्य इन्होंने कश्मीर वृन्दावन, मथुरा के पण्डितों को ही नहीं बल्कि कान्यकुब्ज, प्रयाग, काशी, डाहल, धारा, गुजरात, अनहिलवाड़, सोमनाथ एवं कल्याण की यात्रा का दौरान कर्ण के सभापण्डित गंगाधर को भी पराजित किया। इस प्रकार प्रभावित होकर राजा कर्ण ने इनका प्रभूत सत्कार किया। दक्षिण भारत के कल्याण नगर के चालुक्य वंशी गुणग्राही राजा विक्रमादित्य षष्ठ ने इनकी विद्वता का सम्मान करते हुए इन्हें कश्मीरी विद्यापति विरूद से विभूषित किया। इन्होंने विक्रमादित्य षष्ठ द्वारा प्रदत्त सम्मान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए विक्रमांकदेवचरित ग्रन्थ की रचना की। अशेष देश भाषाओं का ज्ञात एवं सर्वभाषाओं में सत्काव्य का प्रणेता बिल्हण केवल कश्मीर में ही नहीं प्रख्यात था, वस्तुत इसकी कीर्त्ति देशान्तरों भी पहुंची थी। इनकी प्रमुख कृतियाँ विक्रमांकदेव चरित (महाकाव्य) कर्ण सुन्दरी (नाटिका) एवं चौर–पंचाशिका (गीति काव्य) हैं, परन्तु प्रस्तुत परिच्छेद में ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण विक्रमांक देव चरित का ही वर्णन क्रम प्राप्त है।

114

स्मृति में समाज-कल्याण की भावना

डॉ. सुषमा शुक्ला

धर्मशास्त्र को स्मृति कहा है- श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः व्यापक अर्थ में 'स्मृति' शब्द
के अन्तर्गत षड्वेदांग धर्मशास्त्र, इतिहास, पुराण एवं नीतिशास्त्र आदि सभी का विषयों का अन्तर्भाव हो जाता
है, परन्तु स्मृतिकारों द्वारा 'स्मृति' शब्द को धर्मशास्त्र का पर्यायवाची ही माना गया है। धर्म शब्द भारतीय
चिन्तन परम्परा में व्यापक अर्थ में प्रयुक्त है। किन्तु इसका अर्थ किसी धर्म या सम्प्रदाय-मात्र से नहीं अपितु
आचरणीय नियम एवं कर्त्तव्यों से भी है। भारतीय मनीषा प्रारम्भ से ही सामाजिक कल्याण एवं मानव-मात्र
के कल्याण हेतु तत्पर रही है। धर्मशास्त्र तो लोकशास्त्र ही है और प्राणिमात्र के कल्याण को ध्यान में रखकर
अपनी व्यवस्थाएं एवं कर्तव्यों का निर्धारण करता है। चाहे हम संस्कारों की बात करें, या पर्वों की, चाहे आचार
व्यवहार से सम्बद्ध सिद्धान्तों की सभी में सामाजिक कल्याण की भावना के साथ ही सूक्ष्म वैज्ञानिक दृष्टिकोण
भी अन्तर्निहित है। अतएव मनुस्मृति का दूसरा नाम मानव- धर्मशास्त्र है। मनुस्मृति के प्रत्येक अध्याय के अन्त
में 'भृगुप्रोक्तायां संहितायां' ऐसा लिखा मिलता है। जिस प्रकार वेदव्यास ने भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के
संवाद को 'संकलित कर श्रीमद्भगवत् गीता तैयार की। उसी प्रकार भगवान मनु से सारे धर्मों को पढ़कर
महर्षि भृगु ने मनु की आज्ञा से ही ऋषियों को पढ़ाया और लोकोपकार हेतु श्लोकबद्ध किया। यह स्मृति
मनुस्मृति के नाम से लोक में विख्यात हुई। स्मृतियां धर्म सूत्रों के बाद की रचनाएें हैं एवं उनकी भाषा-शैली
सरल एवं सुबोध है। प्रतिपाद्य विषय की दृष्टि स्मृतियां धर्मसूत्रों की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित है जो स्मृतियां
उपलब्ध है, उनमें मनु की मनुस्मृति और याज्ञवल्क्यस्मृति प्रसिद्ध है। स्मृतियों में मनुस्मृति सर्वाधिक प्राचीन
है। इसकी रचना सम्भवतः ईसा से कई सौ वर्ष पूर्व हुई थी। मनुस्मृति की श्रेष्ठता केवल प्राचीनता की दृष्टि
से नहीं अपितु उसकी श्रेष्ठता प्रतिपाद्य विषय की व्यापकता की दृष्टि से भी है समाज को सुचारू रूप से
चलाने के लिये कुछ नियमों की एवं कुछ आचार एवं विचार की भी आवश्यकता होती है धर्मशास्त्र भी है और
आचार को परम धर्म कहा गया है। आचारो परमोधर्मः।

डॉ. राजबली पाण्डेय के अनुसार- शिष्ट व्यक्तियों द्वारा अनुमोदित एवं बहुमान्य रीति-रिवाजों को
आचार कहते है।[1] धर्मशास्त्रीय-चिन्तन न केवल व्यक्ति के बाह्य एवं आन्तरिक शुद्धि का प्रतिपादन करता
है अपितु अपने चारों ओर के वातावरण की शुद्धि पर भी बल देता है। स्मृतिग्रंथों में मुख्यतः तीन प्रकार के
पथ्यों का विवेचन होता है। आचार, व्यवहार और प्रायश्चित। 'आचारहीनम् न पुनन्ति वेदाः।' तथा
'आचारवान लभते ज्ञानम्' इत्यादि वाक्य यही सिद्ध करते है कि जीवन में आचार कितना अपरिहार्य है।
अतएव जहां समाज है, वहीं मानवसृष्टि है और वहीं सामाजिक-व्यवस्था है। मनुस्मृति में सामाजिक-व्यवस्था
आश्रम-व्यवस्था पर ही आधारित थी। मनुस्मृति ही एक ऐसी स्मृति है जिसमें चार पुरुषार्थ, चार आश्रमों का
पूर्णतया विवेचना प्राप्य है। स्मृतिग्रंथों में जिस-आश्रम-व्यस्था का उल्लेख मिलता है वह आज के समाज के
लिए भी कल्याणकारी है। प्रथम आश्रम ब्रह्मचर्याश्रम के प्रसंग में सोलह संस्कारो के अन्तर्गत यज्ञोपवीत
संस्कार का वर्णन करते हुए मनुस्मृति में कहा गया है कि यज्ञोपवीत संस्कार के पश्चात् ही ब्राह्मण, क्षत्रिय,
वैश्य द्विज कहे जाते है। ब्रह्मचर्य के लिए अध्ययन को सर्वप्रमुख माना है वह आज भी प्रासंगिक है जीवन

एसो. प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कालेज, अयोध्या

115

के प्रारम्भिक दिनों में उचित रीति से अध्ययन द्वारा ज्ञान प्राप्त करना, सब मनुष्यों के लिए नितान्त आवश्यक
है। ब्रह्मचर्य जीवन में गुरु के समीप रहकर गुरु के प्रति कर्तव्यों का पालन करते हुए ब्रह्मचारी के नियमों
का कठोरतापूर्वक पालन करना पड़ता था।[2] अभिवादनशीलस्य ....यशोबलम् श्रेष्ठजनों को प्रणाम करने का
कारण बताते हुए मनुस्मृति में कहा गया है कि वृद्धजनों के आने पर युवा मनुष्य के प्राण ऊपर चढ़ने लगते
है और युवा मनुष्य प्रत्युत्थान तथा अभिवादन के द्वारा उन प्राणों को प्राप्त कर लेता है। मनुष्य को संस्कार
प्रदान करने का एक वैज्ञानिक कारण भी इस श्लोक द्वारा ज्ञात होता है जो कि मनुष्य के लिए कल्याणमयी
भावना से अनुप्रेरित है।[3]

मनु० द्वितीय अध्याय में संस्कार विधि का वर्णन कर समाज में मनुष्य के वैयक्तिक एवं सामाजिक
विकास के लिये ऐहिक, एवं भौतिक जीवन की सर्वांगीण उन्नति तथा पारलौकिक जीवन में मोक्षप्राप्ति के लिए
संस्कारों का संयोजन किया गया है। संस्कार मनुष्य के धार्मिक एवं सामाजिक-एकता के आधार रहे है तथा
संस्कारों से मनुष्य के दोष नष्ट हो जाते है

(गार्भै ....द्विजानामपमृज्यते)

यज्ञोपवीत संस्कार के पश्चात् ही व्यक्ति ब्रह्मचर्य जीवन में गुरु के समीप रहकर अनुशासनपूर्वक

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

भारत विकास एवं पर्यावरण

अस्सिटेंट प्रोफे.
राजा मोहन गर्ल्स पी. जी. कॉलेज अयोध्या (उ.

सारांश

आधुनिक युग में हम जिस प्रकार अपने भारत विकास की कल्पना को साकार करने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं, उस दौर में पर्यावरण की सुरक्षा एक प्रमुख मुद्दे के रूप में उभरा है। देखा जाये तो विकास बनाम पर्यावरण एक विचारात्मक आंदोलन है, जिसकी जड़ मानव सभ्यता से जुड़ी हैं।

पर्यावरण 'जीवन की गुणवत्ता समृद्धि' को विकास की 'आर्थिक राजनीतिक नीतियों' से कहीं उच्च स्थान देता है।

राजनीतिक नीतियां मुद्दे, कायदे-कानून कहीं न कहीं सभी विकास पर केंद्रित होते है परंतु वह विकास हम नहीं चाहते जो हमारी प्रकृति के विनाश का कारण बन जाये। यही विकास यदि हमें प्राकृतिक सृजन की ओर ले जाये, तो निश्चय ही हम अपने पर्यावरण से और अधिक आत्मीय हो जायेंगे।

मुख्य शब्द- आर्थिक समृद्धि, पर्यावरण, विकास, राजनीतिक पर्यावरण कार्यक्रम, भारत, विनाश, सृजन।

भारत में पर्यावरण

भारत में पर्यावरण के संरक्षण का इतिहास अत्यंत ही प्राचीन व सनातन धर्म से जुड़ा हुआ है। भारत के संतों व ऋषि-मुनियों ने प्रकृति को माँ स्वरूप में माना है। हमारे देश में नदियों, वृक्षों पर्वतों व पशुओं की उपासना का प्रचलन है, जो हमें प्रकृति संतुलन व संरक्षण का संदेश देता है। भारतीय सनातन संस्कृति में पृथ्वी को माता मानते हुए कहा गया है-

"माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः"

मध्य काल व मुगल काल के पश्चात भारत भारत में अंग्रेजों के आने के बाद से ही औद्योगिक विकास का क्रम तीव्र हो औद्योगीकरण की विनाशकारी दोहन प्रवृत्ति ने भारतीय कृषि प्रदेशों से लेकर वन-प्रदेशों को भी गंभीर हानि पहुँचायी है, जिसके कारण पर्यावरण असंतुलन प्रकट होने लगा।

स्वतंत्रता के पश्चात बढ़ता पश्चिमी प्रभाव, उपभोग की प्रवृत्ति व जनसंख्या विस्फोट के कारण हमारे पर्यावरण का क्षरण हुआ है। पर्यावरणीय समस्यायें आज भारत में गंभीर चिंतन का विषय बन चुकी हैं।

भारत में हैं 'दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर'

दुनिया के सबसे प्रदूषित 121 देशों की सूची में भारत के तीन शहर राजधानी दिल्ली, कोलकाता और मुंबई है। इसके अतिरिक्त प्रदूषण के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। अंधाधुंध वन- प्रदेशों के दोहन तथा आवासीय इमारतों के निर्माण पर्यावरणीय वायु की गुणवत्ता निचले स्तर पर चली गयी है।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refreed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

देश की प्रगति में बाधक दलगत राजनीति

डॉ. ज्योतिमा सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान)
राजा मोहन गर्ल्स पी. जी.
कॉलेज, अयोध्या (उ. प्र.)

दीपिका शुक्ला
शोध छात्रा (राजनीति विज्ञान)
राजा मोहन गर्ल्स पी. जी.
कॉलेज अयोध्या (उ. प्र.)

सारांश

भारत एक संघीय संसदीय, लोकतांत्रिक गणतंत्र है, जहाँ संविधान की सर्वोच्चता है। हमारे देश में बहुदलीय प्रणाली है। राजनीतिक दल हमारे सामाजिक समूहों, विचारधाराओं व मतदाताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्तमान समय में राजनीतिक दल अपने पार्टी हितों व व्यक्तिगत स्वार्थ को प्राथमिकता देते हैं। ऐसी स्थिति में दलगत राजनीति अनावश्यक रूप से राजनीति में प्रवेश पा लेती है, जिससे राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

दलों में निरंतर तीव्र संघर्ष व अनुचित विवाद से देश में अस्थिरता की स्थिति के साथ ही भ्रष्टाचार व पक्षपात जैसी समस्याएँ अपनी जड़ें जमाने लगती है। देश की विकासशील योजनाओं व सामूहिक प्रगति में भी बाधा आती है। इन समस्याओं के समाधान हेतु लोकतंत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही व दलीय सहयोग की भावना को विकसित करना अत्यंत ही आवश्यक है।

मुख्य शब्द : प्रगति, विकास, राजनीतिक अस्थिरता, दलीय भावना व सहयोग, दलीय राजनीति, पार्टी हित, व्यक्तिगत स्वार्थ, ध्रुवीकरण, राजनेता, भ्रष्टाचार।

दलदल बनती जा रही है दलीय राजनीति

हमारे देश में जितने राजनीतिक दल हैं; शायद ही किसी अन्य में इतने अधिक राजनीतिक दल होंगे। हमारे देश में एक प्रसिद्ध लोक कहावत है- 'कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी' आज हम गौर करें तो पायेंगे कि कुएँ तो अब अतीत की पहचान रह गये हैं और भाषा भी लगभग एक जैसी ही हो गयी है, जिसमें नैतिकता का स्तर गिर चुका है। जनता को अब कोस-कोस पर एक नया राजनीतिक दल मिलता है, जिनकी भाषा, भाषणों व विचारधारा का फॉर्मेट तो एक ही है। सभी दल एक-दूसरे के विरुद्ध कमर कसकर मैदान में उतरते हैं और अनर्गल प्रलाप, व्यर्थ प्रपंच, झूठे रोजगार के दावों को अधिक श्रेष्ठ सिद्ध करने का प्रयास करते हैं।

आम जनता का हित इनकी दलीय विचारधारा से अब गायब हो चुका है। अब तो जनता भी माननीय राजनेताओं के मन की बात को बखूबी समझती है इस कारण राजनीति को दलदल समझती है।

जब दलीय भावना गहरी व स्वार्थ से परे होती है तभी जनता भावनात्मक रूप से इनसे जुड़ती है। स्वतंत्रता के पहले भी हमारे देश में राजनीतिक दल थे परंतु तब दलीय राजनीति इतनी कुत्सित मानसिकता वाली नहीं थी। शायद यही कारण

Prof. PRAGYA MISHRA, HoD, Ancient History
RMGPG College, AYODHYA

RESEARCH PAPERS PUBLISHED IN JOURNALS (12)/SEMINAR (5) = 17

[1] Dr. Pragya Mishra, " Vayu Puran mein Gandharva, Gandharva-vidya evam murchchana" Proceedings of national Seminar on historical and cultural roots of puranas, published by Ishwar Saran degree college Allahabad, ISBN 978-81-922900-0-3, year 2011, PP(247-250). (National seminar peer reviewed).

[2] Dr. Pragya Mishra, " Lok Parampara mein Yaksha (Sahityik Anuseelan)" Proceedings of national conference on Indian art, Folk traditions and culture, Lokayatan, ISBN 97881-907895—7-8, year 2012, PP (355-357). (National conference peer reviewed proceedings).

[3] Dr. Pragya Mishra, "Samajik Vikas me Adhunik Mahilayon ki Bhumika evam Seemayen" Proceedings of National Conference on contribution of women in Indian Arts and culture, ISBN- 978-81-926241-0-5, December 2012, pp(398-402). (National conference peer reviewed proceedings).

[4] Dr. Pragya Mishra, "Kambuj desh me Sanskrit vangmaya evam bhartiya Sanskriti ka prabhav" Proceedings of International seminar on Sanskrit literature and progression of the universe, year november 12, ISBN 978-81-922900-2-7, year 2013, pp(737-741). (International seminar peer reviewed proceedings).

[5]. Dr. Pragya Mishra, "Mahabharat me Rashtra ki Avdharna", Proceedings of "Bhartiya-Rashtriyata ; Atit Se Vartman Tak, Part-1" Published by Prakashan Vibhag, Itihas Sankalan Yojna, IX National Convention at Gwalior dated 26-28 October, 2012. Published in year 2019, ISBN : 978-93-82424-41-3, Pp (331-341). (National seminar peer reviewed proceedings).

PAPERS PUBLISHED IN JOURNALS (12).

[6]. Dr Pragya Mishra; " Baudh Dharma Evam Paryavaran: Ashok ke Abhilekhon mein" Research journal of Akhil Bharatiya Itihas Sankalan yojana, Itihas Darpan, ISSN: 0974- 3065, Volume 17(1), year 2012, PP(96-99). (Refereed peer reviewed journal)

[7]. Virendra kumar singh and Dr Pragya Mishra; "Atharvaveda mein abhivyakta Rudra" International journal Avadh Archana ISSN-0974-004X, july 2013, pp(42-45).

Scanned with OKEN Scanner

[8]. Dr Pragya Mishra; "Cultural History of Indian Diaspora in Cambodia" International journal of Humanities and social sciences, ISSN (online) 2319-7722, ISSN (print) 2319- 7714 volume 2, issue-12, December 2013, pp(67-71). Refereed Peer reviewed international print and online journal.

[9]. Dr Pragya Mishra; "Itihas janane mein abhilekhon ka mahatva" International journal of shodh samiksha evam mulyankan; ISSN (online) 2320-5474, ISSN (Print) 09742832, volume-5, issue-59, December 2013 pp(102-104). (Refereed Peer reviewed international journal).

[10]. Dr Pragya mishra; "Lok Manas mein Som ki Avdharna" united journal of Awadh Scholars; ISSN 0974-0503, Volume-8, January 2014, PP(98-105). (Refereed peer reviewed journal).

[11]. Dr. Pragya Mishra, "Pramukh Baudha Bhikkshunian " Research Journal of Akhil Bhartiya Itihas Sankalan Yojana, Itihaas Darpan ISSN : 0974-3065 volume 21(1), year 2016, pp (63-66). (Refereed peer reviewed journal).

[12]. Dr. Pragya Mishra, "Bauddhasthal: SHRAVASTI" The Journal of Buddhisht history and culture BODHI – CHAKRA, ISSN:2277:3355 Volume (VII) year 2016,PP(106-112).

[13]. Dr. Pragya Mishra, "Itihaas lekhan ki drishti mein chalukyon ke Abhilekh",An Interdisciplinary Journal of Humanities and Social Sciences, MANVIKI, ISSN 09760830, Volume 7(1&2),year 2016,PP(42-48).

[14]. Dr. Pragya Mishra, "Shiksha ke Kshhetra mein Nari", Keshav Samvad, ISSN: 2581: 3528, RNI UPHIN/2000/3766, Volume (6) year 2019, PP(25 -26).

[15]. Dr. Pragya Mishra, "Ek Divasiya Rashtriya Sangoshthi, Aitihasik Pariprechhya mein Mahamari: Karan evam Nivaran" Itihas Darpan,ISSN:0974-3065, Volume (XXV 1 & 2) year 2020, PP(232-236).

[16]. Dr Pragya Mishra; "Purano mein Gandharva" International journal of Shodh Samiksha Aur Mulyankan, year 2021, ISSN 20974-283 (Print), E-ISSN-2320-5474, PP (123-126). (Refereed peer reviewed journal).

[17]. Dr Pragya Mishra; "Sanskritik dharoharon ka Sanrakshak: Sangrahalay" International Multidisciplinary Peer Reviewed and Refereed Research journal THE ETERNITY, year 2021, Volume XXII, No. 4, ISSN 0975-8690 (Print), UGC List 44958, PP (367-370). (Refereed peer reviewed journal).

Scanned with OKEN Scanner

वायुपुराण में गन्धर्व, गान्धर्व–विद्या एवं मूर्च्छना

डॉ. प्रद्या मिश्रा*

पुराण शब्द की उत्पत्ति यास्क के ग्रन्थ एवं पुराणों में प्राप्त होती है। यास्क के निरुक्त के अनुसार 'जो प्राचीन होकर भी नया होता है (पुरा नव भवति)', यह पुराण है। अर्थात् जो प्राचीनतम होकर भी आज के परिवेश, परिस्थितियों में उपयोगी एवं प्रासंगिक है; नवीन है, जीवन के लिये आवश्यक है, वह पुराण है। ऋग्वेद में 'पुराण' शब्द 'प्राचीन' या 'पूर्वकाल में' होने वाले अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। पद्मपुराण[1] पुराण का तात्पर्य प्राचीन परम्पराओं की कामना से है। ब्रह्माण्ड पुराण के अनुसार 'पुराण प्राचीन काल में ऐसा हुआ है।'[2] अथर्ववेद में स्पष्ट उल्लेख मिलता है 'ऋक् सामानि छन्दांसि पुराण यजुषा सह'[3] अर्थात् ऋक्, साम, छन्द (अथर्ववेद) और यजुर्वेद के साथ पुराण की उत्पत्ति हुयी। वायु पुराण[4] के अनुसार पुराण की उत्पत्ति 'पुरा अनति अर्थात् प्राचीन काल में जो जीवित था के रूप में मानी जानी चाहिए एवं वेद को इतिहास और पुराण द्वारा आगे बढ़ाया जाना चाहिए। शिव पुराण में उल्लिखित है कि 'सभी शास्त्रों के पहले ब्रह्मा ने पुराणों का स्मरण किया; इसके पश्चात् उनके मुख से वेद प्रकट हुये –

'पुराणं सर्व शास्त्राणां प्रथम ब्रह्मणा स्मृतम्
अनन्तर च वक्त्रेभ्यो वेदास्तस्य विनिः सृताः।'[5]

लगभग सभी पुराण यह घोष करते हैं कि पुराण सभी शास्त्रों से पूर्व थे पुराणों के बाद ही ब्रह्मा के मुख से वेद निकले। मेरा मानना है कि वृद्ध जनों से श्रुत कथाओं एवं मनोरंजक, ज्ञानवर्धक कहानियों को सुनकर जब ब्रह्मा को यह प्रतीति हुयी कि इन पौराणिक आख्यानों में सत्यांश निहित हैं जो जानने योग्य हैं तथा जिन्हें सभी को जानना चाहिए, तब उन्होंने वेद निःसृत किये। मेरी इस सोच की पुष्टि प्रो० शिवाजी सिंह के पुराणान्तर्गत इतिहास कार्यशाला 14 मार्च 2010 के उद्घाटन भाषण, गोरखपुर के सम्पादित अंश 'ऐतिहासिक सामग्री के अक्षय भण्डार: पुराण' की निम्न पंक्तियों से होती है– 'पुराण हमें वेदों से प्राचीनतर ले जाते हैं, जैसे ऋग्वेद में मान्धाता को प्राचीनतम शासकों में गिना गया है, जबकि पुराणों में मान्धाता के पूर्व की 20 पीढ़ियों का वर्णन है' ....।

अतएव इतिहास का सांगोपांग अध्ययन करने के लिये पुराणों का बृहद् अध्ययन आवश्यक है। इसीलिए आचार्य कौटिल्य ने इतिहास की परिभाषा करते हुये लिखा –

'पुराणम् इतिवृत्तम् आख्यायिका उदाहरणम्
धर्मशास्त्राम् अर्थशास्त्राम् चेति इतिहासः।'

ऋषियों ने किसी स्वार्थ से पुराणों की रचना नहीं की, अपितु उन्होंने समाज–हित, समाज–कल्याण हेतु पुराणों की रचना की। सार–रूप में पौराणिक–साहित्य अक्षय ज्ञान का भण्डार है; जिसमें ज्ञान, विज्ञान, लोकव्यवहार, समाज एवं संस्कृति के समस्त पक्षों की विशद् विवेचना है। व्याकरण की दृष्टि से पुराण शब्द का अर्थ होता है – पुरानी घटनाएँ। अर्थात् अत्यन्त प्राचीन काल में जो कुछ घटित हुआ उसे पुराण कहते हैं।[6] जो वस्तु आज प्राचीन है; अपने उद्भवकाल में यह नवीन थी और अपनी प्राचीनता के कारण यह आज पुराण है किन्तु बीज रूप पुराण ही हैं। मानव–जीवन काल–कलाओं से आवृत्त है। सृष्टि और प्रलय का प्रवाह आदि–अनन्त रूप से प्रवाहित हो रहा है। इसके पूर्व या प्रारम्भिक निर्माता कौन थे? उनके क्या नाम थे? उन्होंने क्या कार्य किये? सृष्टि के, सभ्यता के विकास में उनका क्या योगदान रहा? यह सभी तथ्य पुराणों से ज्ञात होते है।

'लोकचेतना, लोकरुचि और लोकहित की भावना से प्रेरित होकर ही पुराणों का प्रवर्तन किया गया। पुराण हमारे लौकिक और पारलौकिक जीवन के लिये एक अनुपम देन

---

* रीडर, प्रा०इति०पुरा० एवं संस्कृति विभाग, राजामोहन गर्ल्स पी०जी० कालेज, फैजाबाद

लोक परम्परा में यक्ष (साहित्यिक अनुशीलन)

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा*

भारतवर्ष में यक्ष-पूजा का प्रचलन अत्यन्त प्राचीन है। अथर्ववेद में वाद्भुत (एक अधिकारी) द्वारा यक्ष देवता के लिये बलि आहरण करने का भी उल्लेख है। इन्हें विश्व का अधिष्ठाता भी माना गया। ऋग्वेद में मित्र वरुण और अग्नि का स्थान यक्ष से ऊपर माना गया है। अग्नि को यक्ष का अध्यक्ष भी कहा गया है। यक्ष के रूप की समानता मरुत् से भी की गयी है। यद्यपि यह सत्य है कि प्राचीन वैदिक संहिताओं में यक्षों के प्रति भय, दुराचार एवं क्रूरता का अंकन किया गया किन्तु उत्तर वैदिक साहित्य में उन्हें सम्मान दिया गया एवं उनके प्रति सद्भावना भी व्यक्त की गयी। ऋग्वेद के अनुसार अग्नि-देव से यह प्रार्थना की गई कि वे यक्ष के पास न जाये। अन्य मंत्र में अभ्यर्थना की गई है कि देवता हमें न मिले। ऋग्वेद के इन दोनों मन्त्रों में यक्षों की विषम अवस्था लक्षित होती है। परन्तु ब्राह्मण ग्रन्थों में यक्षों के प्रति सद्भावना व्यक्त की गयी है। आरण्यकों में इनका उल्लेख अन्य देवताओं के साथ किया गया। तैत्तिरीय आरण्यक में यक्षपति कुबेर देव के रूप में नमस्कृत एवं प्रार्थित हैं। वाल्मीकि रामायण में यक्षत्व की प्राप्ति अमरत्व की प्राप्ति मानी गयी है। कुमारस्वामी के अनुसार कुबेर वैश्रवण राजा एवं उत्तर दिशा का लोकपाल है।

महाभारत और रामायण में यक्ष के लिये 'ब्रह्म' शब्द का प्रयोग किया गया है। पाणिनि ने लेखन, सुन्दरि एवं विशाल नामक यक्षों के अतिरिक्त अर्यमा का भी उल्लेख किया है। आटानाटीय सूची में इन्द्र, सोम, वरुण और प्रजापति की गणना 'मणिभद्र' और 'आलवक' यक्षों के साथ की गयी है। यही नहीं आटानाटीय सूची में वरुण को देवता माना गया है।

डॉ अग्रवाल के अनुसार महाभारत, बौद्ध-साहित्य और पुराणों की यक्ष सूचियों से ज्ञात होता है कि वैदिक देवों को भी यक्ष मान लिया गया। महाभारत के अनुसार ब्रह्मा ने वैश्रवण को तीन वरदान दिये- अमरत्व, धनाधिपत्य और लोकपालत्व।

वस्तुतः यक्ष के रूप में ब्रह्मोपासना प्राचीन भारतीय इतिहास का एक मनोरंजक तथ्य है। उत्तर वैदिक-काल में विद्याओं की सूची के अन्तर्गत डॉ. राधाकुमुद मुखर्जी के द्वारा उनके 'हिन्दू सिविलाइजेशन' में उल्लिखित 'ब्रह्मविद्या' पर इसी ग्रन्थ के अनुवादक डॉ वासुदेव शरण अग्रवाल ब्रह्मविद्या का अर्थ यक्ष-विद्या करते हैं। वे अन्यत्र भी स्वीकार करते हैं कि यक्ष का एक महत्वपूर्ण पर्याय ब्रह्म है।

केनोपनिषद् में 'यक्षोपाख्यान' आता है जो यक्ष रूप में ब्रह्म की उपासना को इंगित करता है। ब्रह्म सम्बन्धी अवधारणा को व्यक्त करने के लिये ही यक्षों की विशालकाय मूर्तियाँ निर्मित की गयीं।

यक्षों को अत्यधिक सौन्दर्ययुक्त माना गया। गोभिलगृह्यसूत्र (3428) में एक छात्र यक्ष जैसा प्रियदर्शन होने की कामना करता है- "यक्षमिवचक्षुषो प्रियो भूयासम"। ऐसा ही साक्ष्य महाभारत में भी मिलता है कि किसी भी अपरिचित सुन्दर स्त्री से मिलकर उसका परिचय जानने हेतु कहा जाता था कि क्या तुम कोई यक्षी हो? इसी प्रकार स्वयंवर में नल को देखकर स्त्रियाँ सोचने लगीं- "इसका रूप और कान्ति कितनी सुन्दर है। यह कोई देव है? यक्ष है? या गन्धर्व है?" अश्वमुखी जातक (पदकुसलमाणव जातक) में एक अश्वमुखी यक्षिणी की कथा मिलती है जिसे मात्र कल्पना पर आधारित माना जा सकता है।

डॉ अग्रवाल के अनुसार "यक्ष पूजा लोक धर्म का व्यापक अंग थी जो ऋग्वेद-काल से लेकर अब तक निरन्तर प्रवाहमान है। ब्राह्मण, जैन, बौद्ध सभी ने इसे समान रूप से स्वीकार किया। इन्द्र, मित्र, वरुण, अर्यमा जैसे वैदिक देवताओं की यक्षों से तुलना की गयी।"

---

*. वरिष्ठ प्रवक्ता प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, राजा मोहन गर्ल्स पी. जी. कालेज, फैजाबाद।

(64)

Proceeding of CWIAC-2012 *ISBN NO.- 978-81-926241-0-5*

सामाजिक विकास में आधुनिक महिलाओं की भूमिका एवं सीमायें

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
रीडर-रा.मो.ग.पी.जी.कालेज,
फैजाबाद।

भारतीय परम्परा विचारों को आदर्श रूप देने में जितनी सिद्धहस्त है, उन आदर्शों को लागू करने में भेदभाव ग्रस्त रही है। इक्कीसवीं सदी नारी सदी के रूप में जानी जाती है। समय के साथ समाज तेजी से बदल रहा है। इस बदलाव का असर समाज के मध्यवर्ग और महिलाओं पर अधिक पड़ रहा है; जिसके लिये आधुनिकता और परंपरा के बीच संघर्ष सा छिड़ गया है। एक ओर समाज में छटपटाहट बढ़ रही है कि हर हाल में आधुनिक बनना है, और दूसरी ओर परंपरा से कटने का भय भी सता रहा है। इस आधुनिकता की दौड़ में महिलायें शामिल हैं प्रत्येक वर्ग की। जिसका सुख भी इन्हें मिलता है एवं दुःख भी, कार्याधिक्य का बोझ भी सर पर रहता है तो अस्तित्व के पहचान की खुशी भी उनके चेहरे पर दिखती है; कहीं अपमानित होना पड़ता है तो कहीं सम्मानित भी की जाती हैं। इसी सुख-दुःख की अनुभूति को हृदय में समाहित करती हुयी समाज से जूझती हुयी महिलायें आज प्रगति की प्रत्येक विधा पर आगे बढ़ रही हैं; किन्तु उनकी कुछ सीमायें हैं जिनका यदि वे समय रहते ध्यान रखती हैं; तो सफल होती हैं; अन्यथा दुष्परिणाम भोगना पड़ता है; प्रस्तुत लेख के माध्यम से यहाँ, आधुनिक महिलायें एवं उनकी सीमाये क्या हैं? सामाजिक विकास में उनकी भूमिका क्या है? इस विषय पर दृष्टिपात करेंगे।

भारतीय समाज पारम्परिक रूप से महिलाओं के सन्दर्भ में सुरक्षात्मक भाव-बोध होने के कारण रूढ़िगत रहा है। मनुस्मृति में उल्लेख है-

"पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने
रक्षन्ति स्थविरे पुत्राः न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति।"

(मनुस्मृति, प्रकरण ९, श्लोक ३)

अर्थात् स्त्री बचपन में पिता के अधीन, युवावस्था में पति के अधीन तथा वृद्धावस्था में पुत्र के अधीन रहती थी।

आज इक्कीसवीं सदी में कम्प्यूटर युग में चलने के बाद भी कमोवेश महिलाओं की स्थितियाँ बदली तो हैं परन्तु बहुत अधिक नहीं। आज परिधान से, फैशन से, दिखावे से तो महिलायें आधुनिक बनकर समाज में अपने को प्रस्तुत करती हैं; परन्तु विचारों में संकीर्णता ज्यों की त्यों बनी रहती है। आधुनिकता से तात्पर्य है आज के परिवेश, परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करके चलना। आधुनिक वही है जो अपने वर्तमान परिवेश से सुचारू रूप से अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम होता है। मूलभत आवश्यकताओं में रोटी, कपड़ा और मकान की गणना की जाती है। ध्यान देने की बात यह है कि रोटी और कपड़ा दोनों घर के अन्दर के अवयव हैं जिनकी व्यवस्था महिलाओं के द्वारा ही की जानी है। यदि महिला आधुनिक है तो अपने सफल व्यवस्थापन (मैनेजमेन्ट) के द्वारा मूलभत आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेती है। परिवार में

कम्बुज देश में संस्कृत वाङ्मय एवं भारतीय संस्कृति का प्रभाव

डॉ० प्रज्ञा मिश्रा *

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, जिसका उद्भव, विकास एवं अन्त समाज की क्रोड़ में होता है। मनुष्य के द्वारा किये गये कार्य ही इतिहास का निर्माण करते हैं। इतिहास मानव-जातियों की यशस्विनी अभिव्यक्ति है जो प्रेरणा, प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की अजस्र धारा प्रवाहित करती है। आज सूचनातन्त्र के प्रभावशाली एवं शक्तिशाली संजाल ने 'भूमण्डलीकरण' की अवधारणा को एक मजबूत आधार दिया है जिसके अन्तर्गत एक निर्बाध विश्व की कल्पना साकार होती दिखती है, किन्तु प्राचीन काल में भी भारतीय लोग व्यापारी के रूप में प्रवास करते रहे एवं विदेशी - व्यापार के माध्यम से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को विश्व में प्रसारित करते रहे।

"ग्रीक संस्कृति में नौ-देवियाँ (Nine Muses) संगीत, कला, साहित्य और विज्ञान की संधात्री हैं, इनमें क्लिओ (Clio) इतिहास देवी है। क्लिओ का शब्दार्थ ख्याति या कीर्ति है; यह शताब्दियों की भव्य उपलब्धियों की कीर्ति है। इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत श्रवस् से हुयी है।" श्रवस् अजस्र कीर्ति का द्योतक है जो कालातीत है और सतत् ऊपर उठने का आवाहन करता है। श्रुति और स्मृति में श्रुति हमारे गौरव का मूल है और स्मृति समयानुसार परिवर्तन का। श्रुति सनातन है और स्मृति काल का प्रवाह अथवा प्रगति है। इतिहास देवी है जो भविष्य को दिव्य आलोक से प्रभावित करती है। द्वीपांतर (कम्बुज, इण्डोनेशिया) से प्राप्त संस्कृत शिलालेख भारतीय मनीषा के लिये चुनौती है और 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' का आश्वासन है।[1] स्वतंत्रता प्राप्ति के छः वर्ष बाद आर०सी० मजूमदार अपनी कृति "कम्बुज के शिलालेख" (Inscription of Kambuj) की भूमिका में लिखते हैं - कि इन शिलालेखों का विश्लेषण अधिक सुयोग्य व्यक्तियों द्वारा होना चाहिए।" रामकथा की विदेश यात्रा के रचना-क्रम में इंडोनेशिया, कंबुज (कम्बोडिया) तथा चंपा के (वियतनाम के) संस्कृत शिलालेखों को यत्र-तत्र बिखरे देखा जिनका अभी तक देवनागरीकरण भी नहीं हुआ।[2] किसी भी स्थिति में इंडोनेशिया, कंबुज (कम्बोडिया), चंपा (वियतनाम) मलेशिया, थाईलैंड तथा म्यांमा (बर्मा) के पहली से पन्द्रहवीं शताब्दी तक के संस्कृत शिलालेख भारत के गौरवशाली स्वर्ण-काल के अकाट्य प्रमाण हैं।[3] चीनी अभिलेखों के अनुसार कंबोडिया में फूनान साम्राज्य की स्थापना प्रथम शताब्दी ईसवी में हो गयी थी। यहाँ से प्राप्त प्रथम शिलालेख की तिथि तीसरी शताब्दी ईसवी है और पुरातात्विक सामग्रियों की तिथि दूसरी शताब्दी के मध्य तक चली जाती है। चीनी स्रोत के अनुसार उसी काल में मलय प्रायद्वीप में भी हिन्दुओं का एक छोटा सा राज्य था।[4] मजूमदार की मान्यता है कि यदि भारत और कंबोज का सम्पर्क समुद्र मार्ग से हुआ था; तो उस मार्ग में पड़ने वाले द्वीप अवश्य ही उसके पूर्व हिन्दुत्व के प्रभाव में आ गये होंगे।[5]

अधिकतर इतिहासकार दक्षिण-पूर्व-एशिया में भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव की तलाश में प्रथम शताब्दी के इर्द-गिर्द मंडराते हुये दृष्टिगत होते हैं जबकि कम्बुज में कौण्डिन्य द्वारा भारतीय उपनिवेश की स्थापना निर्विवाद रूप से प्रथम शताब्दी में हो गई थी।[6]

इस सन्दर्भ में कौटिल्य के अर्थशास्त्र के विवरण के अतिरिक्त यह उल्लेखनीय है कि सम्राट अशोक ने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में शोण और भद्र नामक दूतों को बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु दक्षिण-पूर्व एशिया भेजा था।[7]

भारतीय लोग प्रागैतिहासिक काल से ही व्यापारी के रूप में प्रवास करते रहे एवं विदेशी-व्यापार को बढ़ावा देते रहे। उस

* रीडर- प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग रा०मो०ग०पी०जी० कालेज, फैजाबाद।

महाभारत में राष्ट्र की अवधारणा

डॉ० प्रज्ञा मिश्रा*

महाभारत को भारतीय ज्ञान का विश्वकोष कहा जा सकता है। विश्वकोष से तात्पर्य है ऐसा कोष, जिसमें विश्व को नानाविध ज्ञान के प्रकाशक तत्त्व उपलब्ध हैं। इस महाग्रन्थ में भारतीय मनीषा ने विश्व के विभिन्न पहलुओं को संचित कर दिया है। *महाभारत* में जिस राजधर्म को प्रतिष्ठित किया गया है, उसमें राष्ट्र का कल्याण निहित है। सम्प्रति लोकतन्त्र में लोकहित का जो उद्घोष किया जाता है, वह *महाभारत* में प्रतिपादित राजधर्म में पूर्णरूपेण मान्य किया गया है। इस ग्रन्थ में सुयोग्य राजा एवं राज्य की सत्ता को अनिवार्य एवं सर्वोपरि स्वीकृत किया गया है। इसमें राजा, प्रजा, मन्त्री, राज्य के उद्देश्य, सप्तांग, राज्यों के प्रकार, राज्य के कार्य, मण्डल-सिद्धान्त, षाड्गुण्य, दूत-व्यवस्था, गुप्तचर व्यवस्था, सैन्य संगठन, युद्ध आदि विविध राजनीतिक घटकों के विषय में महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलती है जो तत्कालीन भारतीय राजनैतिक चिन्तनधारा की सत्ता को प्रमाणित करती है।

राज्य-हित या राष्ट्र-हित *महाभारत* में सर्वोपरि माना जाता था। भारतवर्ष में जो भिन्न-भिन्न राजाओं द्वारा शासित क्षेत्र थे, उन्हें ही 'जनपद' 'देश' अथवा 'राष्ट्र' कहा गया। *महाभारत* में जिस राजधर्म को प्रतिष्ठित किया गया है, उसमें राष्ट्र का कल्याण निहित है। सम्प्रति लोकतन्त्र में प्रजाहित (लोकहित) का जो उद्घोष किया जाता है, वह *महाभारत* में प्रतिपादित राजधर्म में पूर्णरूपेण मान्य किया गया है।[1]

राष्ट्रवाद ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा अपनी परम्पराओं एवं संस्कृति को अक्षुण्ण बनाने वाले लोग एक राजनीतिक इकाई के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। सच्ची राष्ट्रीयता लोगों को पृथ्वी पर अपना स्थान स्थापित करने में सहायता करती

* रीडर, प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, रा.स्नो.ग.पी.जी. कॉलेज, फैजाबाद, उ.प्र.

मिश्रा, प्रज्ञा, इतिहास दर्पण 17 (1) : 96-99 | 2012 | ISSN 0974-3065
अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली

"बौद्ध धर्म एवं पर्यावरण : अशोक के अभिलेखों में"

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा*

बौद्ध साहित्य में पर्यावरण सम्बन्धी सन्दर्भ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। प्रकृति प्राणवान है, हमारी शक्ति है, प्रत्येक जीव के लिये इसकी उपयोगिता है। विनयपिटक के महावग्ग' में वृक्ष लगाने के विज्ञान में निपुण लोगों को "आरामिक" कहा गया है। मकजातक' के अनुसार वट या बरगद के वृक्ष नगरों के प्रधान द्वारों पर लगाये जाते थे जिनके नीचे 500 आदमी तक बैठकर भोजन कर सकते थे एवं रह सकते थे। बौद्ध साहित्य के अनुसार प्रत्येक ग्राम में एक सार्वजनिक चारागाह होता था जहाँ सभी पशु चरने हेतु जाते थे। खेतों में अन्न कटने के बाद पशु स्वच्छन्द रूप से चरा करते थे। उपयोगिता की दृष्टि से अश्वों के महत्व पर प्रकाश पड़ता है। बालोदक जातक 183 में उल्लेख है कि थके हुये घोड़ों को अंगूर का रस पिलाया जाता था।[1] वस्तुतः बौद्ध साहित्य में जीवमात्र के प्रति मैत्री एवं करुणा का भाव सर्वत्र दृष्टिगत होता है। अरब लेखक अल इद्रीसी को एक किसान द्वारा अनुपयोगी बूढ़े बैल की सेवा करते हुये देखकर आश्चर्य हुआ था। उसने उस किसान से कहा था कि इस बैल को व्यर्थ में भोजन देने से क्या लाभ? इसे मारकर इसके चमड़े का उपयोग भी किया जा सकता है। तब कृषक ने कहा था "हम अपने पशुओं की सेवा भी अपने परिवार के वृद्धों के समान ही करते हैं।" यह भारतीय संस्कृति की चिरन्तन चल रही विशेषता है।

भगवान बुद्ध का सम्पूर्ण जीवन प्रकृति के साथ ही व्यतीत हुआ था। उनका जन्म लुम्बिनी वन में, बोधि प्राप्ति पीपल वृक्ष के नीचे, प्रथम धर्म चक्र प्रवर्तन सारनाथ के ऋषिपत्तन मृगदाव में तथा महापरिनिर्वाण कुशीनगर में दो शालवृक्षों के कुंज में हुआ था। बुद्ध ने अपने जीवन के चौबीस वर्षावास श्रावस्ती के उपवनों में व्यतीत किये थे।[2] प्रायः सभी विहार एवं संघाराम प्रकृति की गोद में, शुद्ध जल की व्यवस्था को ध्यान में रखकर बनाये जाते थे। अंगुत्तर निकाय' में उल्लेख है कि समृद्ध नागरिक का प्रमुख लक्षण माना गया था कि उसके उपभोग के लिये उपवन हो। कल्हण की राजतरंगिणी' में उल्लेख है- "उपवनों की लोकप्रियता का बहुत बड़ा कारण मानव की चित्तवृत्तियों को प्रफुल्लित करना था। सुख और दुःख में इन्हीं वृक्षों के नीचे मानव ने सम्वेदनाओं का अनुभव किया है।" मेगस्थनीज के अनुसार चन्द्रगुप्त मौर्य के राजप्रासाद के समीप मनोरम उपवन था। इस उपवन में देश-विदेश से पौधे मँगाकर लगाये गये थे। ये वृक्ष सौन्दर्य-सम्वर्द्धन करते थे।

अशोक मौर्य वंश का प्रतापी शासक था; जो अपनी प्रशासनिक क्षमताओं, विजयों एवं धम्म-नीति के कारण विख्यात है। मौर्य वंश के सर्वाधिक यशस्वी शासक के रूप में जहाँ अशोक अखण्ड जम्बुद्वीप विजयी है; वहीं धर्म के क्षेत्र में भी इसकी पताका आसेतु हिमालय फहराती रही एवं विदेशों तक धम्म-ध्वजा फहराई। अशोक के द्वारा खुदवाये गये स्तम्भ-लेख एवं शिलालेख स्वयं उसकी कीर्ति प्रकट करते हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में मैंने अशोक के अभिलेखों में वर्णित बौद्ध धर्म एवं पर्यावरण पर प्रकाश डालने की कोशिश की है।

मौर्य सम्राट अशोक के ब्राह्मी, खरोष्ठी, अरामायिक और यूनानी लिपियों में अंकित अभिलेख देश के विभिन्न भागों से प्राप्त हुये हैं। ब्राह्मी लिपि में लिखे अभिलेख अब तक 34 स्थलों से मिले हैं और विभिन्न स्थलों से इनकी कई-कई प्रतियाँ पायी गयी हैं। खरोष्ठी लिपि के अभिलेख अफगानिस्तान और पाकिस्तान से ही मिले हैं। इन अभिलेखों को अध्ययन की दृष्टि से तीन भागों में रखा जा सकता है -

1. **गुहा अभिलेख :-** बिहार प्रदेश के गया जिले में बराबर पहाड़ में कुछ गुफाएँ हैं जो कर्ण चौपर गुफा, सुदामा गुफा एवं विश्वझोपड़ी गुफा के नाम से प्रसिद्ध है, जिन्हें अशोक ने आजीविकों के रहने के लिये बनवाया था।

2. **शिलाभिलेख :-** ये अभिलेख पर्वतीय चट्टानों पर टंकित कराये गये हैं इनकी संख्या 14 है। ये चौदह लेख एक ही क्रम में एक साथ लिखे गये हैं।

3. **स्तम्भ अभिलेख :-** पर्वतीय चट्टानों के अतिरिक्त अशोक ने कुछ अभिलेख पत्थर के बने स्तम्भों पर अंकित कराये थे।

---

*. रीडर-प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कालेज, फैजाबाद-224001 फोन नं. 9450922725

अथर्ववेद में अभिव्यक्त रुद्र

डॉ० प्रज्ञा मिश्रा * वीरेन्द्र कुमार सिंह **

अथर्ववेद में रुद्र का स्वरूप वर्ण के सदृश ही प्राप्त होता है किन्तु यत्र–तत्र उनके विषय में कुछ नवीन तथ्यों का उल्लेख भी हुआ है।

लीला मोहन के अनुसार– "महिला सशक्तिकरण निडरता सम्मान और जागरूकता तीनों शब्द महिला सशक्तिरण में सहायक है महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं की प्रगति और उनमें आत्मविश्वास का

त्रिपिटक : पूर्वकृत पुनर्लेखन परिप्रेक्ष्य

डॉ० सुषमा पाठक
एसो० प्रोफेसर, … पी०जी० कालेज, फैजाबाद (अयोध्या)।

डॉ० महेन्द्र पाठक
एसो० प्रोफेसर, का०सु० साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या।

ई०पू० पाँचवीं–छठी शताब्दी से लेकर ग्यारहवीं–बारहवीं ई० तक का काल बौद्धधर्म एवं दर्शन का ऐतिहासिक काल स्वीकार किया जाता है। राजनैतिक इतिहास की दृष्टि से मगध–शासक बिम्बिसार से लेकर बंगाल के पालवंश तक बौद्धधर्म का इतिहास उपलब्ध है। भगवान बुद्ध एवं उनके धर्म की जन्म–भूमि प्राच्य या पूर्व देश था जिसका पश्चिमी छोर आधुनिक प्रयाग अथवा काशी स्वीकार किया जाता है। भगवान बुद्ध ने अपने सद्धर्म का उपदेश प्रधानतया मगध एवं कोशल के जनपदों में तथा शाक्य, लिच्छवि एवं मल्ल आदि गणराज्यों में जनभाषा में दिया था। यह जनभाषा 'मागधी' थी जो कालान्तर में 'पालि' संज्ञा से अभिहित की गयी। इस प्रकार स्पष्ट है कि बौद्धधर्म का प्राचीनतम साहित्य 'पालि' भाषा में ही लिपिबद्ध किया गया। इसे पालि आगम साहित्य संज्ञा से अभिहित किया जाता है। आप्टे के मतानुसार आगम का अभिप्राय है–परम्परागत सिद्धान्त, उपदेश, धार्मिक लेख या धर्म ग्रन्थ। भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के उपरान्त उनके उपदेशों का संकलन किया गया, अतः आगम शब्द का उपर्युक्त अर्थ सर्वथा उचित प्रतीत होता है। पालि आगम थेरवादिन संज्ञक बौद्धों के एक वर्ग का आगम है। पालि साहित्य की उद्भव स्थली यद्यपि भारत भूमि है तथापि इसके सम्यक् अध्ययन के निमित्त विविध शाखाओं–प्रशाखाओं का भी उपयोग करना होगा जो संस्कृत, पालि, तिब्बती एवं चीनी आदि भाषाओं में सिंहल एवं बौद्धमतानुयायी देशों में पुष्पित–पल्लवित हुई हैं। लंका के शासक वट्टगामिनी के काल में बौद्धधर्म के परम्परागत सिद्धान्त या उपदेश ताम्र पत्रों पर अंकित कर चिरस्थायी कर दिया गया था। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रथम शताब्दी ई० में बुद्धवचन, जिसे भिक्षु महेन्द्र अशोक के शासनकाल में लंका ले गये थे, पूर्णतः लिपिबद्ध हो चुका था। ये बुद्धवचन जिन ग्रन्थ समूहों में प्राप्त होते हैं, उन्हें 'त्रिपिटक' या पालि भाषा में तिपिटक कहा जाता है। सम्पूर्ण त्रिपिटक पालि भाषा में अद्यावधि उपलब्ध है। इनके अतिरिक्त संस्कृत भाषा में भी त्रिपिटकों की रचना की गयी थी, परन्तु दैवदुर्विपाकवश वे सम्प्रति अनुपलब्ध हैं। संस्कृत भाषा के त्रिपिटकों के अस्तित्व का परिज्ञान प्रधानतया उनके चीनी एवं तिब्बती भाषा में अनूदित अंशों से ही होता है। संस्कृत एवं पालि निकायों में पर्याप्त समरूपता परिलक्षित होती है, यथा–दीर्घागम, मध्यमागम एवं एकोत्तरागम क्रमशः दीघ, मज्झिम एवं अंगुत्तर से साम्य रखते हैं। सम्प्रति बौद्ध साहित्य में तिब्बती एवं चीनी भाषा के अनूदित ग्रन्थों की प्रचुरता दिखायी पड़ती है।

वर्तमान भारत में समान नागरिक संहिता की प्रासंगिकता एवं महत्व - एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ सुषमा पाठक
एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, राजामोहन गर्ल्स पीजी कॉलिज, अयोध्या , उत्तर प्रदेश।

Article Info
Volume 4, Issue 3
Page Number : 155-160
Publication Issue :
May-June-2021
Article History
Accepted : 01 June 2021
Published : 15 June 2021

सारांश– भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है तथा यहाँ समान धर्मनिरपेक्ष अचार संहिता का होना अति आवश्यक है। शिक्षा में वृद्धि , जागरूकता ,सद्भावना ,सामाजिक एवं धार्मिक मुद्दों पर उचित एवं वैध चर्चा करके हम समान नागरिक संहिता को वास्तव में सफल बना सकते है एवं समानता, एकता तथा एकीकरण की भावना का विकास कर राष्ट्र के विकास में तीव्रता ला सकते है ।

मुख्य शब्द– नागरिक, संहिता, समाजशास्त्रीय, भारत, धर्मनिरपेक्ष, राष्ट्र /

भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र हैं अर्थात यहाँ किसी धर्म में भेदभाव ना होकर सभी धर्म एक सामान हैं । धर्मनिरपेक्ष भारत को एक समान नागरिक संहिता की आवश्यकता हैं । भारतीय समाज निरंतर परिवर्तित हो रहा हैं एवं जटिलता की तरफ उन्मुख हैं अतः देश के संचालन में सहूलियत लाने के लिए यह आवश्यक हैं की व्यक्तिगत कानून में समानता लायी जाये। भारत के संविधान को निर्मित हुए आज बहत्तर वर्ष हो गए है किन्तु संविधान के भाग चार के अनुच्छेद 44 जिसमें यह उल्लेख हैं की "नागरिकों के लिए देश के प्रत्येक क्षेत्र में एक समान अधिकार हो " आज भी यथार्थ नहीं हो सका । यह शोधपत्र वर्तमान भारत में समान नागरिक संहिता की प्रासंगिकता एवं महत्व के साथ-साथ इसके इतिहास एवं इसके क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषण करता हैं । इस शोधपत्र के लिए विभिन्न प्रमाणित साहित्य , शोधपत्रों , समाचार लेखों एवं पुस्तकों का गहन अध्ययन किया गया हैं ।

"आइए हम अवसरों से युक्त एक ऐसे देश का निर्माण करें, जहां कानून के सामने हर कोई समान हो और जहां खेल के नियम न्यायसंगत, पारदर्शी और सभी के लिए समान हों।"

– वलोडिमिर ज़ेलेंस्की

समानता एक देश के प्रगति का प्रतीक हैं अर्थात जब एक देश, जात-पात,धर्म–समुदाय अमीरी–गरीबी से ऊपर उठ कर अपने नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता हैं तभी वह प्रगति एवं उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होता है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र हैं अर्थात यह किसी भी धर्म में भेदभाव नहीं करता एवं धार्मिक संस्थाओं के आधार पर निर्णय नहीं लेता, ना ही धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करता हैं । भारत विश्व का द्वितीय सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश हैं एवं यहाँ अत्यधिक

Copyright: © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)

An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

Action Plan for development of village Govindpura, Bengaluru

Priya Singh (*Author*)
JRF Department of Sociology,
Dr. RML Avadh University,
Ayodhya, Uttar Pradesh, India
priyasinghsy.01@gmail.com

Dr. Sushma Pathak (*Author*)
Associate Professor Department of Sociology,
Raja Mohan Girls PG College,
Ayodhya, Uttar Pradesh, India

Abstract— The villages in India face major challenges due to lack of awareness about various government schemes. The accessibility of these schemes to the end beneficiary is also a challenge posed by the current political and social structure in remote areas. Govindpura, Bangalore is a village facing such challenges that hinder its development. In this paper, we tried to identify the key drivers that hinder the growth of the village through the analysis of the demographic and economic data presented by Unnat Bharat Abhiyan ERP portal. The village was assessed based on various socio-economic factors such as education, health, etc. After analysis of the data, we suggested some schemes or programs for different sectors of the village economy. These schemes can be implemented by Government entities to provide a better quality of life in the village. We observed that more focus is required in spreading awareness about such schemes. Three key elements identified to bridge the gap of information asymmetry are: bridging the gap between government and people, effective Governance, and core health and infrastructure improvement strategies in areas like healthcare, irrigation facilities, etc. To enable proper implementation of these services, a proper funding and spending system needs to be developed, approved and implemented to ensure that the funds are sufficiently allocated for the different development domains. Funding options need to be considered carefully to ensure that: Transparency and accountability is maintained in allocation and utilization of funds, adequate funds are available for the implementation of the project, and utilization of allocated funds is monitored. The paper concludes with the observation that government schemes need to be properly managed and monitored at the village level. Technology can be used to track the life cycle of such schemes. Rural development is at the core of India's progress.

Keywords— rural development; development plan; government schemes awareness; rural data analysis

I. Introduction

Development of villages is the backbone for the long term growth and development of India. Rural development can't be achieved with a single approach, one needs to consider all the aspects, i. e., socio-economic, culture, education, technology, infrastructure, etc [1]. The need of the hour is the proper implementation of the rural development schemes proposed by the government of India and NITI AAYOG [2]. Participatory Rural Appraisal is a good tool for rural development. This method helps rural people take ownership of their development using analysis of the rural data and conditions [3]. The government can also be involved in facilitating the implementation of action plan post analysis. The rural development has gained world-wide attention, especially for developing countries. India has huge rural population and many people in rural India depend on agriculture. So proper development plan along with role of government schemes is the need of the hour [4]. There has been case studies on sustainable rural development. One of them is that of Yanamadala village [5]. We need similar case studies to create a sample of action plan for rural development. Various studies have focused on different aspects of rural development on case by case basis. Analysis of rural infrastructure in 16 Indian states and their impact on rural development was studied [6]. The complex socio-economic dynamics of electricity access in rural areas can be a deciding factor in rural development [7]. The scope of tourism for rural development can be very significant [8]. In this study we tried to analyse different kind of data like demographic data, land and agriculture data, basic information data, etc. Hence we provide a comprehensive analysis and action plan for development of the village Govindpura using the Unnat Bharat Abhiyan ERP data.

II. Data and Methodology

A. Data Source

The data of Govindpura village was collected using the Unnat Bharat Abhiyan Enterprise Resource Planning interface. The portal used to access the data is:

https://unnatbharatabhiyan.gov.in/erp/

The data was obtained using the institution – IIT Delhi, which is a participating institution in the program.

B. Analysis Report

1) Demographic Analysis

- Demographic Profile – Total Population of the village is 548. There are 127 households in the village (4

IJAS, JAN, 2014, Vol. 8, No. 1, 89-93 ISSN 0974-0503;Reg. No. UPBIL/2007/23350

बौद्ध साहित्य में प्रतिबिम्बित महिला प्रस्थिति

सुषमा पाठक*

छठीं शताब्दी ई-पू. एक तरफ नगरीकरण तो दूसरी तरफ धार्मिक एवं सामाजिक परिष्कारों के लिये प्रसिद्ध है। आचार्य पाण्डेय जी ने इन्हीं विशेषताओं के कारण इसे 'अभिसम्बोधि युग' कहा है।[1] इस कालखण्ड में सामान्य रूप से जीवन का प्रत्येक क्षेत्र परिष्कार और परिवर्तन के लिये उद्यत प्रतीत होता है। भौतिकवादी विचारकों के अनुसार मानव चेतना के परिवर्तनों का कारण सामाजिक धरातल पर खोजना चाहिये।[2] बौद्ध देशना में समसामयिक चिन्तन और समाज का योगदान नकारा नहीं जा सकता है। प्रो. इन्द्र ने बौद्ध देशना को ब्राह्मणवाद का विरोधी और समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रभावित करने वाला कहा है।[3] सामान्य रूप से कह सकते हैं कि बुद्ध देव और मौर्य सम्राट अशोक के कालखण्ड में महिलाओं की प्रस्थिति में प्रशंसनीय सुधार हुआ। बौद्ध इतिहास लेखन का ज्ञान महिलाओं की प्रस्थिति को गंभीर चिन्तन का विषय बना देता है। बौद्ध साहित्य में महिलाओं से सम्बन्धित परस्पर विरोधी उद्धरण प्राप्त होते है।[4] त्रिपिटक से हमें विस्तृत और परिणाम सूचक वृत्तान्त प्राप्त होते है, जो घटनाओं के न्यूनाधिक प्रत्यक्ष अभिलेख है।[5] जबकि बुद्ध देव की जीवनियों में इतिवृत्त को आख्यान में परिवर्तित कर दिया गया है। विवेच्यकाल खण्ड में भारतीय समाज को नवीन प्रतिरोधों, चुनौतियों और परिवर्तनों का सामना करना पड़ा।[6] सामाजिक परिवर्तन के दुरूह मार्ग में पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरित होने वाले व्यवहार और प्रतिरोध सबसे बड़ी चुनौती थे। इस प्रकार रूढ़वादिता और संकुचित दृष्टिकोण को देखते हुये सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु गौतम बुद्ध को कम समय मिला। उन्होंने महिला और पुरूषों के प्रति एक सीमा तक समभाव रखा।[7] बौद्ध परिवार में स्त्री पुरूष सन्तानियों में कोई भेद नहीं परिलक्षित होता है। जैसे समृद्ध महासुवन ने एक पवित्र वृक्ष के नीचे कहा कि पुत्र या पुत्री प्राप्त होने पर वह कृतज्ञता ज्ञापित करेगा।[8]

जातक ग्रंथों में महिलाओं की निम्न प्रस्थिति के द्योतक प्रचुर सन्दर्भ हैं जैसे एक शिष्य अपनी पत्नी के दोष से चिन्तित था, तब आचार्य ने कहा –

यथा नदी च पन्थो च पाणगारं सभा पपा।
एवं लोकित्थियो नाम नास कुप्पन्ति पण्डिता।।[9]

अर्थात–जैसे नदी, पथ, शराबखाने, धर्मशालायें और पनशाला आदि सबके लिये होती है, पण्डित व्यक्ति यह जानकर उसके विषय में क्रोध नहीं करते। यहाँ स्पष्ट है कि महिला को सार्वजनिक उपभोग की वस्तु मानकर जातक युग का प्रधान व्यक्ति समाज को पुनः आदिम युग में पहुंचाने के लिये प्रयत्नशील था।[10] इसके विपरीत अन्यत्र काशिराज ब्रह्मदत्त और पसेनदि को स्त्री या पुरूष सन्तति के लिये इच्छा व्यक्त करते पाते है।[11] गौतम बुद्ध स्त्री सन्तति को पुरूष सन्तति से श्रेष्ठ मानते थे।[12] इस प्रकार सामाजिक परिवर्तन की

*एसोसियेट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, राजा मोहन गर्ल्स पी. जी. कालेज, फैजाबाद।

ISSN 0974-0943 Reg. No. UPBIL/2007/1335

IJAS, JUNE 2013, Vol. 7, No. 2, 68-74

भूमिका- अवधारणा, प्रकृति एवं समाजशास्त्रीय महत्त्व

सुषमा पाठक*

प्रस्थिति के ही समान राल्फ लिण्टन महोदय ने भूमिका का गम्भीर अध्ययन किया है। इनका विचार है कि भूमिका और प्रस्थिति को अलग नहीं किया जा सकता है, यदि इनके बीच कोई विभेद की रेखा खींची जाती है तो ऐसी रेखा कभी भी शिक्षाविदों के दृष्टिकोण से उचित नहीं कही जा सकती है। व्यावहारिक दृष्टि से इन दोनों शब्दों में कोई विभाजन सम्बन्धी रेखा खींचना सम्भव नहीं है।[1] आक्सफोर्ड शब्दकोश में भूमिका का अभिप्राय अंग्रेजी का फंक्शन शब्द अभिव्यक्त करता है। सामान्य रूप में जिन कर्तव्यों की पूर्ति के लिए किसी व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है, वे कर्तव्य ही उसकी भूमिका है। नाइमैन और ह्यूज[2] का मत है कि भूमिका एक व्यापक अवधारणा है। ऐतिहासिक दृष्टि से 1900 ई. से लेकर 1950 ई. तक सामाजिक भूमिका की जो परिभाषायें थीं उन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- 1. व्यक्तित्व विकास की गत्यात्मकता के सन्दर्भ में भूमिका, 2. सम्पूर्ण समाज के सन्दर्भ में भूमिका की कार्यात्मक परिभाषा, 3. किसी विशेष समुदाय/समूह के सन्दर्भ में भूमिका की परिभाषा।

''भूमिका'' का तात्पर्य उन सभी कार्यों से है जिनको विभिन्न प्रस्थितियों के अनुसार व्यक्ति को पूरा करने की आशा की जाती है। समाज की प्रथाओं, परम्पराओं, आदर्श नियमों तथा कानून के अनुसार प्रत्येक प्रस्थिति से सम्बन्धित कुछ ऐसे कार्य अथवा दायित्व भी होते हैं जिनको समाज द्वारा व्यक्ति से पूरा करने की आशा की जाती है। इन्हीं को संक्षेप में प्रस्थिति की भूमिका कहते हैं।

प्रस्थिति में परिवर्तन के साथ भूमिका भी परिवर्तित होती रहती है। हेरालाम्बोस[3] ने भूमिका का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा है :- ''सामाजिक कार्य व्यवहार को नियमित और संगठित करते है। विशेषकर भूमिका किन्हीं कार्यों को सम्पन्न करने में साधन का काम करती है। संस्कृति के एक पहलू के रूप में व्यवस्थित समाज में भूमिकाएं मार्ग दर्शन करने का महत्त्वपूर्ण कार्य करती है।'' सामाजिक भूमिका व्यवहार को नियंत्रित और संगठित करती है। प्रत्येक भूमिका के साथ कुछ निश्चित मापदण्ड जुड़े होते हैं। सामान्य रूप में हम कह सकते है-

प्रस्थिति = भूमिका + मानदण्ड (मूल्य + नियम + विश्वास)

किंग्सले डविस[4] लिखते है, ''भूमिका मानदण्ड का व्यावहारिक पक्ष है, भूमिका वह कार्य है जिसे व्यक्ति अपनी प्रस्थिति के अनुरूप सम्पन्न करता है।'' राल्फ लिण्टन[5] के शब्दों में, भूमिका प्रस्थिति के गत्यात्मक पक्ष का प्रतिनिधित्व करती है। व्यक्ति को एक सामाजिक दृष्टि से एक प्रस्थिति प्राप्त होतीहै वह अन्य प्रस्थितियों के सम्बन्ध में उक्त प्रस्थिति को धारण करता है। जब व्यक्ति निर्धारित प्रस्थिति के लिए अपेक्षित कर्तव्यों का

*रीडर : समाजशास्त्र विभाग, राजा मोहन गर्ल्स पी. जी. कालेज, फैजाबाद।

UJAS, JUNE 2012, Vol. 6, No. 2, 116-122 ISSN 0974-0503; Reg. No. UPBIL/2007/23350

प्रस्थिति - अवधारणा एवं विशेषतायें

सुषमा पाठक*

समाज एक सार्वभौमिक अवधारणा है, जो मानव में ही नहीं वरन् पशु एवं पक्षियों के बीच भी विद्यमान है। मानव समाज में स्तरीकरण की व्यवस्था का मूल उद्देश्य सामाजिक संगठन की परिकल्पना होती है। इसके लिए एक अनिवार्य शर्त यह होती है कि समाज में भिन्न-भिन्न योग्यता एवं कुशलता के व्यक्ति अपने अनुरूप पदों पर रहकर कार्य करें और अपने पद से सम्बन्धित पदों पर रहकर कार्य करें और अपने पद से सम्बन्धित उन दायित्वों को पूरा करें, जिनकी समाज उनसे आशा करता है। किसी भी समाज में सभी व्यक्तियों को मिलने वाले अधिकार और कर्तव्य एक जैसे नहीं होते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में एक ही व्यक्ति की स्थिति एक-दूसरे से भिन्न देखने को मिलती है। हम जब कभी व्यक्तियों से किसी सभा, सम्मेलन, सेमिनार या बैठक में मिलते हैं तो इस परिचय में सामान्यतया यह कहा जाता है कि 'मैं इस विश्वविद्यालय में पढ़ता हूँ' या 'उस कार्यालय में काम करता हूँ'। गांवों में इसी तरह से परिचय के अवसर पर हम किसी नातेदार से अपना सम्बन्ध बताते हैं उदाहरण स्वरूप, 'आपके गांव में यह जो आदमी रहता है, मैं उसका मामा होता हूँ।' सामान्यतया दूसरों के साथ हमारा परिचय एक धन्धे के साथ होता है, समुदाय के माध्यम से होता है या किसी नातेदारी द्वारा होता यहाँ धन्धा, व्यवसाय, समुदाय की सदस्यता, नातेदार आदि प्रस्थितियाँ हैं। वास्तविकता यह है कि हम सभी एक ही समय में अनेकानेक प्रस्थितियों का निर्वाह करते है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी एक या अनेक प्रस्थितियों के अनुसार ही एक-दूसरे से भिन्न उन बहुत से दायित्वों को पूरा करना होता है, जिनकी उससे पूरा करने की आशा की जाती है। इसका तात्पर्य है कि एक अधिकारी, कर्मचारी, मालिक, श्रमिक, नेता, पिता, पुत्र, माँ, बहिन अथवा पुत्री आदि के रूप में समाज व्यक्ति से जिन कार्यों को पूरा करने की आशा करता है, उनकी प्रकृति एक-दूसरे से बहुत भिन्न होती है। इस प्रकार प्रत्येक प्रस्थिति से जुड़े हुये कार्यों अथवा दायित्वों को ही हम 'भूमिका' कहते है। प्रस्थिति और भूमिका का सन्तुलन ही सामाजिक जीवन को व्यवस्थित और गतिशील बनाता है।

प्रस्थिति शब्द के अंग्रेजी स्थानान्तर स्टेटूस (STATUS) का प्रचलन समाज विज्ञान में हाब्स, लॉक एवं स्मिथ के द्वारा किया गया। इन विद्वानों ने यूरोपीय सामाजिक दर्शन के विश्लेषण के परिप्रेक्ष्य में इस शब्द का उपयोग किया है। इनका विचार था कि समाज के शाश्वत अस्तित्व एवं इस तथ्य में कि कुछ व्यक्तियों को दूसरे की अपेक्षा कृत अधिक अधिकार एवं सुविधायें प्राप्त हैं, इसमें सतत् सम्बन्ध है।'

* रीडर, समाजशास्त्र, राजा मोहन गर्ल्स पी.जी.कालेज, फैजाबाद।

UJAS, JUNE 2010, Vol. 4, No. 2, 150-153

पंचायतीराज और महिलाएँ

सुषमा पाठक*

बीसवीं शताब्दी आधुनिकीकरण, विऔपनिवेशीकरण और प्रजातंत्र की शताब्दी के रूप प्रसिद्ध है। भारत की आजादी विश्व इतिहास की एक बड़ी घटना रही है और इसके प्रजातंत्र की सफलता मानवता की स्थायी निधियों में से एक है। जब फ्रांस की क्रांति हुई थी तो वहाँ के नागरिकों को दो श्रेणियों में बाँटा गया था, प्रथम – वे जो मतदान कर सकते थे और द्वितीय– वे जो मतदान नहीं कर सकते। स्त्रियों को इसी दूसरी श्रेणी में शामिल किया गया था। भारत को एक लंबे संघर्ष के बाद जब आजादी मिली तो उसने बिना किसी लैंगिग भेदभाव के सार्वजनिक वयस्क मताधिकार दिया। प्रसिद्ध संविधानवेत्ता ग्रेनविल आस्टिन के अनुसार यह भारतीय प्रजातंत्र की सफलता का शंखनाद था।[1]

भारत की संविधान सभा में नौ महिलाएँ थीं।[2] जब राष्ट्रध्वज को समर्पित करने की बारी आयी तो भारतीय जनता की ओर से श्रीमती हंसा मेहता ने इसे राष्ट्रपति को सौंपा था।[3] इस प्रकार भारत के संविधान निर्माण या इस से पहले भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में स्त्रियों का स्वर[4] कदापि दबा नहीं था। दक्षिण एशिया के इतिहास को यह एक बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। दक्षिण एशिया की संसदीय राजनीति में महिलाओं की संतोषजनक उपस्थिति व्यक्तिगत स्तर पर बनी रही है- सिरीमावो भंडार नायके, श्रीमती इंदिरा गांधी और शेख हसीना –इसकी ज्वलंत उदाहरण हैं। फिर भी ये महिलाएँ बड़े राजनीतिक परिवारों की पृष्ठभूमि से सत्ता के सोपान चढ़ने वाली थीं। वास्तविक रुप से, तृणमूल स्तर पर नीतिनिर्णयन, विकास प्रक्रिया एवं सहभागिता के आधार पर महिलाओं की उपलब्धि पंचायती राज में शामिल होना रहा है। भारतीय संविधान वास्तव में एक सामाजिक दस्तावेज है, जिसमें उन स्वप्नों को शामिल किया गया है जो स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान हमारे नेताओं ने भारत के भविष्य को लेकर देखे थे। उनमें से कुछ को संपूर्ण या आंशिक रुप[5] से पूरा करने की घोषणा पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने 'नियति से मिलाप' नामक ऐतिहासिक भाषण में की थी। जब देश को आजादी मिली थी, तो देश काफी गरीब था। सारी आकांक्षाएँ तुरंत नहीं पूरी की जा सकती थी। अतः इन्हें भविष्य की कार्ययोजना के रूप में राज्य के नीति निदेशक तत्वों के रुप में रख दिया गया। पंचायती राज उन्हीं में एक था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 40 में कहा गया है कि राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रुप में कार्य करने के योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों।[6] पंचायतीराज संस्थाओं के द्वारा 1952 में सामुदायिक विकास की जो परियोजना शुरु की गयी थी, उसे बीच में ही असफल हो जाना पड़ा। फलस्वरुप संवैधानिक स्तर पर और वास्तविक पहल को संविधान (73 वाँ संशोधन) अधिनियम, 1992 के द्वारा शुरु किया गया। एक त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली में महिलाओं को 33% आरक्षण दिया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। प्रारंभ में इस प्रयोग को लेकर जो आशंकाएँ जाहिर की गयी थीं सम्प्रति वे निर्मूल्य साबित हुई हैं।

पंचायती राज संस्थाओं को भारत के पुनर्निर्माण के एक प्रमुख औजार के रुप में देखा जा रहा है।[7] इस समय 28.18 लाख निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों में 1014480 के आस-पास महिलाओं

*एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, राजा मोहन गर्ल्स पी. जी. कालेज, फैजाबाद।

ISSN 0974-0503 ; Reg. No. UPBIL/2007/23350

U.A.S. Jan. 2010, Vol. 4, No. 1, 107-114 ISSN 0974-0503
Reg. No. UPBIL/2007/23350

मानवाधिकार एवं महिला सशक्तीकरण

सुषमा पाठक* एवम् महेन्द्र पाठक**

विधाता द्वारा सृजित सृष्टि में मानव मात्र इसलिए महान नहीं है कि वह सोचने और समझने की क्षमता रखता है, अपितु इसलिए है कि उसने अपने मानवीय मूल्यों को युगों के प्रवाह में सुरक्षित रखा है। अपनी नैसर्गिक प्रतिभा को उसने सहजीवी मानव के प्रति सम्मान एवं सहजीवन को बढ़ाने में लगाया है, मानव इसीलिए सुन्दर है। हमारे समाज एवं संस्कृति में कतिपय आहरणीय एवं शाश्वत अधिकारों/कर्तव्यों का प्रावधान किया गया है, इन्हें, ही मानवाधिकार संज्ञा से अभिहित किया जाता है[1]। तकनीकी दृष्टि से मानवाधिकार, वे अधिकार हैं जिनका मानव मात्र के लिए उपलब्ध होना अपेक्षित है। वस्तुत: सामाजिक जीवन की वह दशा, जिसमें मानव को समाज द्वारा अनुमन्य तथा विधि सम्मत कार्यों को सम्पन्न करने की स्वतंत्रता हो, मानवाधिकार कहलाती है[2]।

विश्व के आदिम समाजों में एक पदानुक्रम की व्यवस्था विद्यमान थी। आदिम समाज में मानव को उसके मूल्यों के साथ ही स्वीकार किया जाता था। मानवाधिकार मानव के नैसर्गिक अधिकारों से उदभूत प्रतीत होते है। नैसर्गिक या प्राकृतिक अधिकार प्राकृतिक कानून से सम्बन्धित है, जिसका गंभीर विवेचन एफ0 कैस्टिलबर्ग ने नेचुरल राइट्स एण्ड ह्यूमन राइट्स में किया है।[3] हम चाहे वैदिक जनो या प्राचीन 'मय' (मैक्सिको एवं पेरू) सभ्यता का विश्लेषण करें, सर्वत्र मानव को पूर्ण प्रतिष्ठा उपलब्ध कराने के सन्दर्भ प्राप्त होते है। अद्यतन बहुप्रचारित मानवाधिकार एक अर्वाचीन अवधारणा है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में यह पुरातन एवं अपेक्षाकृत अधिक उदात्त रहीं है, परन्तु प्रचलित इस रूप में नहीं रही है। ऋग्वेद में वर्णित 'कृण्वन्तों विश्वं हि आर्यम् एवं साहित्य में सुरक्षित सम्भूय समुत्थान[4], सह नौ भुनक्तु... तथा सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामय:। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित दुख भाग भवेत् आदि, इसकी पुष्टि करते है।

प्रकृति की सम्पूर्ण सृजनात्मकता और अलौकिक चेतना का मूर्त रूप नारी है। जगत में जो कुछ भी दृश्य है, उसे सवाँरने और उसकी उपस्थिति को कमनीय, सौनदर्यपरक और प्राणि हितार्थ बनाने में जो अदृश्य चेतना कार्य करती है, वह नारी चेतना ही है। वैदिक समाज में नारी को पुरूषों के समकक्ष अधिकार प्राप्त

* रीडर, समाजशास्त्र, राजा मोहन गर्ल्स पी0जी0 कालेज, फैजाबाद। ** रीडर, प्रा0मा0 इति0, का0सु0साकेत स्नात.महाविद्यालय, अयोध्या।

UJAS, JUNE 2009, Vol. 3, No. 2, 162-166

मादक द्रव्य व्यसन और युवा

सुषमा पाठक*

वर्षों से प्रायः सुनने में आता है कि युवा पीढ़ी बिगड़ती जा रही है। सभ्यता और संस्कृति के पाठक जानते हैं कि प्रत्येक युवा पीढ़ी आगामी युग की नींव डाल रही होती है, जिसे हमारा समाज सहज ही पचा नहीं पाता है, अतएव युवा वर्ग को बिगड़ैल कह देता है। कदाचित् गौतम बुद्ध, मोहनदास करम चन्द गाँधी, सरदार भगत सिंह और सुभाष चन्द्र बोस को गिनती भी ऐसी ही युवा पीढ़ी में की जाती रही होगी, जिन्होंने भारत ही नहीं अपितु विश्व इतिहास की दिशा और दशा बदल दी है। यह विचारणीय है कि आज की युवा पीढ़ी क्या रचनात्मक दृष्टि से बिगड़ैल होने की क्षमता रखती है ? जबरदस्त प्रतियोगिता के युग में कामयाबी को भारी कीमत न चुका पाने वाली युवा पीढ़ी के बारे में जवाब होगा – नहीं।

बेरोजगारी, हताशा, कुंठा, बाजार और समाज के दबाव को वह सहन नहीं कर पाती है, परिणाम स्वरूप मादक द्रव्यों की शरण में स्वयं को छोड़ देती है। यह अपनी मनोदैहिक चेष्टाओं के द्वारा स्वयं को 'सजदोही' दर्शाना चाहती है। यहीं से जटिल समाज की अभिव्यक्ति शुरू होती है। विगत पचास वर्षों के तकनीकी विकास ने अपने निर्माता मनुष्य को अनुगामी (पिछले चलने वाला) बना दिया है, इस प्रकार प्राथमिक सम्बन्ध लुप्त होते जा रहे हैं, तकनीकी से जीवन की गति का साम्य जर्जर होता जा रहा है और युवा पीढ़ी जीवन की चुनौतियों का प्रत्युत्तर देने के लिये ऐसी औषधियों की गुलाम बनती जा रही है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होते हुए भी उन्हें सक्रिय और चौकन्ना रखती हैं। जीवन की जटिलताओं के कारण मादक द्रव्यों के सेवन की प्रवृत्ति निरन्तर बढ़ रही है क्षेत्रीय स्तर पर नहीं अपितु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इनका उत्पादन और वितरण सत्ता के गलियारों और बड़े शक्ति केन्द्रों द्वारा नियंत्रित और विकसित होता है। औद्योगिकीकरण, वैश्वीकरण तथा सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण ने जीवन के अर्थ को बदल दिया है। वैश्विक स्तर पर यूरोप झिलमिल सितारों का महाद्वीप बन गया है, इसके उप उत्पाद के रूप में उसे अपने पारिवारिक मूल्यों से महरूम होना पड़ा है। हमारा भारत देश विकास के विशुल्क वातावरण से गुजर रहा है, इस विकास की संवाहक युवा पीढ़ी है। इस पीढ़ी की असीम ऊर्जा का सदुपयोग नीति नियामकों और शक्ति केन्द्रों द्वारा नहीं होगा तो कुंठा जन्म लेगी, मादक द्रव्यों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा और राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण कीमत चुकानी पड़ेगी। सामान्यतया मादक द्रव्य का तात्पर्य उन सभी द्रव्यों पदार्थों एवं औषधियों से लिया जाता है, जिनके सेवन से व्यक्ति नशा, उत्तेजना, सुख, प्रसन्नता और ऊर्जा की अनुभूति करता है। इन पदार्थों या औषधियों का एक बार सेवन, निरन्तर सेवन के लिये प्रेरित करता है। वस्तुतः व्यसन एक ऐसी दशा है, जो व्यक्ति (सेवनकर्ता) को विशेष व्यवहार या वस्तु के सेवन पर इतना आश्रित कर देती है कि वह कायिक एवं मानसिक दृष्टि से जीवन यापन हेतु इसे आवश्यक समझने लगता है। श्रीराम आहूजा के अनुसार 'व्यसन' शब्द शारीरिक निर्भरता दर्शाता है। अतएव व्यसन वह स्थिति है जिसमें शरीर को अपना कार्य संचालित करने के लिये द्रव्य का निरन्तर सेवन

* रीडर : समाजशास्त्र विभाग-राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कालेज, फैजाबाद।

ISSN 0974-0503 ; Reg. No. UPBIL/2007/23350

HUMANITIES AND DEVELOPMENT
A JOURNAL OF HUMANITIES, SOCIAL SCIENCES AND DEVELOPMENT
Vol. 1, No. 1, July-December, 2007

योजनागत जनजातीय विकास कार्यक्रम एवं उनका प्रभाव : एक मूल्यांकन

– डॉ. सुषमा पाठक* एवं डॉ. योगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी**

भारत भिन्नताओं से युक्त एक विशाल जनसंख्या वाला देश है। यहाँ समाज में प्रचलित-आदिवासी, वनजाति, पर्वतावासी, आदिम जाति एवं जनजाति इसी भिन्नता का अपरिहार्य अंग है। 1981 की जनगणना के अनुसार इनका सांख्यिकीय प्रतिशत 7.9 था, जो अद्यतन 2001 में लगभग 8.4 हो गया है।[1] इन आँकड़ों के आधार पर सहज ही कहा जा सकता है कि जनसंख्या के आधार पर अफ्रीका के उपरान्त भारत दूसरा ऐसा देश है, जहाँ आज भी आदिवासी सर्वाधिक निवास करते हैं। यह रोचक परन्तु विचारणीय बिन्दु है कि मानवशास्त्री, समाजशास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासक या अन्य लोग जो जनजातियों की समस्याओं से सैद्धान्तिक या व्यवहारिक रूप से जुड़े रहे, जनजातीय अवधारणा एवं परिभाषा के सम्बन्ध में लम्बे अन्तराल तक मतैक्य नहीं स्थापित कर पाये। यही कारण है कि 1917-1931 ई. तक की जनगणना तक जनजाति के अभिज्ञान नामकरण में निरन्तर परिवर्तन होता रहा है।[2] **इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्डिया** में जनजातियों को विकास के आदिम अथवा बर्बर आचरण में ऐसा समूह कहा गया है, जो एक मुखिया की सत्ता स्वीकार करता हो तथा सामान्यतया अपना एक पूर्वज स्वीकार करता हो। 1961 ई. में डी. एन. मजूमदार के अनुसार—आदर्श रूप में जनजातीय समाज आकार में छोटे, अपने सामाजिक विधिक तथा राजनीतिक सम्बन्धों की स्थानिक एवं कालिक परास (टेम्पोरल रेन्ज) में प्रतिबन्धित होते हैं तथा नैतिक, धर्म तथा तद्नरूप आयामों की विश्व दृष्टि रखते हैं, मौखिक भाषा से अलंकृत सीमा और काल के दृष्टिकोण से संकीर्ण ऐसी आत्मनिर्भरता रखते हैं, जिसका समाज में अभाव है। सम्प्रति इस क्षेत्रीय स्थानिक समूह का अभिज्ञान अनुसूचित जनजाति के रूप में किया जाता है, जिसके लिये भारतीय संविधान का अनुच्छेद 342 महामहिम राष्ट्रपति को अधिकृत करता है कि वे राज्यपाल से परामर्श कर अनुसूचित जनजातियों को निर्दिष्ट करें। इसी प्रकार संविधान की अनुसूची 5 एवं 6 के अधीन जनजातियाँ निर्धारित एवं अनुशासित हैं।[3] जनजातीय समाज के संस्थागत अध्ययन में सर्व श्री डी. एन. मजूमदार, प्रो. श्यामाचरण दुबे एवं के. सुरेश सिंह का अविस्मरणीय योगदान रहा है।[4] जनजातियों से सम्बन्धित आँकड़ों, समस्याओं, समाधान, मूल्यांकन और अध्ययन के आलोक में कहा जा सकता है कि इनकी जनसंख्या वृद्धि दर 1981 से 1991 के मध्य 25.67 हो गयी, जो राष्ट्रीय जनसंख्या वृद्धि दर 23.79 से अधिक है।[5]

भौगोलिक आधार पर भारतीय जनजातियों को चार वर्गों- हिमालय क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र तथा तटवर्ती द्वीप समूहों से युक्त दक्षिणी क्षेत्र में विभक्त किया गया है। मजूमदार महोदय प्रजातीय वर्गीकरण को दुरूह मानते हैं। सर्वप्रथम जनजातियों का प्रजातीय वर्गीकरण हरबर्ट रिजले द्वारा 1915 ई. में पीपुल्स ऑफ इण्डिया में प्रकाशित कराया गया। कालान्तर में इन्हें निग्रायेड, मंगोलायड और प्रोटो-आस्ट्रेलायड में विभक्त किया गया।

*रीडर, समाजशास्त्र, राजा मोहन गर्ल्स, पी.जी. कॉलेज, फैजाबाद
**रीडर, समाजशास्त्र, का.सु. साकेत पी.जी. कॉलेज, अयोध्या-फैजाबाद

शिक्षक–शिक्षा शोध पत्रिका Vol. 01, No. 01, 2007, PP. 34-42

स्त्रियो एवं बालिकाओं की जनसंख्या का निम्न अनुपात और उत्तरदायी कारक

डॉ. सुषमा पाठक
रीडर (समाजशास्त्र विभाग)
राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, फैजाबाद (उ.प्र.)

वर्ष 1985 ई. मे बाजिंग घोषणा–पत्र से लेकर 2001 मे संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्घोष नारी सशक्तीकरण, भारत मे महिला विकास कार्यक्रमों की सफलता, नारी सशक्तीकरण एवं पुरातन भारतीय सांस्कृतिक उद्घोष– ''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'' के बावजूद राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नारी से सम्बद्ध असन्तोषजनक आंकड़े प्राप्त हो रहे हैं। डॉ. सक्सेना का लेख 'महिला सशक्तीकरण युग मे निरन्तर अशक्त होती नारी विभा देव सरे की कृति– 'स्वागत है बेटी, सिमोन द बुआ की कालजयी रचना 'स्त्री उपेक्षिता' (The second sex), मृणाल पाण्डे की 'देवी' और तसलीमा नसरीन की द्विखण्डिता जैसी कृतियाँ वास्तविकता से हमें परिचित कराने की एक सार्थक पहल है। परन्तु समाचार जगत् 21वी सदी मे महाशक्ति जापान मे उत्तराधिकारी के जन्म पर प्रफुल्लित हो रहा है, क्योंकि जन्मजात नव शिशु बालिका नहीं, बालक है, जो आगामी कल का राजा है। परन्तु आज तक जापान की नारी को औद्योगिक देश मे अपेक्षित अधिकार नहीं मिल पाये हैं।[2] भारतीय परिप्रेक्ष्य मे राष्ट्रीय नेताओं ने राष्ट्र निर्माण मे नारी के योदान को भले ही स्वीकार किया हो, परन्तु जनसामान्य के लिए यह पुस्तकीय वाक्य ही रह गया है। लैंगिक विभेद से सम्बन्धित नारी की जो छवि उभरती है, उसमे पुरुष वर्चस्व की राजनीति, विवाह, पारिवारिक दायित्व और उत्तराधिकार जैसी मौलिक समस्यायें आम बातें हैं। धर्म, परम्परा, नैतिकता और अन्त मे कानून की आड़ मे इसी पुरुष वर्चस्व का विस्तार किया जाता है। इस वर्चस्व से आहत नारी को घर की चाहरदीवारी में अनचाही कैद और क्रमशः आर्थिक, राजनीतिक एवं विधिक अधिकारों से महरूम कर दिया जाता है। इस प्रकार पुरुष वर्चस्व के सहयोग से एक ऐसा पितृसत्तात्मक पारिवारिक–सामाजिक ढाँचा निर्मित होता है, जिसमें नारी जीवन, श्रम, यहाँ तक कि उसकी अपनी कोख तक पर भी कोई अधिकार नही रह जाता है। इस प्रकार जीवन के प्रत्येक क्षण को गिरवी रखकर नारी निजी सम्पत्ति बन जाती है। यह आश्चर्य की बात है कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के अनुसार भारत की 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं रक्ताल्पता से (एनीमिया) पीड़ित हैं। नारी अपनी रचनात्मक शक्ति से परिवार को व्यवस्थित और विकसित तो करती है, परन्तु लैंगिक दृष्टि से परिवार की उपलब्धियों में उसका योगदान और उसकी पहचान कर्मस्थली में ही न के बराबर रहता है। राष्ट्रीय स्तर पर कमोबेश कन्या के जन्म को अभिशाप और पुत्र के जन्म को वरदान माना जाता है। प्राचीनकाल में जहाँ कन्या को जन्म के उपरान्त मार दिया जाता था, वही मानवाधिकार की धज्जियाँ उड़ाते हुए मंच पर 'लेडीज फर्स्ट' और रात भर 'जय माताजी' का उद्घोष करने वाले लोग, कन्या को जन्म के अधिकार से ही वंचित कर रहे हैं। जन्मने वाले परिवार में कन्या की पहचान–उपेक्षा, पराया धन, दान की वस्तु, फलां की बेटी, आधा पेट भोजन, शिक्षा से वंचित, भाई को ज्यादा महत्व, कोई बेटी की कमाई खानी है? आदि सामान्य बाते हैं। यही

United Journal of Awadh Scholars, Vol. 1 (No. 1 & 2), Oct. 2007, 105-110

घरेलू हिंसा-एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण

सुषमा पाठक *

वर्तमान औद्योगिक, नगरीकरण और वैश्वीकरण से प्रभावित जीवन में हिंसा एवं अपराध सार्वभौमिक घटना बन गये है। देश एवं काल मे परिवर्तन के बावजूद महिलाओं के प्रति हिंसक वृत्तियाँ निरन्तर बढ़ रही हैं। भारतीय परिपेक्ष्य में घरेलू हिंसा से संबंधित प्राप्त आंकड़े चिन्तनीय विषय है, क्योंकि महर्षि कृष्ण द्वैपायान व्यास[1] ने परिवार के मूलाधार स्त्री और पुरूष को परस्पर आश्रित मानकर सुझाव दिया था - "भार्या मनुष्य का आधा अंग है, श्रेष्ठ सखी है, धर्म, अर्थ और काम का मूल है।" कदाचित इसी अभिप्राय से मनु[2] ने कहा था कि जहाँ नारी की पूजा (सदव्यवहार) होती है, वहीं देवगण निवास करते हैं, इसकी विपरीत दशा मे कोई भी आयोजन वास्तविक अर्थो में सफल नहीं होता है। इसीलिये सूर्या विवाह सूक्त[3] में स्त्री-पुरूष को पूरक मानते हुये इस प्रकार आशीष देने का उल्लेख हुआ है-

'सम्राज्ञी श्वसुरेभव, सम्राज्ञी श्वश्रूवाभव,
ननान्दरि सम्राज्ञीभव, सम्राज्ञी अधिदेवेषु।

अर्थात- "वधू अपने कर्म से तुम सास-ससुर, ननद और देवरों की रानी बनो और इनके ऊपर प्रभुत्व प्राप्त करो।" परन्तु राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ने 29 राज्यों में समग्र सर्वेक्षण की रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि भारतीय महिलाओं में 37.2 प्रतिशत ऐसा है, जो अपने जीवन में कभी न कभी शारीरिक यौन एवं मानसिक हिंसा का शिकार होता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की वर्तमान रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि 15 से 49 वर्ष वय की भारतीय महिलाओं में अनुमानतः 66% घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं[4]। भ्रष्टाचार, अस्वस्थ चिकित्सालयो एवं उद्योगो के लिए चर्चित उ0प्र0 में घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं का प्रतिशत 42 है। इस प्रकार के आंकड़े वर्तमान में तब तक प्राप्त हो रहे हैं जबकि विश्व स्तर पर महिला सशक्तीकरण का प्रयास किया जा रहा है यथा-संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं को शोषण एवं अत्याचार से मुक्ति हेतु वर्ष 2001 को महिला सशक्तीकरण वर्ष के रूप में मनाने का सुझाव दिया गया, जिसे सदस्य राष्ट्रों ने स्वीकार भी कर लिया। अगर इस प्रयास की पृष्ठभूमि पर विचार करें तो ऐसा प्रतीत होता है कि वर्ष 1975 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया जाना हो या 1995 में विश्व महिला सम्मेलन का आयोजन, महिला अपनी स्थापित मर्यादा और सामाजिक संरचना में प्रस्थिति की दृष्टि से कुछ अपेक्षित अर्जित नहीं कर पा रही है। एक लम्बे अन्तराल तक देश की जनसंख्या का मूलाधार और भारत के कर्णधारों की जननी सरकारी भगीरथ प्रयासों के बावजूद जीवन रक्षा और जीवन यापन के सामान्य संसाधनों/उपायों से वंचित है। हमारे राष्ट्र में जहाँ नारी को अर्धांगिनी, सखा आदि विशेषणों से विभूषित किया जाता है, वहीं घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं का निरन्तर वर्धमान प्रतिशत एक सामाजिक विचलन की ओर संकेत करता है। इस सामाजिक समस्या के निदान हेतु 26 अक्टूबर 2006 को घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम अस्तित्व में आया।

*रीडर, समाजशास्त्र विभाग, राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कालेज, फैजाबाद।

4

Covid-19- The Pandemic & Its Impact on Indian Society :- A Sociological Analysis with special emphasis on school education in the city of Ayodhya

Dr. Sushma Pathak[4] and Priya Singh[5]

Abstract

COVID-19 is an infectious disease caused by a new corona virus called SARS-CoV-2. The World Health Organization declared the novel coronavirus or COVID-19 as global pandemic on March 11 2020. The petrifying and the extreme impact of COVID-19 have shaken the world to its core. Various socio-economic, political, educational and ecological changes have been seen in India and everywhere. On the basis of primary and secondary data the positive and negative impacts along with government efforts and suggestions for combating this deadly virus has been highlighted in this article.

"Pandemic is not a word to use lightly or carelessly. It is a word that, if misused, can cause unreasonable fear, or unjustified acceptance that the fight is over, leading to unnecessary suffering and death."

- Dr. Tedros Adhanom (WHO director general)

According to WHO, Corona virus disease (COVID-19) is an infectious disease caused by a new corona virus called SARS-CoV-2. WHO first learned of this new virus on 31 December 2019. The novel corona virus disease 2019

4. Associate Professor) Raja Mohan Girls P.G. College, Ayodhya
5. Research Scholar, Dr. RML Avadh University, Ayodhya

वैदिक वाङ्मय राष्ट्रीय गौरव से ओत-प्रोत है

डॉ० सुषमा पाठक*

राष्ट्रीयता विशद भाव एक व्यापक शब्द है। इसी की भावभूमि पर किसी राष्ट्र की आधार भूमि निर्मित होती है। राष्ट्र एवं राष्ट्रीयता शब्दों को अभिव्यक्त करने के लिये 'संघटन' के प्रति अनुराग एवं सफल प्रयास आवश्यक है। सहस्रबुद्धे का स्पष्ट विचार है कि धर्म, राष्ट्र एवं वंश की त्रयी समाज को संघटित करती है।[1] इनके मूल में धर्म की भूमिका भारतीय परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

'धर्म एव हतो हन्ति, धर्मो रक्षति रक्षितः'

धर्म आंग्ल भाषा के religion का पर्यायवाची शब्द नहीं है। इसका सामान्य अभिप्राय धार्मिक मान्यता, विहित कर्त्तव्य, जन्मजात विशेषतायें और करणीय कर्त्तव्य माना जाता है। कभी ज्ञान धर्म था और कभी दान। मेरे विचार में धर्म ही वह सार्वभौम तत्व है जो कर्त्तव्य मार्ग पर प्रेरित करने के कारण व्यक्ति और समाज को धारण करता है।[2] धर्म के अर्थ की विषमता के कारण ही पाश्चात्य विचारकों ने हमारी संस्कृति और पूर्वजों पर दोषारोपण किया है तथा डनिंग-आर्यों ने अपनी राजनीति को धार्मिक एवं दार्शनिक वातावरण से मुक्त नहीं रखा।[3] मैक्समूलर[4] - भारतीय राष्ट्रीय भाव से सर्वथा अनभिज्ञ थे और उनका हृदय मातृभूमि की प्रशस्ति में स्पंदित नहीं किया, इसी प्रकार बिलोबी[5] का मत है कि पूर्व के साम्राज्यों में धर्म और कानून इस प्रकार सम्पृक्त थे कि उसमें राजनीति के स्वतंत्र अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त पाश्चात्य दोषारोपण का प्रबल तर्कों के आधार पर खण्डन किया जा चुका है।[6]

ई. एच. कार ने राष्ट्र को ऐसा मानव समूह बताया है जिसमें एक सरकार,

* रीडर, समाजशास्त्र, राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, फैजाबाद, उ.प्र.

सामाजिक समरसता के महानायक-वल्लभभाई पटेल
लौह स्वराज्य

डॉ. सुषमा पाठक

भारतीय राजनीति के शिल्पकार तथा सामाजिक समरसता के आजाद भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री ... गुजरात के खेड़ा जिला स्थित नाडियाद में पोषक लौह पुरुष के रूप लोक प्रसिद्ध है। सरदार पटेल का जन्म ... झवेरभाई तथा माता का नाम लाडबाई था, जो लेवा 31 अक्टूबर 1875 ई. को हुआ था। इनके पिता का नाम ... से सम्बन्धित थे। इस जाति ने 1857 ई. में भारतीय पाटीदार नाम से प्रसिद्ध एक शुद्ध हिंदू किसान जाति ... स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम में प्रमुख रूप से भाग लिया था इनकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा उनके पैतृक गाँव करमसद में हुई। पिता झवेरभाई की छः संतानें थीं (पांच पुत्र तथा एक पुत्री) आठ सदस्यों के पालन-पोषण के लिए सिर्फ 10 एकड़ भूमि इनके पास थी। अतः घर का वातावरण सरलता और गरीबी का था। गाँव की मिट्टी में इनका जन्म हुआ, इसी मिट्टी से ही इनका शरीर धूल-धूसरित हुआ, किन्तु अटूट अध्यवसाय, निरन्तर परिश्रम, अदम्य साहस, पवित्र देशभक्ति का अहर्निश अपने व्यक्तित्व में अविरल प्रवाह, त्याग और कष्ट सहन के बल पर वे भारतीय राजनीति रूपी हिमालय के उत्तुंग शिखर पर समासीन हुए। स्कूल की परीक्षा पास कर, अर्थाभाव के कारण वल्लभभाई कॉलेज और विश्वविद्यालय कक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो सके। अतः तीन वर्षों के बाद उन्होंने मुख्तार-वकील परीक्षा पास कर, वकालत प्रारम्भ कर दी। 1900 ई. में गोधरा में उन्होंने एक छोटा कार्यालय खोल लिया, फौजदारी कानून सम्बन्धी अपनी विशेष योग्यता के कारण वे अपने तत्कालीन वकीलों से वकालत व्यवसाय में काफी आगे निकल गये। अगस्त 1910 ई. में वे इंग्लैंड चले गये और 1913 ई. फरवरी में पूर्ण योग्यता प्राप्त कर बैरिस्टर बन कर, भारत लौटे।

बम्बई के प्रधान न्यायाधीश ने उन्हें न्यायाधीश का पद देने का प्रस्ताव रखा, परन्तु इस पद को अस्वीकार कर अपनी ही वकालत अहमदाबाद में करते रहने का निर्णय किया, फलस्वरूप फौजदारी वकालत खूब चमकने लगी। लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष, माननीय मावलंकर वकील पटेल पर यह सुन्दर टिप्पणी प्रस्तुत की है 'अच्छे सिले कपड़ा में, सिर पर एक विशेष कोण पर रखा फेल्ट हैट, मुख की मुद्रा में कठोर अनुशासन और गम्भीरता लिए, दीप्त, पैनी दृष्टियुक्त आँखें, अल्पभाषी, आगन्तुकों का स्वागत मात्र एक सामान्य अभिवादन से करना, बिना लम्बी बातों में प्रवृत्त हुए, नेत्रों में झलकती गम्भीरता चिन्तनशीलता का परिचय देते हुए, जब कभी भी वे अपनी जबान खोलते, ऐसा लगता था मानों वे अन्यों को हीन मानते हुए, अपनी श्रेष्ठता जतला रहे हों।' यह चित्र था युवक बैरिस्टर का, जो अहमदाबाद में वकालत करने आया था। 1917 ई. में गांधी जी के सम्पर्क में आने के बाद अधिक दिनों तक वे बैरिस्टरी नहीं कर सके और गांधी जी के नेतृत्व में चल रहे असहयोग आन्दोलन में पूर्ण अनुरक्ति से प्रतिभागी बन गये। उनकी अन्तर्निहित प्रतिभा और निर्भीक गुण ही उनमें तेज, ओज, वर्चस् का प्रवाह भरते रहे। उनका एक ही मंत्र था- समरसता अर्थात् 'भारत का निर्माण' विविधताओं से परिपूर्ण था उस भारत राष्ट्र को सप्राण, सशक्त एवं एक सूत्र बनाना, यही उनके जीवन का मूलमंत्र था। 1928 ई. में बारदोली सत्याग्रह का कुशल नेतृत्व कर किसानों के बीच उन्होंने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया। उनके नपे-तुले शब्दों में किसानों को उनके अधिकारों का बोध

एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, राजा मोहन गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या।

मानवाधिकार महिला सशक्तिकरण - दशा एवं दिशा

✦ डॉ. महेन्द्र पाठक
अध्यक्ष, प्रा.इति. संस्कृति एवं पुरा.
का.सु. साकेत पी.जी. कालेज अयोध्या, फैजाबाद
✦ डॉ. सुषमा पाठक
रीडर, समाजशास्त्र
राजा मोहन गर्ल्स पी.जी.कालेज, फैजाबाद

सुन्दर है विहग, सुमन सुन्दर
मानव तुम सबसे सुन्दरतम्।

प्रकृति के अनन्य उपासक सुमित्रा नन्दन पंत की उपर्युक्त पंक्तियों में गम्भीर ध्वन्यार्थ संरक्षित है। विधाता द्वारा सृजित सृष्टि से मानव मात्र इसलिये महान नही है कि वह सोचने और समझने की क्षमता रखता है, अपितु इसलिये है कि उसने अपने मानवीय मूल्यों को युगों के प्रवाह में सुरक्षित रखा है। अपनी नैसर्गिक प्रतिभा को उसने सहजीवी मानव के प्रति सम्मान एवं सहजीवन को बढ़ाने में लगाया है, मानव इसी लिये सुन्दर है। हमारे समाज एवं संस्कृति में कतिपय आहरणीय एवं शाश्वत अधिकारों/कर्त्तव्यों का प्रावधान किया गया है, इन्हें ही मानवाधिकार संज्ञा से अभिहित किया जाता है।[1] तकनीकी दृष्टि से मानवाधिकार वे अधिकार हैं, जिनका मानव मात्र के लिये उपलब्ध होना अपेक्षित है। वस्तुतः सामाजिक जीवन की वहदशा, जिसमें मानव को समाज द्वारा अनुमन्य तथा विधि सम्मत कार्यों को सम्पन्न करने की स्वतंत्रता हो, मानवाधिकार कहलाती है।[2] विश्व के आदिम समाजों में एक पदानुक्रम की व्यवस्था थी। आदिम समाज में 'मानव' को उसके मूल्यों के साथ ही स्वीकार किया जाता था। मानवाधिकार मान के नैसर्गिक अधिकारों से उद्भूत प्रतीत होते हैं। नैसर्गिक याप्राकृतिक अधिकार प्राकृतिक कानून से सम्बंधित हैं, जिसका गंभीर विवेचन एफ. कैस्टिल वर्ग ने नेचुरल राइट्स एण्ड ह्यूमन राइट्स में किया है।[3] हम चाहें वैदिक जनों या प्राचीन 'मय' (मैक्सिको एवं पेरू), सभ्यता का विश्लेषण करें, सर्वत्र मानव को पूर्ण प्रतिष्ठा उपलब्ध कराने के सन्दर्भ प्राप्त होते हैं। अद्यतन बहुप्रचारित मानवाधिकार एक अर्वाचीन अवधारणा है, परन्तु भारतीय परिप्रेक्ष्य में यह पुरातन एवं अपेक्षाकृत अधिक उदात्त है, परन्तु प्रचलित इस रूप में नही रही है। ऋग्वेद में वर्णित 'कृण्वन्तो विश्वंहि आर्यम्' एवं सम्भूय समुत्थान, सह नौ भुनक्तु.....तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित दुख भाग भवेत्।। इसकी पुष्टि करते हैं।

प्रकृति की सम्पूर्ण सृजनात्मकता और अलौकिक चेतना का मूर्त रूप नारी है। जगत में जो कुछ भी दृश्य है, उसे सवांरने और उसकी उपस्थिति को कमनीय, सौन्दर्यपरक और प्राणिहितार्थ बनाने में जो अदृश्य चेतना कार्य करती है, वह नारी चेतना ही है। बैदिक समाज में नारी को पुरुषों के समकक्ष अधिकार प्राप्त थे। कालान्तर में रूग्ण सामाजिक व्यवस्था ने तेजस्विनी नारी की प्रस्थिति और भूमिका को संकुचित और प्रतिबंधित कर दिया। मध्यकाल इस दृष्टिकोण से अंधकारमय काल खण्ड कहा जा सकता है। परन्तु यह आज भी यक्ष प्रश्न है कि विभिन्न युग सन्धियों पर नारी के प्रति समाज का क्या दृष्टिकोण रहा है? यथा – नवजात शिशु के जन्म पर लोकगीत गायन की परम्परा प्रायः समाजों में प्रचलित है, परन्तु ऐसा कोई बिरला ही समाज होगा जिसमें बालिका शिशु के जन्म पर गाया जाने वाला लोकगीत उपलब्ध हो। दादी और नारी का इन लोकगीतों से गहरा सम्बंध है। परन्तु बालिका शिशु के रूप में कभी जन्म लेने वाली दादी/नानी ने भी इस ओर कभी ध्यान नही दिया। पृथ्वी ग्रह पर कृषि की शुरूआत किसी स्त्री ने ही की थी।[6] बच्चे को मनुष्य का पिता कहा जाता है, निश्चय ही नारी ऐसी दशा में मानवता की संरक्षिका है। मानवता के उत्कर्ष की गाथा कहते हम नहीं अघाते हैं, यदि पुरुषों के समान अवसर नारी को प्राप्त हुआ होता तो इतिहास उत्थान-पतन का विवरण नही अपितु उत्थान का आख्यान ही होता। नारी/महिला के जिस वर्ग के उपासना की चर्चा बुद्धिजीवी वर्ग करता है वह आज भी साधन सम्पन्न होने के कारण पूजनीय है। वस्तुतः महिलाओं का एक बड़ा प्रतिशत अभाव और इतिहास के